# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




आज भी एक दर्जन से अधिक जिलों में बारिश का अलर्ट

भोपाल के शाहपुरा का दृश्य

**प्रदेश में** औसतन डेढ़ डिग्री की गिरावट, प्रदेशभर में तापमान औसतन 41 डिग्री दर्ज, गुना में पारा 43.7 डिग्री तक,10 शहरों में 42 डिग्री पर गर्मी

## भोपाल सहित प्रदेश के 18 शहरों में 'अचानक झमाझम'

◆ **बारिश ने कम** की गर्मी, उमस ने किया बेहाल, पारे का यू-टर्न, अभी लू के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश के मौसम में बदलाव जारी है। बुधवार को भोपाल सहित 18 से अधिक शहरों में बारिश के बाद गर्मी में कुछ राहत महसूस की गई। लेकिन उमस बढ़ गई। कई जिलों में दिन का तापमान 42 से 44 डिग्री के करीब पहुंचते ही बारिश के कारण पारे ने यू-टर्न ले लिया। प्रदेश में बारिश, बौछारों के बाद उमस बढ़ने से लोगों को असहजता रही। बारिश, बादल और तेज ▸▸शेष पेज 4 पर



### दोपहर बाद यहां धूलभरी आंधी-बौछारें

बुधवार को दोपहर बाद उज्जैन, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, रायसेन, बड़वानी, खरगोन, भोपाल, खंडवा, बुरहानपुर, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, छतरपुर, जबलपुर, सिवनी, सिंगरौली, मंडला, सतना, अनूपपुर, डिंडौरी, कटनी, रीवा और सीहोर में धूलभरी तेज हवा के साथ बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली है। यहां भी उमस ने लोगों को बेहाल किया। ▸▸पढ़ें पेज 03 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीबीआई ने दो डॉक्टर समेत 9 को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ किया है।



अस्पताल के दो डॉक्टरों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग मरीजों से इलाज के नाम पर रिश्वत वसूल रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाले भी शामिल हैं।

### 30 गांवों की नींद उड़ी कर रहे हैं पहरेदारी

**अल्मोड़ा।** जंगल की आग ने 30 गांवों के ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। आदर्श जंगल के रूप में



पहचाने जाने वाले स्याहीदेवी-शीतलाखेत जंगल के साथ ही अपने खेत-खलिहानों को बचाने के लिए गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा रात-दिन बारी-बारी से जंगल में पहरेदारी कर रहे हैं। खाने-पीने की व्यवस्था भी जंगल में ही हो रही है।

### ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए मांगे थे 2.5 करोड़

**मुंबई।** ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपए



मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। दानवे ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने ने एक चिप के जरिए मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके कथित तौर पर पैसे मांगे थे।

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने फिर 'मुंह' खोला, की नस्लीय टिप्पणी-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं तो दक्षिण के अफ्रीकी

# पित्रोदा ने कांग्रेस को फिर 'पानी' पिलाया

कांग्रेस ने सैम के बयान से फिर किनारा किया, जयराम रमेश ने कहा-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पूरी तरह से इन टिप्पणियों से अलग है



**पीएम मोदी ने कहा**

*मैं बहुत गुस्से में हूं। वे चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे हैं। 'शहजादे' को जवाब देना होगा।*

*मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी।*

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

मणिशंकर अय्यर के बाद माना जा रहा है कि सैम पित्रोदा ऐसे शख्स हैं, जो कांग्रेस की किसी भी बनती संभावनाओं पर पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। विरासत टैक्स के विवादास्पद मुद्दे के बाद फिर सैम ने मुंह खोल दिया है। सैम ने ऐसे वक्त में मुंह खोला है,जब कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि वह उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत में स्कोर कर रही है। इस समय सैम ने कांग्रेस का बैंड बजा दिया है।

ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने भारत की विविधता पर कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। पित्रोदा ने कहा कि भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा अलग-अलग हैं, लेकिन भारत के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। विवाद के बाद खबर आई कि सैम पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

### यह लोग रंगभेदी खेल, खेल रहे हैं

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में यह लोग राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हराना चाहते थे, क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग काला है।' पीएम मोदी ने पूछा, क्या मेरे देश में लोगों की क्षमता त्वचा के रंग के आधार पर तय की जाएगी? 'शहजादे' को त्वचा के रंग के इस खेल की अनुमति किसने दी?'

◆ **मणिपुर** के सीएम एन. बीरेन सिंह बोले- कानूनी कार्रवाई पर विचार करूंगा



### सैम पित्रोदा ने क्या कहा?

1. भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे
2. दक्षिण में लोग अफ्रीकी
3. पश्चिम में लोग अरबी
4. और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं

## सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और भारतीय जैसा ही लगता हूं...

सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा नेताओं ने निशाना साधना भी शुरू कर दिया है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए लिखा कि सैम भाई, मैं उत्तर पूर्व से हूं और मैं भारतीय जैसा ही लगता हूं। हम एक विविधता भरे देश में हैं, अलग दिख सकते हैं, लेकिन हम सब एक हैं। हमारे देश के बारे में थोड़ा तो समझ लो। मणिपुर के सीएम एन. बिरेन सिंह ने कहा कि वे कानूनी कार्रवाई करेंगे।



हिमंता बिस्व सरमा

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के करीमनगर के बाद वारंगल में पित्रोदा के भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से तुलना करने को लेकर राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों को गाली दे रहे हैं। चमड़ी को लेकर देश अपमान सहन नहीं करेगा। शहजादे को इसका जवाब देना होगा। कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस इन टिप्पणियों से खुद को अलग करती है।

**भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा**

## कांग्रेस की सोच साफ है कि भारत को अंदर से तोड़ो... बाहर से जोड़ो

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कह रहे हैं कि राम मंदिर, रामनवमी और भारत के पीएम के राम मंदिर जाने से भारत की विविधता और लोकतंत्र कमजोर हुआ है। मैं ये कहना चाहता हूं कि जो इन विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित हैं, वो ये बात नहीं समझ सकते कि भारत लोकतंत्र की जननी है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये कांग्रेस का नेतृत्व विदेशी मूल का क्यों हो गया, आप सारे भारतीयों का मूल विदेशियों में ढूंढने लगे। अब कांग्रेस ने भारतीयों में भी विदेशी देखने शुरू कर दिए हैं। यह भारत के विचार और भारत की पहचान पर सवाल खड़े करने वालों के बीच की लड़ाई है। यह विदेशी सोच है, जिसे हमारे दिमागों में मुगलों, अंग्रेजों ने भरा। कांग्रेस की सोच साफ है कि भारत को अंदर से तोड़ो, बाहर से जोड़ो।

### शहजादे के चाचा खोल रहे रहस्य

पीएम मोदी ने सैम पित्रोदा के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि मुझे आज पता चला कि 'शहजादे' के एक चाचा अमेरिका में रहते हैं। चाचा उनके दार्शनिक और मार्गदर्शक हैं। शहजादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक चाचा ने एक बड़ा रहस्य खोला है। उन्होंने कहा कि जिनकी त्वचा का रंग काला है, वे सभी अफ्रीका से हैं। मोदी ने कहा कि त्वचा का रंग चाहे जो भी हो, देशवासी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं जिनकी त्वचा का रंग हम सभी की तरह था।

### मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सैम पित्रोदा के बयान पर कहा कि यह हैरान करने वाला और भद्दा बयान है। वह राहुल गांधी के मेंटोर हैं। यह राहुल गांधी की शब्दावली और विचारधारा है। पहले उन्होंने जाति, धर्म और भाषा के आधार पर बांटा और अब भारतीयों को भारतीयों से बांट ▸▸शेष पेज 4 पर

## नरसिंहपुर में सगे भाई-बहन की नर्मदा में डूबने से मौत

सोकलपुर घाट पर लोगों ने तीन बच्चों को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭नरसिंहपुर

नरसिंहपुर में दो सगे भाई-बहन की नर्मदा नदी में डूबने से मौत गई। उनके साथ 3 बच्चे और थे, वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया। घटना सुबह करीब 7 बजे जिले के साईंखेड़ा में नर्मदा नदी के तट पर बने सोकलपुर घाट की है। जानकारी के अनुसार ग्राम खुरसींपार के ग्रामीण वैशाख माह की अमावस्या पर ट्रैक्टर ट्रॉली से सोकलपुर घाट स्नान करने गए थे।



इस दौरान 5 बच्चे घाट पर स्नान करने लगे। पांचों गहरे पानी में चले गए। इसके बाद हर्षिता गुर्जर (12) और हर्षित गुर्जर (10) की डूबने से मौत हो गई। इनके साथ नहा रहे अनु पिता गणेश ▸▸शेष पेज 4 पर

**सरकारी पैनल ने की 65 साल की स्टडी**

## भारत की आबादी में 6 प्रतिशत घट गए हिंदू, मुस्लिमों की बढ़ी संख्या

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

भारत में 1950 से 2015 तक 65 सालों के अंतराल में बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी में 6 पर्सेंट की गिरावट आ गई।

यही नहीं पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे दूसरे देशों की तुलना करें तो वहां बहुसंख्यक मुस्लिमों की



आबादी में हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। स्टडी के अनुसार एक तरफ भारत में हिंदुओं की हिस्सेदारी घट गई है तो वहीं अल्पसंख्यक मुस्लिमों ▸▸शेष पेज 4 पर

**भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए आदेश**

## मुलताई विस के चार मतदान केंद्रों में पुनर्मतदान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र में आने वाले मुलताई के चार मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराने का निर्णय लिया है। एक दिन पहले मतदान के दिन वाहन में आग लगने की वजह से 6 में से चार मतदान केंद्रों का ईवीएम व वीवीपैट मशीनें जलकर खाक हो गई थी। इसकी रिपोर्ट कलेक्टर व

- मतदान के दिन वाहन में आग लगने की वजह से 6 में से चार मतदान केंद्रों की ईवीएम व वीवीपैट मशीनें जलकर खाक हो गई थीं


जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल ने मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी थी। इस रिपोर्ट को चुनाव आयोग के पास भेजा गया था। इसके बाद ▸▸शेष पेज 4 पर

**इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

## मुसलमान 'लिव इन' में रहने का अधिकार नहीं मांग सकता

एजेंसी ⏭इलाहाबाद

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुसलमान समाज को लेकर एक अहम टिप्पणी की है, उस टिप्पणी में कहा गया है कि कोई भी मुस्लिम लिव इन में रहने का अधिकार नहीं मांग सकता।



- कपल ने कोर्ट से सुरक्षा भी मांगी थी

असल में एक मुस्लिम शख्स हिंदू महिला के साथ लिव इन में रह रहा है, लेकिन उसकी शादी एक मुस्लिम महिला से पहले ही हो चुकी थी। एक पांच साल की बेटी भी थी, इसी वजह से अब कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि एक शख्स जो इस्लाम को मानता है, उसके पास लिव इन में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वो अधिकार तब तो बिल्कुल भी नहीं दिया जा सकता अगर उसकी पत्नी पहले से हो। अब जानकारी के लिए बता दें कि जो कपल कोर्ट गया था कुछ महीने पहले भी सुरक्षा को लेकर उसकी तरफ से एक ▸▸शेष पेज 4 पर

**'सुरक्षित टीके' को लेकर उठे थे सवाल**

## एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई

एजेंसी ⏭लंदन

दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर




- भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं

से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी ▸▸शेष पेज 4 पर

**कोर्ट ने लिखित समझौते को माना आधार**

## शादीशुदा व्यक्ति ने लिव-इन पार्टनर से किया दुष्कर्म, बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭इंदौर

इंदौर जिला अदालत ने 34 वर्षीय एक विवाहित व्यक्ति को अपनी लिव-इन पार्टनर के साथ दुष्कर्म करने, गर्भपात के लिए मजबूर करने और जान से मारने की धमकी देने के



- आरोपी ने 200 दिन जेल में भी बिताए

आरोपी को बरी कर दिया है। एक अभियोजन अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस फैसले में, अदालत ने कहा कि एक समझौता था जिसके तहत 29 वर्षीय महिला ने एक ऐसी व्यवस्था के लिए सहमति दी थी जिसमें इस बात पर सहमति जताई थी कि पुरुष सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार ▸▸शेष पेज 4 पर





बड़ी संख्या में कला प्रेमी इस आर्ट वर्क को देखने आए

# 30 सालों के आर्ट वर्क कलेक्शन से सजी गैलेरी

## रुद्राक्ष फेस 2 में मैत्री आर्ट गैलरी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैत्री आर्ट गैलरी अपने आकार में छोटी है, परंतु इसकी स्थापना बड़े उद्देश्यों के लिए की गई। इस आर्ट गैलरी में नामचीन चित्रकारों के काम प्रदर्शित हुए हैं। वे हैं राम कुमार, अकबर पदमसी, केजी सुब्रममनीयन, जेराम पटेल, डीजे जोशी, लक्ष्मण भांड, अमित अंबालाल, हकु शाह, ए रामचन्द्रन , लक्ष्मा गौड़, जोगेन चौधरी, जय झरोटिया, हिम्मत शाह। इन सभी आर्टिस्ट के आर्ट वर्क को कलेक्ट किया आर्टिस्ट रंजीत अरोरा ने। मैत्री आर्ट गैलरी का शुभारंभ बुधवार शाम रुद्राक्ष कॉलोनी में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि रहे प्रसिद्ध साहित्यकार प्रयाग शुक्ल। साथ ही बड़ी संख्या के कला प्रेमी इस आर्ट वर्क को देखने आए।





### 3 पीढ़ियों के आर्टिस्ट की पेंटिंग एक साथ दिखाई देगी


इस आर्ट गैलरी के संचालक रंजीत अरोरा ने कहा कि यह गैलरी मेरे जीवन के 30 वर्षों के कलेक्शन का संकलन है। अब इसमें मध्य प्रदेश के 3 पीढ़ियों के आर्टिस्ट की पेंटिंग एक साथ दिखाई देगी। मैत्री गैलरी नए कलाकारों की कला को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी कला की प्रदर्शनियां आयोजित करता रहेगा। साथ ही कला पर गोष्ठियों तथा कार्यशलायों का आयोजन भी समय समय पर होगा।

हरिभूमि चर्चा

## हिंदी की जगह अंग्रेजी साहित्य में रुचि लेने वाले युवाओं की संख्या बढ़ गई

### भोपाल आए वरिष्ठ साहित्यकार प्रयाग शुक्ल ने हरिभूमि को बताए अपने अनुभव

**भोपाल।** यह भ्रम है कि युवा साहित्य से दूर हो रहे हैं, ऐसा होता तो पुस्तक मेलों में इतने बड़े-बड़े दिग्गज क्यों शामिल होते हैं। क्यों सैकड़ों की संख्या में युवा इन पुस्तक मेलों में भाग लेते। हां यह अलग बात है कि हिंदी की जगह अंग्रेजी साहित्य में रुचि लेने वाले युवाओं की संख्या बढ़ गई है, लेकिन साहित्य की तरफ युवाओं का रुझान बढ़ा ही है। यह कहना है गीतांजलि के साथ कई अन्य बंगला साहित्यकारों की कृतियों का हिंदी में अनुवाद करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार प्रयाग शुक्ल का, जो बुधवार को मैत्री आर्ट एग्जीबिशन के शुभारंभ के लिए आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने साहित्य से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया।



**मलयालम के प्रसिद्ध कथाकार बशीर की रचना का करना है हिंदी अनुवाद**

उन्होंने कहा कि मैंने गीतांजलि सहित बंगाल के अनेकों साहित्य का हिंदी में रूपांतरण किया है, लेकिन अभी भी मेरे जहन में कई ऐसे साहित्यकार हैं, जिसमें मलयालम साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार बशीर हैं और एक बंगाला, लेखिका है जिनके साहित्य को मुझे हिंदी में अनुवाद करना है।

**मेरा जीवन कला को समर्पित**

उन्होंने कहा कि मेरा जीवन कला के प्रति ही समर्पित रहा, मैंने कला के मर्म को जाना और मुझे तो लगता है कि रचना एक प्रकार से समुद्र है। हम जितना गहरा डूबेंगे, डूबते ही जाएंगे। बस उसे कला में स्वयं को समाहित करने की जरूरत है।

**रामकुमार के स्टूडियो से की शुरुआत**

कला की दुनिया से मेरा परिचय रामकुमार और हुसेन इन दो बड़े कलाकारों के माध्यम से हुआ। 1964 में मैं हैदराबाद से दिल्ली आया। तेईस साल उम्र थी। फ्रीलांसर था और रहने का कोई ठौर-ठिकाना नहीं था। रामकुमार जी को पता चला तो उन्होंने कहा कि जब तक कोई प्रबंध न हो, मैं उनके स्टूडियो में रह सकता हूं, जहां वे सुबह नौ बजे के करीब जाते हैं और बारह-एक बजे तक काम करके लौट आते हैं। यह मेरे जीवन की एक बहुत बड़ी घटना थी।

'चाचा विधायक हैं हमारे' वेबसीरीज के 'अनवर' उर्फ व्योम शर्मा से हरिभूमि की खास बातचीत

## क्राइम पेट्रोल में मेरे रोल को देख बेस्ट फ्रेंड की मां बोली-व्योम से दूर ही रहना, न जाने कब क्या कर दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा




मैंने क्राइम पेट्रोल के कई एपिसोड में काम किया है और ज्यादातर में मैं विलन का ही रोल निभाया है तो मेरे किरदार को देखकर मेरे बेस्ट फ्रेंड की मम्मी बोलती थी कि इससे दूर ही रहना, न जाने यह कब क्या कर दे और तब मुझे लगता था कि वाकई में मैंने अपने रोल के साथ जस्टिस किया है, यह कहना है 'चाचा विधायक हैं हमारे' वेब सीरीज में दरोगा अनवर को रोल निभाने वाले भोपाल के एक्टर व्योम शर्मा का। जिन्होंने एक प्रेस वार्ता में हरिभूमि से बातचीत में अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

### आलोक चटर्जी से मैंने बहुत सीखा है

व्योम कहते हैं कि भोपाल में रहकर आलोक चटर्जी सर से मैंने बहुत सीखा है। एक प्रकार से वह मेरे गुरु हैं, क्योंकि उनका पूरा जीवन ही थिएटर को समर्पित रहा है और मैंने यहां एमपीएसडी में भी काफी काम किया है, तो मुझे एक्टिंग का शौक शुरू से ही था। इसके साथ जब मुंबई काम ढूंढने गया तब भी मैंने मुंबई थियेटर में भी काम किया है, क्योंकि थिएटर की दुनिया एक अलग ही दुनिया होती है।

**भोपाली एसेंट पर अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए काफी मेहनत की**

चाचा विधायक है हमारे वेब सीरीज में भोपाली लैंग्वेज में अपने डायलॉग बोलने वाले व्योम का कहना है कि क्योंकि मैं भोपाल से हूं, इसलिए मेरी इस लैंग्वेज पर पकड़ अच्छी है, लेकिन फिर भी मैंने भोपाली एसेंट पर अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए काफी मेहनत की।

**लोग सेल्फी लेने लगे, तो मार्केट से निकलने में लगे कई घंटे**

वहीं एक किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि जब इस वेब सीरीज का पहला सीजन आया था, तब मैं भोपाल में पटाखे लेने मार्केट गया था और मुझे कुछ लोगों ने पहचान लिया और तब मुझे कई घंटे लग गए थे, मार्केट से निकलने में, क्योंकि लोग मेरे साथ सेल्फी खिंचवा रहे थे।

**कॉमेडियन जाकिर जैसे बाहर से दिखते हैं, वैसे ही भीतर से हैं**

उन्होंने कहा कि इस फिल्म में मशहूर कॉमेडियन जाकिर खान भी हैं, जो बेहद ही उम्दा कॉमेडियन हैं। वो जैसे बाहर से दिखते हैं, वैसे ही भीतर से हैं। काफी सेंसिबल है, जितनी अच्छी कॉमेडी करके हंसा सकते हैं, वैसे ही वह रुला भी सकते हैं।

**पुलिस वाले के रोल में वर्दी पहनने पर लगता है कि ख्वाब पूरा हुआ**

उन्होंने कहा कि बचपन में मैं आर्मी में जाना चाहता था और इसके लिए मैंने सैनिक स्कूल का एग्जाम भी दिया, पर मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ, लेकिन आज इस वेब सीरीज में पुलिस वाले के रोल के लिए वर्दी पहनकर वाकई में लगता है कि ख्वाब पूरा हो गया।

हरिभूमि के सीनियर फोटो जर्नलिस्ट राकेश सैनी को होमी ब्यारावाला पुरस्कार

## अपर संचालक जनसंपर्क वाधवा को संतोष कुमार शुक्ल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय प्रदेश के 11 प्रतिभावान पत्रकारों को पुरस्कृत करेगा। वर्ष 2024 के लिए चयन समिति ने सर्वसम्मति से पत्रकारों का चयन किया है।



राकेश सैनी

अपर संचालक जनसंपर्क जीएस वाधवा को संतोष कुमार शुक्ल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा को हुक्मचंद नारद सम्मान तथा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजीव गुप्ता को मीडिया शिक्षा सम्मान प्रदान किया जाएगा। माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने पुरस्कारों की घोषणा की है। इसके तहत वरिष्ठ पत्रकार पल्लवी वाघेला को जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार, रंजना दुबे को झाबरमल्ल शर्मा पुरस्कार, अजीत द्विवेदी को सुरेश खरे पुरस्कार तथा हरिभूमि के फोटो जर्नलिस्ट राकेश सैनी को होमी ब्यारावाला पुरस्कार से विभूषित किया जाएगा।




नीली बरसाती का दुष्यंत सभागार में लोकार्पण

## लघु कलेवर में विराट तेवर की प्रभावी विधा है लघुकथा

**भोपाल।** लघुकथा समकालीन हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण और चर्चित विधा है। लघुकथा में लघु कलेवर में विराट तेवर की बात की जाती है। रेखा सक्सेना की लघुकथाएं अपने कथ्य और शिल्प में प्रभावी हैं। यह उद्गार हैं डॉ.विकास दवे के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि सभागार में रेखा सक्सेना के लघुकथा संग्रह नीली बरसाती के लोकार्पण आयोजन की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर लोकार्पित कृति से रेखा सक्सेना ने, रांग साइड, जरूरतें, वह मंजर, रुद्राक्ष, और नीली बरसाती लघुकथाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने इन लघुकथाओं के लिए वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। सरस्वत अतिथि डॉ.मोहन तिवारी आनंद ने संग्रह की लघुकथाओं को सहज सरल भाषा में प्रभावी लघुकथाएं निरूपित किया।

अभिनय कार्यशाला का समापन

## प्रतिभागियों ने चरित्र निर्माण व चरित्र चित्रण के बारे जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से द राइजिंग सोसाइटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित अभिनय कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने चरित्र निर्माण व चरित्र चित्रण के बारे जाना व उसका प्रेक्टिकल कर कर भी देखा।

कार्यशाला में अभिनेताओं ने अपने-अपने ही द्वारा एक स्थिति का निर्माण कर एक चरित्र का निर्माण किया और उसमें कैसे वो उस स्थिति में रहता है ये सब उसके चरित्र निर्माण पर ही निर्भर है। कार्यशाला में सभी को सीन वर्क पर काम कराया गया, जिसमें सभी ने मिलकर सीन एक्ट करके छोटे-छोटे सीन्स पर एक्ट किया। साथ ही भावों को अलग-अलग परिस्थिति में कैसे दर्शाया जाता है, इस बात पर अभ्यास हुआ। 15 दिन चली इस कार्यशाला में, अभिनय से संबंधित कई दूसरे पहलुओं से भी अभिनेताओं को अवगत कराने का प्रयास किया।



राजधानी

खबर संक्षेप




### बीयू: छात्र की एबीसी आईडी नहीं बनी हो तो आईटी सेल में करें संपर्क

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की स्नातक फाइनल ईयर (एनईपी) की परीक्षाएं 16 मई से शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं को लेकर बीयू रजिस्ट्रार ने बुधवार को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उक्त परीक्षाओं से पहले यदि किसी छात्र की एबीसी आईडी नहीं बनी हो या कोई तकनीकी समस्या आ रही हो तो वह छात्र दो दिन में विश्वविद्यालय के आईटी सेल में संपर्क कर सकता है। यहां ध्यान रहे कि कई कॉलेजों में अभी कुछ ऐसे विद्यार्थी हैं, जिनकी ऑनलाइन के माध्यम से एबीसी आईडी नहीं बन सकी है। इस आईडी के बिना उनकी जानकारी उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विवि को नहीं मिल सकेगी, जिससे परीक्षा कार्य में व्यवधान आ सकता है।

### जून के पहले सप्ताह में हो सकती है 9वीं-11वीं की पूरक परीक्षाएं




**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा 9वीं 11वीं की पूरक परीक्षाओं की तैयारियां शुरू कर दी हैं। दोनों कक्षाओं की पूरक परीक्षा जून के पहले सप्ताह तक आयोजित की जाएंगी। ताकि रिजल्ट 30 जून तक किसी भी स्थिति में घोषित हो जाए। इन विद्यार्थियों की पूरक परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न के आधार पर होंगी। राज्य ओपन बोर्ड द्वारा प्रश्नपत्र भी बोर्ड पैटर्न पर तैयार किए जाएंगे। भाषा विषयों को छोड़कर अन्य सभी प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी में छपेंगे।

भोपाल लोकसभा सीट की आठ विधानसभा क्षेत्र में हुआ 64.06 फीसदी मतदान

# आठ लाख 40 हजार 785 मतदाताओं ने नहीं किया मतदान, घरों से नहीं निकलीं महिलाएं

## 4 लाख 39 हजार 478 महिलाओं ने भी नहीं किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक महीने से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अभियान चलाया गया, लेकिन शहरी क्षेत्र के वोटर्स ने उत्साह नहीं दिखाया, जिसका नतीजा है कि 8 लाख 40 हजार 785 मतदाताओं ने वोट नहीं डाले।

इसमें 4 लाख 1 हजार 184 पुरुष और 4 लाख 39 हजार 478 महिलाओं ने मतदान नहीं किया। जबकि भोपाल जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा शामिल है। इसके साथ सीहोर जिले की सीहोर विधानसभा भी भोपाल लोकसभा सीट में शामिल है, जिससे इस सीट के कुल मतदाताओं की संख्या 23 लाख 39 हजार 411 है।

भोपाल लोकसभा सीट पर कुल 64.06 फीसदी मतदान हुआ है। दक्षिण-पश्चिम और मध्य में सबसे कम मतदान हुआ है, जबकि विधानसभा चुनाव में दक्षिण पश्चिम में तीन और मध्य में चार फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

### इस चुनाव में यह रही स्थिति

| विस | पुरुष | महिला | मतदान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| बैरसिया | 100656 | 82946 | 183604 | 73.11 |
| उत्तर | 85799 | 76705 | 162508 | 65.55 |
| नरेला | 114365 | 99408 | 213774 | 60.08 |
| दक्षिण-पश्चिम | 69730 | 62484 | 132215 | 56.33 |
| मध्य | 74200 | 65618 | 139857 | 56.43 |
| गोविंदपुरा | 130861 | 115282 | 246145 | 61.39 |
| हुजूर | 133536 | 117565 | 251102 | 65.86 |
| सीहोर | 90318 | 79099 | 169421 | 75.63 |
| कुल | 799465 | 699102 | 1498626 | 64.06 |

नोट - 177 में से 54 थर्ड जेंडर ने भी वोट डाले है।

मप्र में तीसरे चरण की 9 लोकसभा क्षेत्रों का फाइनल आंकड़ा जारी

## मुरैना और भोपाल को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले अधिक मतदान हुआ

चुनाव आयोग ने मंगलवार को देर रात तीसरे चरण की 9 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की अंतिम सूची जारी कर दी। सबसे अधिक 76.04 फीसदी मतदान राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में हुआ है। वर्ष 2019 के मतदान से करीब 2 फीसदी अधिक है, जबकि सबसे कम मतदान भिंड में 54.93 फीसदी हुआ है। यह वर्ष 2019 के मतदान से करीब आधा फीसदी अधिक है। इस बार के मतदान में कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड बना है। मुरैना व भोपाल को छोड़कर बाकी सभी 8 लोकसभा क्षेत्रों में 2019 के मुकाबले अधिक मतदान हुआ है। आयोग से जारी अंतिम सूची के मुताबिक मुरैना में 58.97 फीसदी मतदान हुआ। 2019 में 61.89 फीसदी मतदान हुआ था। इसके मुकाबले करीब दो फीसदी कम मतदान हुआ है। भिंड में 54.93 फीसदी मतदान हुआ, 2019 में 54.42 फीसदी हुआ था। ग्वालियर में 62.13 फीसदी मतदान हुआ, 2019 में 59.78 फीसदी हुआ था। गुना में 72.43 फीसदी मतदान हुआ, जबकि 2019 के मुकाबले करीब 2 फीसदी कम 70.32 फीसदी मतदान हुआ है। सागर में 65.75 फीसदी मतदान हुआ, 2019 में 65.51 फीसदी हुआ। विदिशा में 74.48 फीसदी मतदान हुआ, 2019 में करीब 3 फीसदी कम 71.79 हुआ था। भोपाल में 64.06 फीसदी मतदान हुआ, 2019 में 65.70 फीसदी हुआ था। राजगढ़ में 76.04 फीसदी मत पड़े, जबकि 2019 में 74.39 फीसदी वोट पड़े थे। बैतूल में 73.48 फीसदी मतदान पहुंचे, जबकि 2019 में 78.15 फीसदी मतदान हुआ है।

अक्षय तृतीया पर गुफा मंदिर में होगा आयोजन

## संपूर्ण सृष्टि के लिए संदेश है भगवान परशुराम का प्राकट्य

### सकल हिंदू समाज करेगा कलश यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

10 मई को वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस है। उनका अवतार संपूर्ण सृष्टि के लिए अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश है। भगवान परशुराम का शौर्य और पराक्रम सत्य और सनातन की रक्षा के लिए है।

शास्त्रों के अनुसार वे भगवान विष्णु के छठे अवतार है। अक्षय तृतीया पर अवतरित होने से उनके शस्त्र परशु की शक्ति भी अक्षय है। इस बार 10 मई को अक्षय तृतीया है। ब्राह्मण समाज राजधानी के गुफा मंदिर में भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस भव्य रूप में मनाने जा रहा है। विष्णु राजोरिया, राकेश चतुर्वेदी, रामबाबू शर्मा ने बताया कि यह आयोजन से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 1100 महिलाएं सिर पर कलश रखकर चलेंगी। कलश यात्रा प्रातः 7 बजे लालघाटी स्थित देवी जी के मंदिर से प्रारंभ होकर गुफा मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान संपूर्ण हिंदू समाज व संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा। वहीं गुफा मंदिर के महंत पं. रामप्रवेश दास के सानिध्य में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंदिर में विराजे भगवान परशुराम का अभिषेक, पूजन अर्चन किया जाएगा। 1100 दीपों से महाआरती होगी। तत्पश्चात प्रसाद और महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा।



मप्र मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

## मरीजों को मिलने वाली दवाएं रखे-रखे कर दी एक्सपायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के भोपाल जिले के आठ मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला राजधानी के जयप्रकाश जिला अस्पताल में दवाइयां मरीजों को नहीं मिलने और एक्सपायर होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सक शिक्षा म.प्र. शासन संचालनालय भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि जेपी अस्पताल में जो दवाएं मरीजों तक पहुंचनी थी, उन्हें रखे-रखे एक्सपायर कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा गुपचुप तरीके से इन एक्सपायर हुई दवाइयों को नष्ट करने की भी तैयार चल रही है। ताकि किसी को इसकी जानकारी ना पता चल जाए।

### इनमें भी लिया संज्ञान

आयोग ने गुलमोहर स्थित श्वेता कॉम्प्लेक्स के पास सहकार नगर कॉलोनी से लगे पार्क पर अवैध कब्जा कर पार्क में पक्का निर्माण करने, शाहपुरा के शैतान सिंह मार्केट चैराहे के पास नगर निगम की शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध डेरी संचालित करने, कोहेफिजा क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन के स्वीमिंग पूल में डूबने से एक चार साल के बच्चे की मृत्यु होने, रातीबड़ स्थित राधारमण आयुर्वेद कॉलेज में छात्रों द्वारा दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ होने सहित अन्य मामलों में संज्ञान लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा है।

हज कमेटी के दफ्तर में लगा कैंप

## हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए वैक्सीनेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंगारचोली स्थित हज कमेटी के दफ्तर में बुधवार से हज का टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। इसके लिए विभाग द्वारा चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। यह चिकित्सकीय दल 13 मई तक सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड स्थित मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी हज हाउस में हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण करेगा। 13 मई के बाद टीकाकरण से वंचित हज यात्रियों के लिए जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में टीका लगवाने की व्यवस्था की गई है। हज यात्रियों को मेनेनजाइटिस और पोलियो के टीके लगाए जा रहे हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था करते हुए वयस्क बीसीजी टीकाकरण, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं अन्य नियमित टीकाकरण भी किया जा रहा है।



## विविध कलानुशासनों से भगवान परशुराम का दिखेगा जीवन दर्शन

### परशुराम प्रकटोत्सव 10-11 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन-इंदौर एवं परशुराम मंदिर समिति, जानापाव के सहयोग से परशुराम जयंती के अवसर पर 'परशुराम प्रकटोत्सव' का आयोजन भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव (महू) में 10-11 मई को होगा। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि जानापाव भगवान परशुराम की पवित्र स्थली है और श्रद्धालुओं की इस स्थान से गहरी आस्था जुड़ी हुई है। इसी बात को केंद्र में रखते हुए संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि विविध कलानुशासनों के माध्यम से भगवान परशुराम का जीवन दर्शन हो सके।

**मालवी लोकगायन होगा**

उन्होंने बताया कि 10 मई को सायं 7 बजे से सर्वप्रथम मालवी लोकगायन होगा, जिसे सुश्री हीरामणि वर्मा एवं साथी, उज्जैन द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद परशुराम नृत्य-नाटिका का मंचन होगा। इसे श्री रंगरेज कला संस्कार समिति, उज्जैन द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 11 मई को श्री महेश कुलश्रेष्ठ एवं साथी, आगर-मालवा का मालवी लोकगायन होगा। इसके बाद आकृति मेहरा एवं साथी, भोपाल का भक्ति गायन होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क होगा।


भोपाल
गुरुवार, 9 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 11, अंक : 45
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11
आज 'जीत का चौका' मारने उतरेगी ...



विचार पेज
06 मतदान और बढ़ाने की जरूरत



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर रतलाम, उज्जैन और देवास की चुनावी सभाओं में कहा

# कांग्रेस ने पहले भगवान सोमनाथ और अब श्रीराम से दुश्मनी निभाई

सोमनाथ में भगवान शिव के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय जब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जवाहर लाल नेहरू को निमंत्रण दिया, तो उन्होंने अस्वीकार कर दिया था।

## जो गरीबों का अपमान करे, ऐसे लोगों को सरकार में नहीं रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गरीबी समाप्त करने के राहुल गांधी के बयान पर उन्हें फिर घेरा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि हमारी सरकार आएगी तो गरीबी मिटाएंगे।

पर यह नहीं सोचते कि इतने सालों तक आपकी सरकार को ही मौका मिला। मनमोहन सिंह की सरकार में सोनिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस में ऊपर से लेकर नीचे तक कोई कानून नहीं मानता



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो गरीबों का अपमान करे, ऐसे लोगों को सरकार में नहीं रहना चाहिए। एक कलेक्टर साहब ने एक ड्राइवर की औकात पूछी तो हमने उनको घर भेज दिया। उन्होंने कहा कि खुले में मांस मटन नहीं बिकने देंगे। यह निर्णय लागू कराया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इमरती देवी के विवादित टिप्पणी को लेकर डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस की ये गलत दृष्टि है। इसको जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह ईमानदारी व बेईमानी के बीच का चुनाव

*यादव ने कहा कि यह ईमानदारी और बेईमानी के बीच का चुनाव है। गरीबों का राशन खाने वाली सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार और महाराष्ट्र वाले नेता सब जमानत पर हैं। डॉ. यादव ने कहा कि जैसे बटन दबाने से बल्ब जलता है। वैसे ही ईवीएम का बटन दबाने से देश की सरकार बनेगी। इस मौके पर पेटलावद पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने मालवा संत कमल किशोर नागर महाराज* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्मियों के घर पर चला दिया बुलडोजर




**शहडोल।** शहडोल में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपियों के घरों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद था। इससे पहले पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। सभी आरोपी कल्याणपुर वार्ड के रहने वाले हैं। लल्लू गुप्ता, मो. समीम साहिल कुरैशी, कैलाश उर्फ मन्नू पनिका व मो. अफजल अंसारी पर दुष्कर्म का आरोप है।

### पाक में बैठे आतंकी आकाओं की संपति कुर्क



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे सात और आतंकी आकाओं की लाखों रुपए की संपत्तियां बारामुला में कुर्क की। इससे पहले 8 आतंकी संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि, बारामुला में अदालत द्वारा पारित आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान में बैठे आतंकी आकाओं की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई। इन पहचान शब्बीर, गुलाम, गुलाम नबी शेख,शरीफ उददीन,गुल्ला शेख, मोहम्मद रफीक, अब्दुल के रूप में की।

### विधायकों का इस्तीफा मंजूर करने से इनकार



**शिमला।** हिमाचल के तीन निर्दलीय विधायकों को फिलहाल हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। इनकी याचिका पर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने बुधवार को अपना फैसला सुना दिया है। निर्दलियों विधायकों की उस अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज किया, जिसमें कोर्ट द्वारा ही इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया था। कहा कि कोर्ट ने याचिका को स्वीकार नहीं किया। कहा विधानसभा अध्यक्ष का क्षेत्राधिकार है।

### 10 मई तक लौट आएंगे सभी सैन्यकर्मी



**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जु कार्यालय की प्रवक्ता हीना वलीद ने बताया कि मालदीव में दो प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद 51 भारतीय सैनिक भारत लौट गए हैं। बाकी सैन्यकर्मी भी 10 मई तक भारत लौट जाएंगे। हालांकि उन्होंने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों की सही संख्या का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मालदीव में दो हेलीकॉप्टर्स और एक डॉर्नियर विमान के संचलान के लिए 88 भारतीय सैनिक तैनात थे।

## अचानक बीमार होने की सूचना दी और अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए, नागर विमानन मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

# एयर इंडिया के 300 क्रू मेंबर सिक लीव पर, 80 से अधिक उड़ानें रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के लगभग 300 सीनियर केबिन क्रू सदस्यों ने आखिरी वक्त पर बीमार होने की सूचना दी और अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए। अब उनसे कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा है।

कैप्टन और क्रू स्टाफ की कमी के चलते एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी। नागर विमानन मंत्रालय ने इसकी रिपोर्ट मांगी है। गौर हो कि एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर इंडिया एशिया और विस्तारा सभी टाटा ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं। इस वजह से नौकरी की शर्तें भी बदल गई हैं। इसमें मेरिट सिस्टम लाए जाने के साथ-साथ कई अन्य शर्तें भी लाई गई हैं, जिन्हें ▶▶ शेष पेज 4 पर

एयर इंडिया एक्सप्रेस एयर इंडिया एशिया और विस्तारा सभी टाटा ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं



> कई यात्रियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उड़ानें अचानक रद्द होने की शिकायत की। कई यात्रियों का कहना है कि एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि फ्लाइटें कैंसिल हो गई हैं

**एयर इंडिया के अधिग्रहण के कुछ दिन बाद ही कई स्टाफ को उनका बेहतरीन रिकॉर्ड होने के बावजूद नौकरी से निकाल दिया गया**

**जबकि अधिग्रहण पर आश्वासन दिया था कि 2 साल तक किसी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा**

### डीजीसीए के अधिकारी नजर बनाए हुए

नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से 80 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करने के मामले में रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से इस मामले का समाधान करने को भी कहा है। इसके साथ ही एयरलाइन को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशों के मुताबिक यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। इस मामले में डीजीसीए के अधिकारी नजर बनाए हुए है। दरअसल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संघ ने दी थी चेतावनी
### मैनेजमेंट ठीक नहीं, एक साथ जा सकते हैं छुट्टी पर

एयर इंडिया एक्सप्रेस के स्टाफ के संगठन 'एयर इंडिया एक्सप्रेस एम्प्लॉइज यूनियन' ने पिछले महीने कंपनी के मैनेजमेंट को एक चिट्ठी लिखकर अपनी मांगों और समस्याओं को सामने रखा था। ये यूनियन भारतीय मजदूर संघ से जुड़ा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ लगभग 300 क्रू सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती है। उसमें मुख्य रूप से अधिकतर सीनियर स्टाफ हैं। उन्होंने कथित तौर पर आरोप लगाया था कि मैनेजमेंट सही न होने के कारण स्टाफ के मनोबल पर असर पड़ा है। पिछले महीने के ▶▶ शेष पेज 4 पर

ये रहीं वजह

### टाटा ग्रुप की ओर से जॉब की नई शर्तें कर रहीं परेशान

टाटा ग्रुप की ओर से जॉब की नई शर्तें भी कहीं न कहीं इसकी वजह हैं। अप्रैल में टाटा ग्रुप के चेयरमैन को एयर इंडिया की ओर से एक लेटर लिखा गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अधिग्रहण के बाद कम हो गई सैलरी

लेटर के मुताबिक, एयर इंडिया एक्सप्रेस के स्टाफ ने हाउस रेंट अलाउंस, ट्रैवल अलाउंस, डीयरनेस (महंगाई) अलाउंस जैसे जरूरी भत्तों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई है। ये सब उन्हें पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर

## टोंकखुर्द के माधवपुर खेड़ा गांव में बीमारी फैली



# दो बच्चियों की मौत, अब तक 150 की जांच, भोपाल-इंदौर से जांच दल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/देवास

इन दिनों एक अनजान बीमारी के चलते दो बच्चियों की मौत होने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इंदौर भोपाल से जांच दल पहुंचे हैं। दोनों मृतक बच्चियां टोंकखुर्द की रहने वाली हैं। बीते दो दिनों में संबंधित क्षेत्र व आसपास के डेढ़ सौ लोगों की जांच की गई है।

जिसमें सिर्फ 10-12 मरीजों की डेंगू, टाइफाइड की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा करीब आधा दर्जन मरीजों में पेट संबंधित बीमारी देखी गई। राजधानी से डॉक्टरों की टीम संबंधित क्षेत्र में मामले की पड़ताल में लगी हुई है। बता दें अब तक यहां 70 से ज्यादा ग्रामीण देवास जिला अस्पताल समेत आसपास के अन्य अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर

विशेषज्ञों ने वेस्ट नील वायरस होने की जताई संभावना

### घर-घर से लार्वा सैंपल लिए गए

वहीं, संभाग एंटोमोलॉजिस्ट इंदौर और भोपाल से स्टेट की टीम के एपीडमोलॉजिस्ट डॉ. सरवैया और डॉ. शैलेंद्र सिंह ने 150 से अधिक घरों में जाकर लार्वा के सैंपल कलेक्ट किए। जिसमे कई जगह लार्वा के सैंपल पॉजिटिव पाए गए। डॉ. एसी शर्मा ने बताया की पानी मे एडीज का लार्वा मिला है, और उनको नष्ट करने के तरीके ग्रामीणों को बताए जा रहे हैं। और हमारा मुख्य उद्देश्य हैं कि बीमारी आगे बढ़े न । जन जागरूकता की जा रही हैं। 10 से 12 घरों के सैंपल में 4 घरों में लार्वा पाया गया हैं। लार्वा सर्वे अभी सतत जारी रहेगा।




अधिकृत डीलरः भोपाल: साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), अधिकृत ए.एस.सी: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 7428092493, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइजेस 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379

# देवास में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी शहर से दूर, ग्रामीण क्षेत्र में झोंक रखी ताकत

बनते-बिगड़ते समीकरण

## कांग्रेस के लिए गुर्जरों को साधने आए सचिन पायलट

## पूर्व विधायक कुणाल, विपिन ने क्षेत्र में दिया कम समय

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मालवा अंचल की देवास लोकसभा सीट में भाजपा के महेंद्र सिंह सोलंकी और कांग्रेस के राजेंद्र मालवीय के बीच मुकाबला हो रहा है। दोनों बलाई समाज से हैं। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी शहरी क्षेत्रों में कम ध्यान दे रहे हैं। दोनों का फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है। कांग्रेस के मालवीय तो प्रचार के लिए देवास शहर में आए ही नहीं। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी प्रचार करते नजर नहीं आए। भाजपा की ओर से नेता और कार्यकर्ता तो घूम रहे हैं लेकिन प्रत्याशी सोलंकी उनके साथ दिखाई नहीं पड़ते। इनका फोकस भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही ज्यादा है। बताते हैं कि भाजपा ने मान लिया है कि शहर का वोट तो उसका ही है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में फोकस है। दूसरी तरफ कांग्रेस शहरों में इसलिए ध्यान नहीं दे रही क्योंकि यहां से उसे ज्यादा उम्मीद नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस का फोकस मुस्लिम और बलाई समाज पर ज्यादा है। इनसे पार्टी को ज्यादा उम्मीद है।

### प्रचार के लिए नहीं आया भाजपा का कोई बड़ा

### देवास से परहेज कर रहे दोनों दलों के बड़े नेता





देवास सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इस लिहाज से प्रचार अभियान अंतिम चरण में है। बावजूद इसके भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने देवास क्षेत्र से दूरी बना कर रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा का एक भी नेता अब तक देवास में सभा लेने या रोड शो करने नहीं आया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज ही एक दौरा कर गए हैं। कांग्रेस के भी शीर्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे में से कोई नहीं आया। एक दिन सचिन पायलट जरूर आए और सोनकच्छ में सभा ले कर चले गए। पायलट को गुर्जर समाज के मतदाताओं को साधने के लिए बुलाया गया था।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी और वानखेड़े ने क्षेत्र में दिया कम समय

*कांग्रेस के दो पूर्व विधायक कुणाल चौधरी और विपिन वानखेड़े की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन इन्होंने देवास के अपने विधानसभा क्षेत्रों में वैसा समय नहीं दिया जैसा देना चाहिए। इनकी रुचि प्रदेश का दौरा करने में ज्यादा रही। जबकि लोकसभा चुनाव में अपने विधान सभा क्षेत्रों में जीत दिला कर ये ताकत का अहसास करा सकते थे। जबकि कुणाल युकां और वानखेड़े भाराछासं के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जरूर अपनी पूरी टीम के साथ प्रचार में जुटे हैं। हालांकि उनकी स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ ज्यादा पटरी नहीं बैठती। दूसरी तरफ भाजपा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी से विकास को लेकर नाराजगी है। उन्होंने देवास क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के लिए देवास के लोगों को इंदौर की ओर देखना पड़ता है। एयरपोर्ट भी इंदौर में ही है। बावजूद इसके चूंकि सोलंकी अपनी छवि कट्टर हिंदू नेता की बना कर रखते हैं। मुस्लिमों को अपने मंच तक में पसंद नहीं करते। मुस्लिम पत्रकारों को भी इंटरटेन नहीं करते। इस कारण भाजपा का हर नेता और कार्यकर्ता उनका काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद तो लोग हैं ही।*

### ब्राह्मणों का झुकाव भाजपा की ओर

देवास लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली सभी 8 सीटों में भाजपा का कब्जा है। देवास सीट तीन जिलों को छूती है। ये जिले देवास के अलावा शाजापुर और सीहोर हैं। शाजापुर जिले की सबसे ज्यादा 4 विधानसभा सीटें आगर, शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल देवास क्षेत्र में हैं। सीहोर जिले की एक सीट आष्टा इसमें शामिल है। इसके अलावा देवास जिले की तीन विधानसभा सीटें सोनकच्छ, हाटपिपल्या और देवास इस लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। जहां तक सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो आमतौर पर यहां भाजपा ही जीतती है। इससे क्षेत्र में भाजपा के दबदबे का पता चलता है। 2009 में एक ही बार कांग्रेस के सज्जन वर्मा जीते हैं, वर्ना लगातार भाजपा का कब्जा है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता बलाई समाज के हैं। इसे ध्यान में रखकर ही भाजपा-कांग्रेस ने इसी समाज के प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। दूसरे नंबर पर खाती और तीसरे नंबर पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या बताई गई है। ब्राह्मणों का झुकाव भाजपा की ओर है, जबकि खाती समाज बंटा नजर आ रहा है।

### इंदौर की तुलना में देवास की उपेक्षा बना मुद्दा

*प्रारंभ से देवास में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। अयोध्या में राम मंदिर का प्रचार हो रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्य गिनाए जा रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार कर रही है। कांग्रेस बता रही है कि विकास के मामले में इंदौर और दूसरे शहरों की तुलना में किस तरह देवास को उपेक्षित कर रखा गया है। हालांकि अब प्रचार अभियान पटरी से उतरता नजर आ रहा है। एक-दूसरे पर स्तरहीन और बे-सिर-पैर के आरोप लगाए जा रहे हैं। भाजपा- कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता ऐसे आरोप लगा रहे हैं, जो लोगों के सिर के ऊपर से निकल रहे हैं। नेताओं के इस रवैए के कारण युवाओं और महिलाओं ने मतदान के प्रति बेरुखी दिखाई थी। देवास में भाजपा प्रत्याशी सोलंकी की कट्टर हिंदू नेता की छवि के कारण हिंदू-मुस्लिम के बीच ध्रुवीकरण के हालात बन रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ाः डॉ. महेन्द्र

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बुधवार को मंदसौर व नीमच जिले के जनप्रतिनिधियों की बैठक की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षा में जन हितैषी योजनाओं से सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा है और सरकार के पक्ष में देश में ऐतिहासिक वातावरण बना है। जनता के इस विश्वास को पोलिंग बूथ तक ले जाकर मत के रूप में परिवर्तित करवाना ही हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

### भाजपा ने महिलाओं को सशक्त कियाः अलका

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बुधवार को रतलाम लोकसभा क्षेत्र के सैलाना स्थित ओसीन परिसर में महिला सम्मेलन को संबोधित किया। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक कार्य किए हैं। घर-घर में नल का कनेक्शन और मुद्रा लोन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य कर रहे हैं।

### सीएम आज खंडवा और देवास प्रवास पर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को खण्डवा, खरगौन, देवास प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 10:40 बजे खण्डवा लोकसभा क्षेत्र के भीकनगांव विधानसभा के हेलापड़ाव में जनसभा, दोपहर 12:15 बजे खरगौन लोकसभा क्षेत्र के पानसेमल विधानसभा के निवाली में जनसभा, दोपहर 1:45 बजे बड़वानी विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ. यादव का स्वागत कार्यक्रम दोपहर 3 बजे खण्डवा लोकसभा क्षेत्र के बागली से देवास कुल 61 कि.मी. तक आयोजित किया जाएगा।

## शर्मा ने नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा में किया कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित

# जनता की संपत्ति पर कांग्रेस को डालने नहीं दिया जाएगा डाका

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस के घोषणा-पत्र में विरासत टैक्स*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा जिले के खंडवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आज किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की पूरी राशि हितग्राहियों के खातों में आती है, एक रुपया भी दलालों या बिचैलियों के पास नहीं जाता।

देश में कहीं आतंकवादी घटनाएं नहीं होतीं और सारी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस को देश की जनता की संपत्ति पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। देश को आतंकवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है।




### कांग्रेस भी मान रही है भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिल रहा

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी कह रहे हैं कि चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। इसका मतलब पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस भी मान रही है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में विरासत टैक्स है, वहीं हमारे संकल्प-पत्र में गरीबों का कल्याण, देश का विकास, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण का पूरा खाका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देशभर के लोगों में अटूट विश्वास है।*

### देश को तोड़ने और बदनाम करने वाली ताकतों से सावधान रहें

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश को तोड़ने और बदनाम करने वाली ताकतों से सावधान रहें। इस चुनाव में ऐसी ताकतें भी सक्रिय हैं, जो देश को तोड़ना चाहती हैं, बदनाम करना चाहती हैं, तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहती हैं। कांग्रेस अंग्रेजों की मानसिकता को भारत में ला रही है और कह रही है कि पुरखों की संपत्ति, दादी-नानी के गहनों में से सिर्फ 25 प्रतिशत आपका, बाकी सरकार का। क्या हमारी माता-बहनें अपने गहनों पर डाका डालने देंगी? कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है। कांग्रेस ने कई जगहों से मैदान छोड़ दिया है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के कारण रोज खत्म हो रही है।*

### कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष खण्डवा में कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष इन्दू पंवार, सुमिन्दर सिंह होरा, चरणजीत सिंह, सिमरत सिंह बग्गा एवं नेपानगर में सम्मेलन के दौरान कांग्रेस के नेपानगर के पूर्व नगर अध्यक्ष हेमन्त सिद्धवानी, महिला मंगला पाटील, एड. सुनिल सोनवने, दरयाव पटेल, इमरीक साइमन सहित 30 अधिक कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।*

### धूनी वाले दादा की पूजा-अर्चना की

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को खंडवा में धूनी वाले दादा धाम पहुंचकर पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा भी साथ रहे।*

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इंदौर में पत्रकार वार्ता को किया संबोधित**

### कांग्रेस रसातल की ओर जा रही है और जीतू समापन की ओर बढ़ रहे

कांग्रेस रसातल की ओर जा रही है और मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस के समापन की ओर बढ़ रहे हैं। जीतू पटवारी ने नोटा को वोट देने की अपील करके यह स्वीकार कर लिया है कि मध्यप्रदेश सहित देशभर की जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह से उठ चुका है। मध्यप्रदेश और देश की जनता अब कांग्रेस पार्टी को वोट नहीं देने वाली, इसलिए वे नोटा का बटन दबाने की बात कह रहे हैं। यह बात बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इंदौर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि खजुराहो और इंदौर सहित देश की कई सीटों पर अपने प्रत्याशी तक खड़ा नहीं कर पाने वाली कांग्रेस पार्टी समाप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। जीतू पटवारी का बयान मध्यप्रदेश की साढे 8 करोड़ की जनता का अपमान है।

### पित्रोदा का बयान भारत की एकता, अखंडता व संप्रभुता पर हमला

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मप्र सहित देश के कांग्रेस नेतृत्व में घोर निराशा व हताशा का माहौल बना हुआ है। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा जो बयान दे रहे हैं, वह भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर हमला है। मध्यप्रदेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इंदौर में नोटा को वोट देने की अपील कर भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते है।*

### कांग्रेस का सिक्का खोटा

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने क्रियाकलापों के कारण देश में समाप्त हो रही है। नोटा को वोट देने की अपील लोकतंत्र को कमजोर करना है। कांग्रेस का सिक्का खोटा है, कांग्रेस उम्मीदवार नहीं दे पाई, इसलिए वह नोटा को मतदान करने की अपील कर रही है।

**पटवारी के बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी का पलटवार**

# गुण अपने गुरु से ही आते हैं और जीतू पटवारी के गुरु ठहरे राहुल गांधीः आशीष

**मध्यप्रदेश के गौरवशाली, समृद्धशाली शहरों के नाम बदनाम करने का कुत्सित प्रयास कर रहे कांग्रेस के नेता, अव्यवहारिक नाम भी दे रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने पलटवार किया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि गुण अपने गुरू से ही आते हैं और जीतू पटवारी के गुरू ठहरे राहुल गांधी। जो देश के 140 करोड़ लोगों को रंगभेद के आधार पर बदमान कर गाली दे रहे हैं। राहुल के पदचिन्हों पर चलते हुए महान सांस्कृतिक धरोहर और गौरवशाली इतिहास से सजे मध्यप्रदेश को जीतू अव्यवाहरिक नाम देकर, बदनाम कर मध्यप्रदेश की लगभग 8 करोड़ जनता को भी अपमानित कर रहे है। जबलपुर, जो वीरांगना दुर्गावती की ससुराल, कवियों की कर्मभूमि है, जिसे संस्कारधानी कहा जाता है उसे आप गुंडा माफिया कह अपमानित कर रहे हैं। उज्जैन, बाबा महाकाल जहां के मालिक हैं उस लोक को आप जमीन माफिया कहकर तिरस्कृत कर रहे हैं। पाण्डव के वनवास स्थान, कोयला की उपलब्धता के लिए ख्यात शहडोल को खनन माफिया क्षेत्र बता रहे हैं। खजुराहो हिन्दू और जैन धर्म के स्मारकों के समूह सांस्कृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है, जहां की सरकार स्वयं भगवान मतंगेश्वर है वहां की कुर्सी माफिया कहते जीतू पटवारी को शर्म नहीं आई।

### कांग्रेस ने एक बार फिर से अपने लिए गड्ढा खोदा

आशीष अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के काले कारनामे तो पहले ही प्रसिद्ध थे अब अपने प्रदेश को लेकर उनके नेताओं की घृणित सोच भी सामने आ रही है। मध्यप्रदेश का हर नगर, हर शहर अपने अतीत के गौरव को समेटे हुए है। आप हमारे गौरवशाली, समृद्धशाली शहरों के नाम बदनाम करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। जनता कांग्रेस के ऐसे कृत्यों के कारण वोट की चोट देकर आपको आईना दिखा चुकी है। बची खुची कांग्रेस पटवारी के रहते निपट रही है। सैम पित्रोदा के बयान पर अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी के राजनीतिक गुरु सैम पित्रोदा पहले विरासत टैक्स और भारत की संस्कृति और सनातन धर्म पर सवाल उठा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि राम मंदिर और पीएम मोदी के बार-बार मंदिर जाने से आईडिया ऑफ इंडिया चैलेंज हो रहा है।

### जीतू को माफिया नजर आ रहा है इंदौर

प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि इंदौर मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी को राजनैतिक माफिया नजर आ रही है। मां अहिल्या की नगरी में उनकी राजनैतिक दुकान बंद हो गई। अपने घर में ही कांग्रेस का कैंडिडेट खड़ा नहीं रख पाए, उसे राजनीतिक माफिया बताते हुए आखों को पानी मर गया। कला प्रेमियों को गढ़ माने जाने वाले अलीराजपुर जिले को अस्मत माफिया जिले कहते होंठ नहीं कंपकंपाएं।

**कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने साधा निशाना**

# संविधान बदलना भाजपा का छिपा एजेंडाः चरण सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दावा है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा है, यह आधारहीन है, झूठ है। भाजपा के सांसद और उप मुख्यमंत्री आए दिन बोल रहे हैं कि 400 पार इसलिए चाहिए कि हमें संविधान बदलना है।

अनंत हेगड़े, ज्योति मिर्धा, दिया कुमारी, लल्लू सिंह, अरुण गोविल, धरमपुरी अरविंद, इन भाजपा नेताओं ने ताल ठोंक के बाबा साहेब के संविधान को चैलेंज किया है। सविधान बदलना भाजपा का छिपा एजेंडा है, सीधे-सीधे बाबासाहेब आंबेडकर के सीने में छुरा घोपना है। यह बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने पीसीसी में पत्रकारवार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जो खरगोन और धार में ध्रुवीकरण का बयान दिया है, उससे यह निश्चित होता है कि वो विभाजनकारी राजनीति करना चाहते हैं।

### भावनात्मक मुद्दों से देश को भटका रही भाजपा

*सपरा ने कहा कि क्या देश को ऐसा पीएम चाहिए, जो महंगाई पर एक शब्द न बोले, बढ़ती बेरोजगारी का हल न बताए, बढती आर्थिक विषमता पर न बोलें, किसानों की आए दुगनी करनी है बोलकर मुकर जाएं, मणिपुर में महिलाएं निर्वस्त्र करके घुमाई जाए और मोदी चुप हो जाए, महिला पहलवान दिल्ली की सड़को पर यौन शौषण का इंसाफ मांगती रह जाए। भाजपा नेता भावनात्मक मुद्दों से देश को भटका रहे हैं।*

**2019 के चुनाव जैसा ही रहा मतदान का ट्रेंड, राजगढ़ में सर्वाधिक, भिंड में सबसे कम**

# विदिशा 74.05, गुना 71.95 की तुलना में राजगढ़ में 75.39 फीसदी मतदान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल







लोकसभा चुनाव का नतीजा 4 जून को आएगा लेकिन तीसरे चरण के मतदान में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर दिग्विजय सिंह भारी पड़ गए। सिंधिया के गुना और चौहान के विदिशा लोकसभा क्षेत्र की तुलना में दिग्विजय के राजगढ़ में तीसरे चरण का सर्वाधिक मतदान हुआ। विदिशा के 74.05 और गुना के 71.95 की तुलना में राजगढ़ में 75.39 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रदेश में तीसरे चरण की 9 लोकसभा सीटों में कुल मिलाकर 66.05 फीसदी मतदान हुआ, जो 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में महज -0.38 फीसदी ही कम है। 2019 में कुल 66.88 फीसदी मतदान हुआ था। इससे पता चलता है कि तीसरे चरण में मतदान का ट्रेंड 2019 के मतदान जैसा ही रहा। 2019 में भी गुना और विदिशा की तुलना में राजगढ़ में ज्यादा 74.39 फीसदी वोट पड़े थे। तब विदिशा में 71.79 और गुना में 70.39 फीसदी मतदान हुआ था। हालांकि पिछले चुनाव में दिग्विजय और शिवराज सिंह प्रत्याशी नहीं थे। ज्योतिरादित्य गुना से कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे लेकिन 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार तीनों नेताओं महाराज, मामा और राजा मैदान में हैं। पहले और दूसरे चरण की तुलना में तीसरे चरण में मतदान का प्रतिशत सुधरा है। इसका श्रेय राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के प्रयास को जाता है।

### विदिशा में दूसरे, गुना में तीसरे क्रम में ज्यादा वोटिंग

### पहले, दूसरे चरण की तुलना में सुधरा मतदान

### सागर, बैतूल, भोपाल में घट गया मतदान प्रतिशत

*तीसरे चरण में मुरैना के अलावा तीन लोकसभा क्षेत्र और ऐसे हैं, जहां पिछली बार की तुलना में कम वोटिंग हुई है। इनमें भोपाल, सागर और बैतूल सीटें शामिल हैं। भोपाल में 64.34 फीसदी मतदान हुआ है जो पिछली बार की तुलना में 1.31 फीसदी कम है। भोपाल में 2019 में 65.65 फीसदी वोट पड़े थे। सागर में इस बार 65.19 फीसदी मतदान हुआ है जो पिछली बार की तुलना में 0.32 फीसदी कम है। सागर में 2019 में 65.51 फीसदी वोट पड़े थे। तीसरी सीट है बैतूल जहां पिछली बार की तुलना में 5.53 फीसदी वोट कम पड़े हैं। बैतूल में 2019 में 78.15 फीसदी मतदान हुआ था जबकि इस बार महज 72.65 फीसदी ही वोट पड़े हैं। बैतूल में वोटिंग का प्रतिशत सबसे*

### चंबल-ग्वालियर अंचल के मुरैना में कम मतदान

तीसरे चरण में 2019 जैसे मतदान के ट्रेंड के बीच चंबल- ग्वालियर अंचल में मुरैना लोकसभा सीट ही ऐसी है, जहां पिछली बार से कम मतदान हुआ है। पिछली बार यहां 61.89 फीसदी वोट पड़े थे लेकिन इस बार यह 3.67 फीसदी घट कर 58.22 फीसदी रह गया। यह स्थिति तब है जब यहां भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंकी। मुरैना में भाजपा खतरा महसूस कर रही है और कांग्रेस को जीत की उम्मीद है। इस कारण दोनों ओर से ज्यादा मतदान के प्रयास किए जा रहे थे। बावजूद इसके मुरैना में पिछली बार की तुलना में कम मतदान हुआ। हालांकि तीसरे चरण में सबसे कम मतदान भिंड में 54.87 फीसदी हुआ लेकिन यह 2019 में हुए मतदान की तुलना में 0.35 फीसदी ज्यादा है। इस लिहाज से भिंड के मतदान को ठीक माना जा रहा है। अंचल के ग्वालियर में 61.68 फीसदी मतदान हुआ है। यह पिछली बार की तुलना में 1.90 फीसदी ज्यादा है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 मई 2024





24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगी ईवीएम

## 3.50 बजे सील हुआ स्ट्रांग रूम, भाजपा-कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरानी जेल स्थित स्ट्रांग रूम में मंगलवार सुबह तक मशीनें रखने का सिलसिला चलता रहा। पर्यवेक्षक, पार्टी प्रतिनिधियों, कलेक्टर की मौजूदगी में 3.50 बजे स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। अंदर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के साथ सीआरपीएफ का बल लगाया गया है। सौ से ज्यादा जवान ईवीएम की सुरक्षा में लगे हैं। प्रशासनिक अमला राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर है। जेल के ऊपर एक छोटी चौकी स्थापित की गई है। बाहर दो लेयर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात है। जेल परिसर में बाहर दो स्तर पर बैरीकेड्स लगाए गए हैं, दूसरे घेरे में उसे ही एंट्री मिलेगी, जिसके पास पार्टी के पास होंगे। तीन लेयर की सुरक्षा में ईवीएम को रखी गई है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को राउंड द क्लॉक सुरक्षा के लिए लगाया गया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए अफसरों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई गई है।

**प्रतिनिधियों के लिए बनाया बैठक कक्ष**

इस बार पार्टी प्रतिनिधियों के लिए मुख्य गेट के पास कक्ष में बैठने की व्यवस्था की है। वहीं पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। पिछली बार कांग्रेस पार्टी ने मुख्य गेट के सामने ही रजाई गद्दे डलवाकर कार्यकर्ताओं के लिए व्यवस्था की गई थी।

चेतक ब्रिज के पास गौतम नगर में डर के कारण सुबह तक घर के बाहर बैठे रहे लोग

# तड़के पौने 4 बजे दुकानों में लगी आग से ऊपर के फ्लैट में फंसे 5 लोग, 2 युवतियों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर में चेतक ब्रिज के पास स्थित गौतम नगर की 4 दुकानों में बुधवार तड़के करीब पौने चार बजे भीषण आग लग गई। आग के कारण दुकानों के ऊपर फ्लैट व आसपास के घरों में रह रहे लोग दहशत में आ गए और घरों से बाहर निकल आए। दुकान के ऊपर बने फ्लैट में रह रहे तीन लोग किसी तरह से बाहर आ गए, लेकिन 2 युवतियां फंस गईं। इन युवतियों को फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। आग पर करीब 4 घंटे में काबू पाया।

फायर फाइटर शाहनवाज अहमद के अनुसार, आग पर काबू पाने से पहले दुकानों का सामान जलकर राख हो गया था। जहां आग लगी, उस बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर किराना व जनरल स्टोर्स और रेस्टोरेंट और जिम है। इनमें से किसी एक दुकान में शार्ट सर्किट होने के बाद आग भड़क गई। अभी इसका सही कारण पता नहीं चल पाया है। गौतम नगर इलाके में सुबह से ही दमकलों के सायरन की आवाज से दहशत फैल गई। मौके पर भी बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। आग काबू में आने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

**एक दुकान में लगी आग 4 दुकानों तक फैली, 4 घंटे में फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पाया काबू**



- ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान में शॉट सर्किट से लगी आग
- कपड़े, जनरल स्टोर्स के सामान की वजह से आग भीषण हो गई





**शटर तोड़कर बुझाई आग**

शाहनवाज ने बताया कि कपड़े और जनरल स्टोर्स के सामान की वजह से आग भीषण हो गई थी। शटर लगी हुई थी और अंदर से आग की लपटें तेजी से बाहर निकल रही थीं। इसलिए शटर को तोड़ना पड़ा। आग बुझाने में फतेहगढ़ के साथ ही गोविंदपुरा और माता मंदिर की 6 दमकलें लगीं। यदि समय रहते आग काबू में नहीं आती तो वह फैल जाती। आसपास मकान और पूरा मार्केट हैं।

**घर से बाहर नहीं निकल पाया परिवार**

रहवासी समर्थ गुप्ता ने बताया कि तड़के पटाखे फूटने जैसे आवाज आई। बालकनी से झांककर देखा तो नीचे आग लगी थी, तभी घर के लोग नीचे उतरने लगे। दुकानों में आग की लपटें काफी ऊपर उठ रही थीं। सभी लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। परिवार के कुछ लोग ऊपर फंस गए थे। छत पर पहुंचे और छत के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर गए। इसके बाद सभी को बाहर निकाला गया। लोग बालकनी में फंस गए थे, क्योंकि अंदर काफी धुआं था। परिजन को बाहर नहीं निकाल सकते थे।

### तेज गर्मी के बीच 8 स्थानों पर लगी आग

इधर, राजधानी में तेज गर्मी के कारण बुधवार को भी कई जगह आग लग गई। मैनिट के आसपास पहाड़ी के जंगल में आग लगने के कारण सैकड़ों पेड़ जल गए। तेज हवा और गर्मी के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि कई पक्षी भी जल गए और जंगल के बाहर की बस्ती में भी भगदड़ मच गई। कोलार व कोटरा सहित माता मंदिर से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नगर निगम कंट्रोल रूम के अनुसार मैनिट में दोपहर में आग लगी, जिसे करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। वहीं पीपुल्स मॉल के पास लकड़ियों में भी आग लग गई। छोला फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। जबकि खजूरी कलां में फार्म हाउस, पटेल नगर में खेत में नरवाई में आग, मारवाड़ी रोड पर खंभे पर, एमपी नगर के होटल सुदर्शन में सिलेंडर में आग और कोलार के कैंपस में मीटर में आग लग गई।

पुरानी जेल में जगह कम होने से हुई दिक्कत

## सुबह तक जमा कराई ईवीएम कर्मचारियों को लाल परेड तक जाना पड़ा पैदल

मंगलवार को मतदान होने के बाद से मतदान दलों की वापसी का सिलसिला शुरु हुआ। बसों से वापस लौटे मतदान दलों के कर्मचारियों को बसें पुरानी जेल के बाहर छोड़कर चली गईं। जिसके बाद कर्मचारियों ने अपनी-अपनी विधानसभा के स्ट्रांग रूम में मशीनें जमा कराईं।

यह सिलसिला सुबह चार बजे तक चलता रहा। ऐसे में कर्मचारियों को घर वापसी के लिए पैदल लाल परेड ग्राउंड तक जाना पड़ा। यहां से वह अपने वाहनों से घर रवाना हुए। दरअसल इस बार मतदान दलों की वापसी पुरानी जेल पर रखी गई थी, जिसकी वजह से कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


**सबसे पहले दक्षिण-पश्चिम की पोलिंग पार्टी वापस आई**

मंगलवार शाम छह बजे मतदान खत्म होने के बाद सबसे पहले दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र की पोलिंग पार्टी वापस आई। इसके बाद शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों की पोलिंग पार्टियों के आने का सिलसिला शुरू हुआ।

*तहसील दफ्तरों में रहा सन्नाटा: मंगलवार को मतदान होने के बाद सभी एसडीएम सहित तहसील दफ्तरों का अमला मतदान सामग्री वापसी में लगा रहा, जिसकी वजह से तहसील दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा।*

हमीदिया के डॉक्टरों ने किया न्यूरोइंडक्रिन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

## पांच साल से युवक को सिर दर्द, घबराहट होने के साथ तेज हो जाती थी दिल की धड़कन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर के रहने वाले 39 वर्षीय युवक को पिछले पांच साल से सिर दर्द, बहुत ज्यादा पसीना आना, घबराहट के साथ दिल की धड़कन तेज हो जाने की शिकायत थी। हालांकि कुछ समय पश्चात अपने आप ठीक भी हो जाती थी। परिजनों ने युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों को मरीज़ की सीटी जांच में ट्यूमर का पता चला और यूरिन एवं प्लाज्मा मेटनफ्रीनेस लेवल काफी बढ़े हुए थे। फीयोक्रोमोसाइटोमा या फेयोक्रोमोसाइटोमा एड्रीनल ग्रंथि का एक न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर है, जो एक दुर्लभ बीमारी है। यह अनुमान से प्रति 10 लाख लोगों में से लगभग 2 से 8 लोगों में पाया जाता है। इनमें से लगभग 15 प्रतिशत मामले कैंसर के होते हैं। फीयोक्रोमोसाइटोमा की वजह से रोगियों में आम तौर पर सिरदर्द, बहुत ज्यादा पसीना आना और दिल की धड़कन का तेज हो जाना और साथ में एक घंटे के भीतर स्थिति सामान्य होना है।

**ऑपरेशन के दौरान एवं बाद में मरीज की जान को खतरा था**

बीमारी का इलाज जटिल ऑपरेशन है। ऑपरेशन के दौरान रक्तचाप बढ़ व घट सकता है, जिसके कारण ऑपरेशन के दौरान एवं बाद में मरीज की जान को खतरा हो सकता है। मरीज की स्थिति को देखते हुए सर्जरी विभाग के डॉ. महिम कोशरिया, डॉ.विजय टेकाम, डॉ.ज्योति मारन, डॉ. निखिल, डॉ. कशिश, डॉ. राज एवं सिस्टर भावना को टीम में शामिल कर मरीज का न्यूरोइंडक्रिन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. आरपी कौशल, डॉ. जयदीप सिंह एवं डॉ. श्वेता श्रीवास्तव शामिल रहे।

### पुलिस कर्मी के बेटे को कुत्ते ने काटा, केस दर्ज

**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में पुलिसकर्मी के बेटे को पड़ोसी के कुत्ते ने काट ने लिया। जब घायल कुत्ते के मालिक के पास पहुंचा तो उसने गाली-गालौच कर दी। रातीबड़ पुलिस ने घायल की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, गोरागांव निवासी 29 साल के संदीप द्विवेदी कोचिंग सेंटर में जॉब करते हैं। वह घर के पास ही अपने कुत्ते के साथ वॉक कर रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले वामन राव का कुत्ता भी पहुंच गया। तभी कुत्ते ने वामन को काट लिया। संदीप वामन के घर पहुंचे व कुत्ता बांधकर रखने की हिदायत दी। इससे वामन ने गाली-गालौच की।

## सभी प्रमुख रेस्तरां, अस्पताल व बड़े होटलों का सर्वे शुरू करेगा नगर निगम

*मैरिज गार्डन व मांगलिक भवनों पर भी कसा जाएगा शिकंजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम भोपाल द्वारा शहर के सभी रेस्तरां, बड़े हॉटल, अस्पताल व ढाबे का सर्वे कर पता लगाया जाएगा कि उनके द्वारा दिया जा रहा टैक्स सही है या नहीं। इस सर्वे में मैरिज गार्डन पर शिकंजा कसा जाएगा।

दरअसल, लालघाटी स्थित कई जगह बिना अनुमति और हेल्थ क्लब के नाम पर ली गई भूमि पर मैरिज गार्डन चल रहे हैं। इनमें से कई का सर्वे हो गया है। अभी भी सर्वे व जांच पड़ताल चल रही है। नगर निगम अपर आयुक्त निधि सिंह के अनुसार, राजस्व विभाग को पहले से ही आर्डर दिया जा चुका है, कि सभी संस्थानों का सर्वे कर रिपोर्ट सौंपें, जिससे उनकी सही टैक्स की वसूली की जा सके। उस आदेश के तहत ही राजस्व विभाग काम कर रहा है। अभी चुनाव ड्यूटी से निपटा है पूरा अमला। अब जल्दी ही सर्वे शुरू कर होटल, रेस्तरां, अस्पताल व अन्य संस्थानों का टैक्स तय किया जाएगा।




- सर्वेक्षण कर पता लगाया जाएगा कि व्यावसायिक संस्थान सही टैक्स जमा कर रहे हैं या नहीं

25 किमी तक मिलेगी स्वास्थ्य जानकारी

## स्वास्थ्य सलाह देने अब एम्स शुरू करेगा सामुदायिक रेडियो स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स शीघ्र ही अपना सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू करेगा। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से एम्स का सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू किया जाएगा। एम्स और उसके आसपास के 25 किमी तक के दायरे में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं अन्य सूचनाएं आसानी से मिल सकेंगी। सामुदायिक रेडियो से आसपास के निवासियों को विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ अलग-अलग बीमारियों से जुड़ी बातें बताएंगे।

**एम्स के आईसीटीसी सेंटर को मिली प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग**

एम्स के आईसीटीसी केंद्र को एचआईवी परीक्षण में असाधारण मानकों को लगातार बनाए रखने के लिए प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्रदान करते हुए उत्कृष्टता केंद्र घोषित किया गया है। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा पूरे भोपाल में 10 सुविधा-आधारित एचआईवी स्क्रीनिंग आईसीटीसी (एफ-आईसीटीसी) केंद्रों के संचालन की देखरेख भी करता है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और भी बढ़ गई है।

### राजाभोज एयरपोर्ट पर हुई एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल

**संतनगर।** राजाभोज विमानतल पर बुधवार शाम को एंटी-हाईजैक मॉक ड्रिल प्रमुख सचिव (गृह) मप्र शासन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसका आयोजन विमानपत्तन निदेशक, राजा भोज विमानतल भोपाल ने किया। यह ड्रिल सीआईएसएफ के सहयोग से की गई और इसे राज्य पुलिस, नगर निगम, जिला प्रशासन, सेना, एयरफोर्स, बीएसएनएल, एयरलाइंस, इंटेलिजेंस ब्यूरो, पीआईबी, डीजीसीए, बीसीएएस के गणमान्य लोगों ने देखा। इसमें विमान हाईजेक के बारे में जानकारी दी गई। सभी गणमान्य अधिकारी इस प्रकार की विषम स्थिति से निपटने के लिए हवाई अड्डे की सतर्कता और तैयारियों से बहुत संतुष्ट दिखे।

**सीहोर में किसान के घर से किया था मादा तेंदुए को रेस्क्यू**

## वन विहार से लाए तेंदुए को रात 1 बजे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के वन विहार से लाए तेंदुए को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना में छोड़ा गया। रात 1 बजे एसटीआर की टीम ने सुरक्षा के साथ तेंदुए को छोड़ा। पिंजरे से बाहर आते ही तेंदुआ दौड़ते हुए सूखी घास से होते हुए अंधेरे में चला गया। एसटीआर में तेंदुए को छोड़ने से तेंदुआ के कुनबे में एक ओर सदस्य बढ़ गया।

एसटीआर की टीम मंगलवार रात को इस तेंदुए को भोपाल वन विहार से लेकर आई थी। इस मादा तेंदुआ की उम्र तीन साल है। पिछले महीने सीहोर जिले के लाड़कुई के ग्राम किशनपुर में एक किसान प्रहलाद सिंह के घर में ये मादा तेंदुआ घुस गया था। ग्रामीणों ने तेंदुए को घर में घुसते हुए देख लिया। जिससे ग्रामीण दहशत में हो गए थे। ग्रामीणों ने तेंदुए को भगाने के लिए शोर मचाया। शोर से तेंदुआ डर गया, लेकिन भागा नहीं। वो घर में छिपा रहा। तेंदुआ घर में बने ओटले पर जाकर बैठ गया। इसकी सूचना मिलते ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम ने गांव पहुंचकर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया था। तेंदुए के गले में कॉलर आईडी लगाई गई है। कुछ समय तक तेंदुए की हर गतिविधियों पर एसटीआर नजर बनाए रखेगी।

## काम में लापरवाही बरतने पर काटा 7 सीएचओ का एक सप्ताह का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने सात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) का एक सप्ताह का मानदेय काटने के आदेश जारी किए हैं। इन सीएचओ को परफॉर्मेंस आधारित इंसेंटिव भी नहीं दिया जाएगा।

डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि इन सीएचओ द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल और एमपी आरोग्यम पोर्टल में प्रतिदिन की ओपीडी एंट्री अपलोड नहीं की जा रही थी। इस संबंध में पूर्व में भी चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके सीएचओ द्वारा कार्य में सुधार न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन कटौती की कार्रवाई की गई है। 90 प्रतिशत से कम ओपीडी एंट्री होने पर अन्य कर्मचारियों का वेतन भी काटा जाएगा।

- पोर्टल पर प्रतिदिन की ओपीडी एंट्री अपलोड नहीं की

**इन सीएचओ पर हुई कार्रवाई**

- **रोशनी सायराम** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर कढ़ैयाशाह, विकासखंड बैरसिया
- **आयुषी विश्वकर्मा** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर दामखेड़ा, विकासखंड बैरसिया
- **सोनम पवार** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिपलिया जाहीरपीर, विकासखंड फंदा
- **रुचि जारिया** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर टीलाखेड़ी, विकासखंड फंदा
- **मीनाक्षी पटेल** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर दीपड़ी, विकासखंड फंदा
- **शारदा अहिरवार** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोपड़ा कला, विकासखंड फंदा
- **शालिनी वर्मा** – आयुष्मान आरोग्य मंदिर धामनिया, विकासखंड फंदा

राजधानी में बुधवार को दोपहर बाद बदले मौसम ने दिलाई गर्मी राहत

## बारिश से देर शाम हवाओं में घुली ठंडक, 7 डिग्री से अधिक गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को दोपहर बाद मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ आधे शहर में तेज बौछारें पड़ीं। इससे शहर की सैकड़ों कॉलोनियों में बिजली गुल हो गई। कुछ जगहों पर पेड़ गिरने की भी सूचना है। बारिश के बाद से शहर की हवाओं में ठंडक घुल गई। देर शाम तक रुक रुककर बौछारों और हवाओं में घुली ठंडक ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई।

बुधवार को तेज गड़गड़ाहट के साथ शहर के कोलार, बैरागढ़ से लगे हिस्से, एमपी नगर, पिपलानी के कुछ हिस्से तक दोपहर बाद बारिश हुई। इस दौरान करोंद, भानपुर, अयोध्यानगर, पटेल नगर आदि इलाकों में तेज हवाओं का सिलसिला रहा। इससे बिजली कंपनी ने ऐहतियात के तौर पर कुछ देर सप्लाई बंद कर दी। इस दौरान कोलार, बैरागढ़, एमपी नगर से लगी सैकड़ों कॉलोनियों में भी कुछ देर बिजली गुल रही।

*शहर की सैकड़ों कॉलोनियों में गुल रही बिजली गुल*



**34 डिग्री से 27 डिग्री पर आया तापमान**

शहर में रात 8 बजे से फिर बौछारें शुरू हुईं। अलग-अलग हिस्सों में बौछारों का दौर देर रात तक रुक रुककर चलता रहा। एमपी नगर, अयोध्या नगर, राजीव नगर, पटेल नगर, करोंद, पिपलानी से लगे हिस्सों में भी बादलों की जमावट के साथ बूंदाबांदी और बौछारों का सिलसिला चला। इससे तापमान में करीब 7 डिग्री की गिरावट रही। शाम 6 बजे तापमान 34 डिग्री के करीब था, जो रात 8 बजे के बाद 27 डिग्री के करीब पहुंच गया। हालांकि, बारिश के बाद रात में उमस बढ़ गई।

**कुछ जगह गिरे पेड़**

शहर में तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना है। नगर निगम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार निजामुद्दीन कॉलोनी में मकान नंबर 491 के साथ खड़ी कार पर एक पेड़ गिर गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, भेल इलाके में कुछ पेड़ों की टहनियां टूट कर बिजली लाइनों पर गिर गईं, जिससे कुछ देर सप्लाई बाधित रही।

टोल भरने से बचने के लिए

# अभिनेता ने सीएम एकनाथ शिंदे के काफिले का लिया सहारा, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुंबई




महाराष्ट्र में सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले 30 वर्षीय एक अभिनेता ने मुंबई में बांद्रा वर्ली 'सी लिंक' पर टोल चुकाने से बचने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के काफिले का कथित तौर पर सहारा लिया लेकिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बांद्रा थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति की पहचान शुभम कुमार के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक कार में था।

सोमवार को सी लिंक टोल प्लाजा के वीआईपी लेन (टोल मुक्त) पर आरोपी ने अपनी कार को मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल गाड़ियों के पीछे लगा दिया जबकि ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस के एक जवान ने उसे रुकने का संकेत दिया था। अधिकारी ने बताया कि सिपाही के संकेत देने के बावजूद चालक नहीं रुका इसलिए उसे वर्ली के पास पकड़ लिया गया और बांद्रा पुलिस को सौंप दिया गया। बांद्रा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### सीएम के काफिले का किया पीछा

बांद्रा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुभम कुमार ने टोल टैक्स चुकाने से बचने की कोशिश की और उसने सीएम एकनाथ शिंदे के काफिले का पीछा किया जो ठाणे से आ रहे थे और रात 11 बजे मुंबई स्थित वर्षा बंगले में जा रहे थे। कांस्टेबल शिंगाटे ने बताया कि ट्रैफिक कंट्रोल से वायरलेस अलर्ट मिलने पर, मैंने वीआईपी आवाजाही के लिए बीडब्ल्यूएसएल पर लेन 7 और 8 को आरक्षित कर दिया। हालांकि, कार चालक कुमार को प्रवेश न करने का संकेत दिए जाने के बावजूद उसने काफिले का पीछा किया। कुमार के रुकने पर वर्ली ट्रैफिक डिविजन को एक अलर्ट भेजा गया था। उसे वर्ली एंड पर पकड़ा गया और बांद्रा पुलिस को सौंप दिया गया।

# अवमानना मामले में सीआईडी आईजी, एसपी रायपुर को नोटिस

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर



अवमानना मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी) एवं एस.पी. (सीआईडी) रायपुर को नोटिस जारी किया है। न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर निवासी कृष्णा प्रसाद ठाकुर पुलिस मुख्यालय के सीआईडी ब्रांच में हेड कान्सटेबल के पद पर पदस्थ थे। पदस्थापना के दौरान उनके विरूद्ध जारी वेतन से वसूली आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया था।

इसमें कहा गया था कि तृतीय श्रेणी, शासकीय कर्मचारी को वेतन विसंगती के आधार पर वसूली आदेश जारी नहीं हो सकती। हाईकोर्ट द्वारा सेवानिवृत्ति के पश्चात याचिकाकर्ता को वसूली राशि को रोककर अन्य समस्त सेवानिवृत्ति देयक का भुगतान करने का आदेश जारी किया गया था लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। इसके खिलाफ अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दुर्गा मेहर के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की गई। इस पर नोटिस जारी किया गया है।

## जैकेट का शेष

### भोपाल सहित प्रदेश...

हवाओं के बीच अगले दो से तीन दिन तापमान में ज्यादा बढ़त नहीं होने से प्रदेशभी में अभी लू के हालात नहीं बनेंगे। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी एक दर्जन से अधिक जिलों में बादल, बारिश और गरज चमक से तापमान में मामूली कमी होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश में अभी चार सिस्टम सक्रिय होने से बारिश, बादल और कहीं ओले गिरने की उम्मीद है। बुधवार को सुबह से दोपहर तक इंदौर, मंदसौर, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, खंडवा, विदिशा, बालाघाट, मंडला, सिवनी, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नरसिंहपुर में बारिश हुई। गुना, नीमच, मंदसौर, आगर, राजगढ़, सागर, अशोकनगर, टीकमगढ़, मऊगंज, पन्ना, सिंगरौली सहित कई जिलों में बौछारें पडन्ने से गर्मी से राहत रही, लेकिन उमस बढ़ गई।

**आज यहां बारिश, ओले:** बुधवार देर रात से गुरुवार तक रीवा संभाग के जिलों के साथ ही छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, सीधी और पांढुर्णा जिलों में कहीं कहीं बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, धार, इंदौर, देवास, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और आसपास के हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान है। भोपाल में भी बादल छाएंगे और बौछारें पड़ सकती हैं।

**पूर्वी मप्र में सबसे ज्यादा पारा गिरा:** बारिश, बौछारों के बाद पूर्वी मप्र में सबसे ज्यादा पारा गिरा। दमोह, सिवनी, जबलपुर, उमरिया, मंडला, बैतूल में 2 से 3 डिग्री तक कमी आई। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा गुना में 43.7 डिग्री रहा। भोपाल, नर्मदापुरम, पचमढ़ी और उज्जैन आदि में 2 डिग्री तक पारा गिरा है। प्रदेश में औसत पारा 40 से 41 डिग्री के बीच रहा। भोपाल में दिन का तापमान 1.6 डिग्री गिरकर 40.8 डिग्री रहा।

### मोहब्बत की दुकान...

रहे हैं। भारत के लोग चीनी लगते हैं क्या ये नस्लवादी टिप्पणी नहीं है? क्या ये आपत्तिजनक बयान नहीं है? ये दिखाता है कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में असल में नफरत का सामान है।

### नरसिंहपुर में सगे ...

दीक्षित (15), अर्चना पिता प्रेम नारायण गुर्जर (13) और रामा पिता प्रेम नारायण गुर्जर (10) को लोगों ने डूबने से बचा लिया। दोनों बच्चों के शव का पोस्टमॉर्टम गाडरवारा सिविल अस्पताल में कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में साईंखेड़ा थाना टीआई संग्राम सिंह ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे कुछ परिवार के लोग नर्मदा स्नान करने आए थे। स्नान के बाद सभी लोग खाने खाने लगे, इस दौरान कुछ बच्चे वापस नर्मदा में स्नान करने चले गए। इस दौरान एक ही परिवार के हर्षित और हर्षिता गहरे पानी में जाने से डूब गए। इसके बाद परिजन इन्हें निकालकर गाडरवारा अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### भारत की आबादी में...

ईसाई, बौद्ध और सिखों की आबादी में इजाफा हुआ। वहीं हिंदुओं के अलावा जैन और पारसियों की भी आबादी में हिस्सेदारी इस अवधि में घटी है। स्टडी के अनुसार इस अवधि में आबादी में मुस्लिमों की हिस्सेदारी 5 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा ईसाइयों की हिस्सेदारी में 5.38 पर्सेंट, सिखों की 6.58 पर्सेंट बढ़ी है। यही नहीं बौद्धों की हिस्सेदारी भी बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार 1950 में भारत की जनसंख्या में हिंदुओं की हिस्सेदारी 84 फीसदी थी। अब देश की जनसंख्या में हिंदू 78 फीसदी हैं। मुसलमान 65 साल पहले भारत की आबादी के 9.84 फीसदी थे, जो अब बढ़कर 14.09 पर्सेंट हो गए हैं। म्यांमार के बाद भारत अपने आसपास के देशों में दूसरे नंबर पर है, जिसके बहुसंख्यक समाज की आबादी में कमी आई है।

### मुलताई विस...

पुनर्मतदान का निर्णय ले लिया गया। पुनर्मतदान 10 कई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच कराया जाएगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को आदेश भी जारी कर दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने बताया कि मुलताई विधानसभा में आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 275-राजापुर, 276-दूदर रैयत, 279-कुंडा रैयत एवं 280-चिखलीमाल में फिर से मतदान कराने के आदेश दिए हैं। यह मतदान 10 मई शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस दिन सबसे पहले सुबह 5.30 बजे मॉकपोल होगा। इसके लिए मतदान दल सामग्री सहित 9 मई को रवाना होंगे। पुनर्मतदान में इस बार अमिट स्याही उक्त चारों गांवों के मतदाताओं के बाएं हाथ की मध्यमा अंगुली में लगाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल को पुनर्मतदान कराने के पूर्व मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को विधिवत प्रशिक्षण भी देने के निर्देश दिए हैं। पुनर्मतदान की सूचना समस्त अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों सहित प्रेक्षकों को अनिवार्य रूप से देने एवं मतदान केंद्र के क्षेत्र में डोंडी (मुनादी) पिटवाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी आयोग ने दिए हैं। दरअसल, 7 मई को मतदान कराकर लौट रही बस आग दुर्घटना का शिकार हो गई थी। इसकी जानकारी कलेक्टर बैतूल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेजी थी। इसके बाद भारत निर्वाचन आयोग ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने के आदेश जारी किए हैं।

### मुसलमान 'लिव इन'...

याचिका दायर की गई थी। उस याचिका के जरिए अपने अधिकारों की रक्षा की मांग की गई थी। बड़ी बात ये है कि याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि उसकी मुस्लिम महिला को इस लिव इन रिश्ते से कोई आपत्ति नहीं थी क्योंकि, वो खुद कुछ बीमारियों से जूझ रही है। बाद में ये और जानकारी मिली कि शख्स ने अपनी पत्नी को तीन तलाक देने का काम किया था। कोर्ट को ये भी पता चला कि पति जो दावा कर रहा था कि उसकी पत्नी यूपी में ही रह रही है, वो झूठ था। उसकी पत्नी असल में मुंबई में अपने सास-ससुर के साथ रह रही थी। वैसे सुनवाई के दौरान एक पहलू ये भी था कि अगर मुस्लिम कपल जिसकी शादी न हुई हो, क्या वो लिव इन में रह सकता है। कोर्ट ने इस पर ये कहा कि कई बातें नैतिकता को आधार बनाकर समझनी पड़ती हैं।

### एस्ट्राजेनेका ने...

एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं। एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### शादीशुदा व्यक्ति ...

दुष्कर्म किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी व्यक्ति को 15 अगस्त, 2021 को गिरफ्तार किया गया था। 2 मार्च, 2022 को जमानत पर रिहा होने से पहले उसने 200 दिन जेल में बिताए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर विचार करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (दो) (एन) (महिला से बार-बार दुष्कर्म), धारा 313 (स्त्री की सहमति के बिना उसका गर्भपात कराना) और धारा 506 (धमकाना) के आरोपों से बरी कर दिया।

## पेज 1 का शेष

### कांग्रेस ने पहले ...

गांधी ने पीछे से सरकार चलाई, राजीव गांधी, इंदिरा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सरकारें चलाई, लेकिन गरीबी दूर नहीं कर पाए। अब ये बाबू साहब कहते हैं कि हमारी सरकार आएगी तो एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे। गरीबी तो भाजपा की सरकार ही दूर कर सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, देवास लोकसभा में कई क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गरोठ की आमसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की बहुसंख्यक समाज से दुश्मनी है। कांग्रेस के राज में भारत का बार-बार मानमर्दन हुआ। सोमनाथ में भगवान शिव के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय जब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जवाहर लाल नेहरू को निमंत्रण दिया, तो उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। जवाहर लाल नेहरू के कपड़े विदेशों में धोने के लिए जाता था। देश गरीबी झेल रहा था और वे कोट में गुलाब लगा कर घूमते थे। यहां तक कि कांग्रेस को जब भी निमंत्रण दिया गया तो उन्होंने निमंत्रण को ठुकराया। नेहरू जी से लेकर आज की पीढ़ी में ये समस्या है। पहले भगवान सोमनाथ से दुश्मनी निभाई, अब श्रीराम से दुश्मनी निभाई।

### कांग्रेस में ऊपर से ...

कांग्रेस में ऊपर से लेकर नीचे तक कोई कानून को मानता नहीं, सब घमंडी लोग हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि मैं एक रुपए भेजता हूं, 15 पैसे पहुंचते हैं। आज नरेंद्र मोदी की सरकार है। किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपए भेजे जा रहे हैं, तो 6 हजार रुपए किसानों तक पहुंच रहे हैं। किसी का एक रुपए भी कम नहीं हुआ है। लाडली बहनों को साढ़े 12 सौ मिलना चाहिए, उनको पूरा साढ़े 12 सौ रुपए मिल रहे हैं।

### यह ईमानदारी ...

*की कथा में सम्मिलित होकर उनका आशीर्वाद लिया।*

### एयर इंडिया के ...

पुराने स्टाफ ने स्वीकार नहीं किया है। ऐसे में बाकी चीजें भी तय नहीं हो पा रही है, जिससे स्टाफ में असंतोष बढ़ रहा है।

### डीजीसीए के अधिकारी ...

एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयर एशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसको लेकर पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य नाराज चल रहे हैं।

### मैनेजमेंट ठीक नहीं,...

आखिर में संघ ने आरोप लगाया था कि एयरलाइन का मैनेजमेंट ठीक से काम नहीं कर रहा. स्टाफ के साथ व्यवहार में समानता की कमी है। ऐसे में हो सकता है कि स्टाफ नाराज हों और इस वजह से सभी एक साथ लीव पर चले जाएं।

### टाटा ग्रुप की ...

था। इसमें एचआरए के कारण सैलरी में कटौती होने के बारे में कहा गया था। साथ ही इस लेटर में स्टाफ के साथ समानता से व्यवहार न किए जाने के बारे में भी कहा गया था। एयर इंडिया के अधिग्रहण के कुछ दिन बाद ही कई स्टाफ को उनका बेहतरीन रिकॉर्ड होने के बावजूद नौकरी से निकाल दिया गया। जबकि अधिग्रहण के वक्त वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आश्वासन दिया था कि 2 साल तक किसी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। इसे लेकर स्टाफ में काफी असंतोष है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के स्टाफ का हायर रैंक के लिए इंटरव्यू क्लीयर करने के बाद उन्हें लोअर ग्रेड जॉब दी गईं। कुछ शॉर्टलिस्ट किए गए लोगों को हटा दिया गया, जबकि बाहर से कम अनुभव पर लाए गए स्टाफ को हायर रैंक दी गई।

### अधिग्रहण के बाद ...

एयर एशिया इंडिया के साथ मर्जर (अधिग्रहण) होने से पहले मिलते थे। अधिग्रहण के बाद उन्हें हटा दिया गया है। जिससे उनकी सैलरी बहुत कम हो गई है। एयरलाइंस को चलाने के मानक तौर तरीकों यानी स्टैंडर्ड ऑफ प्रोटोकॉल में स्टाफ के कई सालों के अनुभव, उनकी वरिष्ठता और क्षमताओं की अनदेखी की जा रही है। इसका असर सीधे तौर पर न सिर्फ स्टाफ के काम पर हो रहा है। बल्कि कस्टमर एक्सपीरिएंस और कंपनी के परफॉर्मेंस पर भी पड़ रहा है।

### दो बच्चियों की मौत...

**क्या है वेस्ट नील वायरस:** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मरीजों में जो लक्षण देखे जा रहे हैं वे वेस्ट नील वायरस से संक्रमित लोगों में देखने को मिलते हैं। जिसमें सिरदर्द, शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द, उल्टी, दस्त या दाने जैसे अन्य लक्षणों के साथ बुखार होता है। हाल ही में केरल में इस बीमारी के मामले दर्ज हुए हैं। जिसके बाद से मध्यभारत से लेकर दक्षिण भारत में अलर्ट जारी किया गया था।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट (सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस | कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी | व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड | मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725
B-01/05 to 30/05/24

आवश्यकता
कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़) R- 14/04 to 13/05/24

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
(Affiliated to Barkatullah University and Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal Website: www.jncbpl.com
Mob.: 9826264575, 8889560478 Tel. 0755-2660949 College Offering best Career Options With Minimum Fee Structure
DIRECT REGISTRATION FOR ONLINE ADMISSION For Online Admission : Contact College Office
Courses Offered ★M.Sc. Physics ★M.Sc. Chemistry ★M.Sc. Botany ★M.Sc. Zoology ★M.Sc. Micro bio. ★M.Sc. Biotech. ★M.Sc. Computer Sc. ★M.Sc. Maths ★PGDCA ★B.Sc. Computer/IT ★B.Sc. CBZ/PCM ★B.Sc. Micro/Biotech ★B.Sc. Elex/Env. Sc. ★BCA ★B. Com. Computer ★B.Com. Plain ★BA ★B. Lib I.sc. ★M. Lib. I.sc. ★M.Com ★M.A. (Eng. Urdu, Polt Sc. Socio. & Eco.) ★B.B.A. ★B.P.E.S. ★PG Diploma In Yogic Science ★D.El. Ed.
NCTE COURSES & CODE B.Ed.- 215, B.P.Ed.- 013, M.P.Ed.- 026, M.Ed.- 038, D.Ed.
Fee Note : All Students will pay enrollment fee, Eligibility fee and Practical fee separately as per university rules and miscellaneous fees according to management rules
Note : D.El.Ed, B.P.Ed., B.Ed., M.P.Ed. & M.Ed. courses are running at new campus Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal.


## शब्द पहेली - 5505



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5504 का हल



### सूडोकु नवताल- 5516

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5515 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### आईडीबीआई बैंक के लाभ में 55 फीसदी वृद्धि

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। बैंक का शुद्ध लाभ 55 फीसदी साल-दर-साल बढ़कर अब तक के सबसे ऊँचे स्तर 5,634 करोड़ पर पहुंच गया और वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 12 फीसदी की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि के साथ 1,628 करोड़ हो गया। बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 9,592 करोड़ रहा। एनआईएम 4.93 फीसदी दर्ज किया गया और शुद्ध ब्याज आय साल-दर-साल 12 फीसदी की वृद्धि के साथ 3,688 करोड़ रुपए रही। 2024 की चौथी तिमाही में जमा की लागत 4.48 फीसदी थी, जो 2023 की चौथी तिमाही में 3.71 फीसदी थी।

### अक्षय तृतीया पर फोनपे का कैशबैक ऑफर पेश

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने इसवर्ष अक्षयतृतीया के शुभ और पावन अवसर के लिए आज एक लाजवाब ऑफ़र की घोषणा की है। 10 मई 2024 को यूज़र फोनपे ऐप पर न्यूनतम 1000 रुपए के ऑर्डर मूल्य पर 2000 रुपए तक का निश्चित कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। यह खास ऑफर, जो विशेष रूप से फोनपे पर उपलब्ध होगा, केवल 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड की एक बार की खरीद पर ही लागू है। इसके लिए यूजर कई पेमेंट माध्यम जैसे यूपीआई , यूपीआइ लाइट , क्रेडिट और डेबिटकार्ड, वॉलेट और गिफ्टकार्ड के जरिए पेमेंट कर सकते हैं। त्योहार की खुशियों को बढ़ाने के लिए, फोनपे ने 12 मई तक कैरेट लेन स्टोर्स पर डिजिटल गोल्ड रिडीम करने के लिए एक खास ऑफर दिया है।

### शेरा एनर्जी का शुद्ध लाभ 64 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** शेरा एनर्जी लिमिटेड नॉन फेरस मेटल से निर्मित स्ट्रिप्स और वाइंडिंग वायर्स के कारोबार में लगी हुई, कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही एवं वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 24 की कंसोलिडेटेड की कुल आय 25.59 फीसदी वार्षिक बढ़कर 876.32 करोड़ हुई। एबिटडा 31.44 फीसदी वार्षिक बढ़कर 52.55 करोड़ हुआ। एबिटडा मार्जिन 27 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 6.00 फीसदी हुई। कर बाद लाभ 54.23 फीसदी वार्षिक बढ़कर 14.05 करोड़ रुपए हुआ ।कर बाद लाभ मार्जिन 29 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 1.60 फीसदी हुई। शेरा एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, नसीम शेख ने कहाकि वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही के कंसोलिडेटेड कर बाद लाभ में शानदार 64 फीसदी की वृद्धि हुई है।

---

यह पुरस्कार एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा गठित किया गया था

# आईसीएफएआई ग्रुप के निदेशक सुधाकर राव को मिला सीके प्रहलाद मार्केटिंग अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

सीके प्रहलाद चेयर फॉर मार्केटिंग अवॉर्ड सुधाकर राव, निदेशक, ब्रांडिंग आईसीएफएआई ग्रुप, हैदराबाद को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा गठित किया गया था, जिसे 3 मई 2024 को पुणे के विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक शानदार समारोह में उनके कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुनीता एम. कराड द्वारा प्रदान किया गया।

पुरस्कार प्रदान करते हुए प्रोफेसर डॉ. सुनीता एम.कराड ने कहाकि एमआईटी कला, डिजाइन और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पुणे ने एमआईटी एडीटीयू चेयर की स्थापना की है, जो एक ऐसा मंच है जो प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को मान्यता देता है और उनका आभार व्यक्त करता है। बिजनेस टाइटन्स, निर्णय निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के नवप्रवर्तक, प्रबंधन जिसमें मानव संसाधन, वित्त, विपणन, सिविल और निर्माण, मैकेनिकल आदि शामिल हैं।



### एमआईटी ग्रुप सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विश्वविद्यालय में से एक

एमआईटी आर्ट डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी विश्व स्तरीय शिक्षा की दिशा में छलांग लगाने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। यह प्रसिद्ध एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पुणे के दायरे में अग्रणी सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विश्वविद्यालय में से एक है। एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय एक बहु-विषयक विश्वविद्यालय है जो अपने 125 एकड़ के विशाल हरे-भरे परिसर और 125 एकड़ के बड़े क्षेत्र में फैले सुरम्य स्थान के लिए प्रसिद्ध है। विश्वविद्यालय प्रकृति की शांति की अभिव्यक्ति है और मुला-मुथा नदी के तट पर सौंदर्य की दृष्टि से बनाया गया है।

### अवॉर्ड ईमानदार प्रयास और उत्साह को रेखांकित करता : सुधाकर राव

शैक्षणिक वर्ष, 2023-24 में पेश किए गए, एमआईटी एडीटीयू अध्यक्षों का उद्देश्य दिग्गजों, उद्योग और अकादमिक व्यक्तित्वों द्वारा किए गए प्रतिष्ठित कार्यों को स्वीकार करना है, जिन्होंने संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया है और संबंधित पुरस्कार धारक को उनके प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के लिए उन्हें पुरस्कार दिया है। यह संबंधित क्षेत्र में आगे की प्रेरणा के लिए छात्रों के बीच अच्छे काम को बहाल करने का भी काम करता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते समय सुधाकर राव ने कहाकि मुझे वर्ष 2024 के लिए 'मार्केटिंग के लिए सीके प्रहलाद चेयर अवॉर्ड' का प्राप्तकर्ता होने का वास्तव में सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह सम्मान मुझे बेहद खुशी और गर्व से भर देता है, और मैं वास्तव में इसके लिए उत्साहित हूं। प्रसिद्ध बिजनेस रणनीतिकार सीके प्रहलाद के नाम पर दिए गए इस पुरस्कार का महत्व मेरे लिए अज्ञात नहीं है। यह ब्रांडिंग और मार्केटिंग क्षेत्र में अपने काम में मेरे द्वारा किए गए ईमानदार प्रयास और उत्साह को रेखांकित करता है। मेरे प्रयासों को इस तरह से स्वीकार किया जाना विनम्र और अत्यधिक संतुष्टिदायक है।

---

कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने

# सेबी ने अपने स्टाफ के लिए नियम किए सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों के लिए कुछ नियम सख्त कर दिया है। इस सख्ती के बाद सेबी अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपट सकेगा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली दूसरी रकम से ली जा सकती है।

कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया



#### ग्रेच्युटी को रोका जा सकता है

*सेबी की तरफ से संशोधित नियम के तहत किसी कर्मचारी के खिलाफ शुरू की गई किसी भी कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान संबंधित कर्मचारी को मिलने वाली ग्रेच्यूटी को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से रोका जा सकता है। हालांकि कार्यवाही पूरी होने के बाद निर्दोष पाए जाने पर कर्मचारी को ग्रेच्यूटी का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने डेरिवेटिव सेगमेंट में मार्केट का समय बढ़ाने के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। बताया गया है कि ब्रोकर कम्यूनिटी के बीच आम सहमति की कमी से सेबी ने ट्रेडिंग समय बढ़ाने के एक्सचेंज के प्रस्ताव को वापस कर दिया है।*

#### नहीं बढ़ेगा शेयर बाजार में ट्रेडिंग का समय

सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने वाले प्रस्ताव को वापस लौटा दिया है. निवेशकों और ट्रेडर्स के लिहाज से ये बड़ी खबर है। कुछ समय में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से एक प्रस्ताव रखा गया था। इस प्रस्ताव के तहत इंडेक्स फ्यूचर्स में ट्रेडिंग का समय बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन सेबी ने इस प्रस्ताव को अब खारिज कर दिया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने बताया कि सेबी ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

एनएसई के सीईओ ने कहा कि सेबी ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ब्रोकर कम्यूनिटी की ओर से सहमति ना मिलने की वजह से सेबी ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हालांकि ट्रेडिंग का समय बढ़ाने वाले प्रस्ताव को एएनएमआई यानी कि एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी और ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स फोरम इस बारे में सेबी को औपचारिक लेटर लिखेगा। उल्लेखनीय है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की ओर से ट्रेडिंग का समय बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था।

#### इस्तीफा दे चुके कर्मचारी पर भी होगा लागू

सेबी के मुताबिक यह कदम तब उठाया जा सकता है जब किसी कर्मचारी ने कथित तौर पर अनुचित मकसद के लिए या भ्रष्ट तरीके से काम किया हो या भ्रष्ट इरादे से अपनी शक्तियों का प्रयोग किया हो। बाजार नियामक ने 6 मई की अपने नोटिफिकेशन में कहा कि नई व्यवस्था उन कर्मचारियों पर भी लागू होगी जिन्होंने इस्तीफा दे दिया है या रिटायर हो गए हैं या प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा कर लिया है। नए नियम लागू हो गए हैं।

## आरएंडडी निवेश को प्राथमिकता दी जाए : तरुण मेहता

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी के सीईओ, तरुण मेहता ने हाल ही में एक ट्वीट में भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आरएंडडी) में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्यमियों को भारत में एक मिलियन इंजीनियर्स के आरएंडडी का लक्ष्य बनाना चाहिए। बीवॉयडी द्वारा आरएंडडी में किए गए बड़े निवेश और इसमें इंजीनियर्स की बढ़ती हुई टीम के बारे में भी बताया। मेहता ने कहा



कि टेक्नोलॉजिकल प्रगति में चीन की सफलता, खासकर इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में, आरएंडडी में किए गए भारी निवेश के कारण संभव हुई है। उन्होंने बताया कि बीवॉयडी के पास अब चीन के बाहर संपूर्ण ऑटो उद्योग के मुकाबले ज्यादा बड़ी आरएंडडी टीम है, जिससे उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता लाने के लिए आरएंडडी की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहाकि आरएंडडी टीम का आकार एक लाख लोगों तक पहुंच रहा है, जिनमें से 20 से 30 हजार इंजीनियरों की भर्ती पिछले साल ही की गई है! उनका लगभग 10 प्रतिशत राजस्व आरएंडडी पर खर्च किया जाता है।

---



## करोंद अनाज मंडी के व्यापारियों ने किया उपज लेकर पहुंचे 'पहले 15 किसानों' को सम्मानित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

करोंद स्थित कृषि उपज मंडी के अनाज यॉर्ड के अनाज व्यापारियों की संस्था भोपाल ग्रेन मर्चेन्ट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन ने महापर्व मतदान दिवस यानी 7 मई को मतदान करने पहले 15 किसानों को बुधवार को सम्मानित किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने अनाज व्यापारियों की इस संस्था में मतदान पूर्व घोषित किया था कि मतदान का ग्राफ बढ़ाने में योगदान देने वाले किसानों का सम्मान मंडी प्रांगण में किया जाएंगा।

#### शॉल-श्रीफल से सम्मानित

फलतः बुधवार को तीन दिन बाद हुई कृषि उपज के नीलाम के पूर्व सुबह 11 बजे संस्थान ने मंडी पहुंचे पहले 15 किसानों जिन्होंने मताधिकार का प्रयोग किया उनको शॉल-श्रीफल सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडी के सचिव, मंडी अधिकारी, कर्मचारी सहित अनाज व्यापारी मौजूद रहे।

## इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रफ्तार, 60 फीसदी से ज्यादा रिटर्न हो गए प्रोसेस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने का सीजन रफ्तार पकड़ चुका है। आईटीआर फाइलिंग का नया सीजन शुरू हुए एक महीने से कुछ ही समय ज्यादा हुए हैं। अभी डेडलाइन आने में करीब 3 महीने का समय बचा हुआ है। हालांकि टैक्सपेयर्स के साथ-साथ इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने अभी से रफ्तार पकड़ ली है।




सीबीडीटी के द्वारा इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग पोर्टल पर डैशबोर्ड में दिखाए गए आंकड़ों के अनुसार, असेसमेंट ईयर 2024-25 यानी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अब तक 8 लाख से ज्यादा आईटीआर फाइल किए जा चुके हैं। मजेदार है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने उनमें से 60 फीसदी से ज्यादा रिटर्न को अभी ही प्रोसेस कर दिया है।आंकड़े 5 मई 2024 तक के हैं। इस सीजन में 5 मई तक कुल 8 लाख 28 हजार 743 इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किए गए हैं। उनमें से 7 लाख 51 हजार 646 रिटर्न को टैक्सपेयर्स की ओर से वेरिफाई कर दिया गया है।

## मप्र—छग के मोबाइल ग्राहकों का जियो पर भरोसा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ में ग्राहकों का मार्च 2024 मे भी जियो पर भरोसा लगातार बना हुआ है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ताजा रिपोर्ट में जियो के साथ सबसे ज्यादा ग्राहक जुड़े है। मार्च 2024 तक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 4.3 करोड़ से ज्यादा है।

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 7.9 करोड़ मोबाइल ग्राहक है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 4.3 करोड़ से अधिक हो चुकी है। वहीं, वायरलाइन ब्राडबैंड इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 17.5 लाख है। जिसमें जियो फाइबर इंटरनेट उपयोग करने वाले उपभोक्ता 8.1 लाख से ज्यादा है।




#### 2 लाख नए ग्राहक जियो के साथ जुड़े

मार्च 2024 के आंकड़ों पर नजर डाले तो मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में 2 लाख से ज्यादा नए मोबाइल ग्राहक जियो के साथ जुड़े है। जियो का मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ मोबाइल उपभोक्ता में मार्केट शेयर 54.2 फिसदी से अधिक है। तो वहीं, ब्राडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में जियो फाइबर का मार्केट शेयर 46.3 प्रतिशत से ज्यादा है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो की ट्रू 5जी सर्विस दोनों प्रदेश के 86 जिलों में मौजूद है। जियो के सर्किल में 10,500 से अधिक मोबाइल टावर है, जो कि दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटर्स से तीन गुना से भी ज्यादा है।

### चॉइस इंटरनेशनल का राजस्व 759 करोड़ रु. हुआ

**मुंबई।** चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड भारत भर में काम करने वाली अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने परिणामों की घोषणा की। वित्तवर्ष 24 के चौथी तिमाही कुल राजस्व 55 फीसदी बढ़कर 216.4 करोड़ रुपए, एबिटा 46 फीसदी बढ़कर 69.4 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 30 फीसदी बढ़कर 39.4 करोड़ रुपए हो गया। राजस्व योगदान स्टॉक ब्रोकिंग से 60 फीसदी, सलाहकार सेवाओं से 29 फीसदी और एनबीएफसी व्यवसाय से 11 फीसदी रहा। स्टॉक ब्रोकिंग के लिए एयूएम सालाना 31 फीसदी बढ़कर 35,000 करोड़ रुपए हो गया, जबकि धन उत्पादों के लिए एयूएम 72 फीसदी बढ़कर 625 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी के बीमा ब्रोकिंग वर्टिकल ने जोरदार प्रदर्शन किया।

---

## बिजनेस न्यूज

### सामाजिक सेवा बैंकिग के तहत एसबीआई ज्ञानार्जन ने किए कई कार्यक्रम

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल, सामाजिक सेवा गतिविधियों के लिए सदैव ही कार्यरत रहा है। एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक के नेतृत्व में पूरे मंडल में अनेक कार्यक्रमों को चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एसबीआई के स्टेट बैंक ज्ञानार्जन एवं विकास संस्थान, भोपाल द्वारा जल के महत्व पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। संस्थान के समीप सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी दीपक कुमार झा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राहगीरों और सभी उपस्थितजनों को झा एवं संजय कुमार के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने नींबू-पानी उपलब्ध कराया। भारी संख्या में लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए एसबीआई द्वारा चलाए जा रहे इस समाजसेवी कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह सार्वजनिक प्याऊ राहगीरों के लिए पूरी ग्रीष्म ऋतु में उपलब्ध रहेगी। इस कार्य की महत्ता पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक में इस तरह की गतिविधियां सदैव की जाती हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक एवं मण्डल विकास अधिकारी दीपक कुमार झा ने कहा कि स्टेट बैंक के ज्ञानार्जन विकास संस्थान जो ज्ञान के उत्तरोत्तर वृद्धि पर कार्य कर रहे थे, वे भी कार्यक्रम को सफल करने में ज्ञानार्जन विकास संस्थान के निदेशक श्री संजय कुमार और अन्य संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में लोगों ने शपथ ली कि भविष्य में इसको एक आंदोलन के रूप में विकसित किया जाएगा और जनमानस की भागीदारी से इस कार्यक्रम और सफल बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल करने में नीरज याग्निक, गरिमा, अनामिका, धीरज गनवानी और सुबीन सिन्हा का नाम उल्लेखनीय है। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी दीपक कुमार झा और निदेशक संजय कुमार द्वारा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।



### केनरा बैंक का नेट प्रॉफिट 18 प्रतिशत बढ़कर 3,757 करोड़ रुपए हुआ

**भोपाल।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,757 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बेंगलुरु के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 3,175 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,025 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले साल समान तिमाही 28,685 करोड़ रुपए थी। ब्याज आय बढ़कर 28,807 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले साल इसी तिमाही में 23,910 करोड़ रुपए थी। बैंक के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 16.10 रुपए का डिविडेंड देने की सिफारिश की है। इसके लिए आगामी वार्षिक आम बैठक में मंजूरी मिलना आवश्यक है।

### आईआईटी ने पूर्व छात्रों, संगठनों और डोनरों से जुटाई 513 करोड़ रु. राशि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने पूर्व छात्रों, उद्योग संगठनों और अन्य डोनरों से 513 करोड़ रुपए की सर्वाधिक धनराशि जुटा कर इतिहास रच दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में संस्थान के पूर्व छात्रों और कॉर्पोरेट भागीदारों ने कुल मिला कर 717 करोड़ रु. प्रदान करने की नई प्रतिबद्धताएं कीं। इस वर्ष जनहित कार्यों के लिए जुटाई गई इस धनराशि से इसी वर्ष शुरू एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स एक्सीलेंस एडमिशन प्रोग्राम में आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। संस्थान को प्राप्त इस धनराशि का उपयोग प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास के साथ-साथ आईआईटी मद्रास में पहले से विकसित प्रौद्योगिकियां का देश के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक हित के कार्यों में उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा इस राशि का उपयोग सुयोग्य छात्रों को छात्रवृत्ति देने के साथ-साथ संस्थान की बढ़ती बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में भी किया जाएगा।



### थापर इंस्टीट्यूट दे रहा बीई,बीटेक प्रोग्राम्स में एकेडमिक एक्सीलेंस

**नई दिल्ली।** थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60फीसदी होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है। टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है, योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल, यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपए से अधिक थी, इसके अलावा, इंटरनेशनल इंजीनियरिंग प्रोग्राम छात्रों को दुनिया भर में प्रसिद्ध पार्टनर यूनिवर्सिटी जैसे ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड, वर्जीनिया टेक, तल अवीव यूनिवर्सिटी और न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में आसानी से स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है।

### 20 साल की सबसे बड़ी गिरावट कमजोर नतीजों के बाद धड़ाम हुए सोनाटा के शेयर

**मुंबई।** आईटी सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली कंपनी सोनाटा सॉफ्टवेयर के शेयर बुधवार को धड़ाम हो गए हैं। सोनाटा सॉफ्टवेयर के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 15 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट के साथ 538.90 रुपए पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह तेज गिरावट मार्च 2024 तिमाही के कमजोर नतीजों के बाद आई है। जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में सोनाटा सॉफ्टवेयर का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 3 पर्सेंट घटकर 110.4 करोड़ रुपए रहा है। सोनाटा सॉफ्टवेयर के शेयरों में करीब 20 साल में एक दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट है। सोनाटा सॉफ्टवेयर का रेवेन्यू जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में 14.53 पर्सेंट बढ़कर 2191.6 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 1913.5 करोड़ रुपए था।

भारत में म्यांमार से 15,775 टन उड़द एवं 7125 टन तुअर का भी आयात

## 30 हजार टन से अधिक दलहन की खेप चेन्नई पोर्ट पर पहुंची

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शीर्ष व्यापारिक संस्था इंडिया पल्सेस एंड ग्रेंस एसोसिएशन (इपगा) का कहना है कि 21 से 30 अप्रैल 2024 के बीच चेन्नई बंदरगाह पर 30,550 टन आयातित दलहन की खेप पहुंची जो 1222 कंटेनरों के माध्यम से आई थी। एसोसिएशन के अनुसार इसी अवधि के दौरान भारत में म्यांमार से 15,775 टन उड़द एवं 7125 टन तुअर का भी आयात किया गया जो कुल आयात का 75 प्रतिशत रहा।

मोजाम्बिक से भी चेन्नई बंदरगाह पर 5052 टन तुअर का माल आया। कृषि उत्पादों और खासकर दलहनों के आयात क्लीयरेंस की एक विश्लेषक फर्म के हवाले से एसोसिएशन ने यह आंकड़ा बताया है। इसके अलावा चेन्नई बंदरगाह पर 21-30 अप्रैल के बीच जिस दलहन का आयात हुआ



उसमें मलावी से तुअर, अमरीका एवं ऑस्ट्रेलिया से मसूर, म्यांमार से चना एवं राजमा तथा कनाडा से पीली मटर का आयात शामिल था। भारत में दुनिया के अनेक देशों से दलहनों का नियमित रूप से आयात हो रहा है जिसमें तुअर, उड़द, मसूर, चना, पीली मटर, राजमा एवं लोबिया आदि शामिल है। केवल मूंग का आयात नहीं हो रहा है क्योंकि पिछले दो वर्षों से इस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। दलहनों का आयात मुख्यतः कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, म्यांमार, रूस, यूक्रेन एवं अफ्रीकी देशों से होता है।

#### चना के बजाए पीली मटर का आयात

केंद्र सरकार ने 31 अक्टूबर 2024 तक देसी चना एवं पीली मटर के आयात की अनुमति प्रदान की है, लेकिन वैश्विक बाजार में स्टॉक की उपलब्धता एवं कीमतों को देखते हुए लगता है कि भारतीय आयातकों का रूझान चना के बजाए मटर के आयात की तरफ ज्यादा रहेगा। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने चना का घरेलू उत्पादन घटकर 121-122 लाख टन रह जाने का अनुमान लगाया है जबकि उद्योग-व्यापार क्षेत्र के समीक्षकों का मानना है कि वास्तविक उत्पादन इससे 20-25 प्रतिशत कम हो सकता है क्योंकि एक तो रबी सीजन में इसका बिजाई क्षेत्र घट गया।

**आम- सूचना**

फ्लैट नम्बर 105 एच.आई.जी. टाईप, भूमिका फेस–1 भूमिका परिसर, चूना भट्टी कोलार भोपाल के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री गुलप्रीत सिंह आत्मज श्री उपकार सिंह, उपकार सिंह आत्मज गुरूमुख सिंह एवं इकप्रीत सिंह आत्मज श्री उपकार सिंह सभी निवासीगण – फ्लैट नम्बर 105, एच.आई.जी टाईप, द्वितीय तल भूमिका फेस–1, भूमिका परिसर चूना भट्टी कोलार रोड भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय फ्लैट नम्बर 105, एचआईजी टाईप, द्वितीय तल जिसका क्षेत्रफल – 92.93 वर्गमीटर है जो कि भूमिका फेस–1, भूमिका परिसर वार्ड नम्बर 30, चूना भट्टी वर्तमान तहसील – कोलार जिला – भोपाल में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाऐं निम्नानुसार है दिशा पूरब में – फ्लैट नम्बर 103, दिशा पश्चिम में – फ्लैटनम्बर – 107, दिशा उत्तर में – रोड, दिशा दक्षिण में – फ्लैट नम्बर 106 है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, हिवा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वे व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात दिवस) के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेगा ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय (उत्तम धोटे, अधिवक्ता)
एमआईजी – 101 विजय स्तम्भ
जोन–1 एम.पी. नगर भोपाल

चिंतन

# नस्लीय उपमाओं से बचें कांग्रेस के नेता

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के चीनी, अरबी, गोरों व अफ्रीकी बयान से उनकी विभाजनकारी सोच परिलक्षित होती है। उच्च शिक्षित, भारत में कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार सैम पित्रोदा जैसी शख्सियत से भारत की विविधता के लिए रंगभेद आधारित उपमा की उम्मीद नहीं की जा सकती है। भारत के संदर्भ में सैम पित्रोदा का बयान शर्मनाक है, दुर्भाग्यपूर्ण है, निंदनीय है। कांग्रेस ने भी इसे गलत व अस्वीकार्य कहा है। भारत में अनेक स्तर पर विविधताएं हैं, लेकिन मजबूत एकता भी है। देश में विभिन्न धर्म-जाति, विभिन्न भाषा-संस्कृति, विभिन्न कद-काठी, विभिन्न रहन-सहन, विभिन्न वेशभूषा के लोग रहते हैं, सभी मिलजुल कर सदभाव व सौहार्द के साथ रहते हैं। इसलिए कहा जाता है कि भारत विभिन्नता में एकता वाला देश है। शायद पित्रोदा भी यही करना चाहते हों, लेकिन उनकी उपमाएं अच्छा संदेश नहीं दे रही हैं। देश की फिजा समावेशी है, लेकिन कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के नस्लीय बयान से देश की विभाजनकारी ताकतों को हवा मिलती है। पहले से ही भारत के अनेक दुश्मन हैं, वे हमेशा ऐसी ताक में रहते हैं कि उन्हें भारत को कमजोर करने का असर मिले। यह बात पित्रोदा भी भलीभांति जानते हैं। बेशक कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से खुद को अलग कर लिया है, सैम ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, पर इससे उनके बयान के खतरे कम नहीं हो जाते हैं। चाहे पूर्वोत्तर के लोग हो, उत्तर के हों, पश्चिम के हों, या दक्षिण भारत के लोग हों, सभी भारतीय हैं। सभी के दिल में तिरंगा बसता है। सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के रंग के आधार पर उनकी तुलना विदेशी मुल्कों के वासियों से करके सभी भारतवासियों को कष्ट पहुंचाया है, भारतीयों के दिल को चोट पहुंचाया है। सैम पित्रोदा को इसका एहसास है? इससे पहले भी सैम ने विरासत टैक्स की बात चुनाव के दौरान उठाकर कांग्रेस को संकट में डाला है। भारत में विरासत टैक्स जैसी बात व्यवहारिक नहीं है। विरासत टैक्स के विचार को पहले ही खारिज किया जा चुका है। कांग्रेस अपने पूर्व नेता मणिशंकर अय्यर के चायवाले बयान का खामियाजा भुगत चुकी है। कांग्रेस में अनेक बयानवीर नेता हैं, जो अपनी ही पार्टी को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। चाहे दिग्विजय सिंह हों, शशि थरूर हों, अपने बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा चुके हैं। शशि थरूर का कैटल क्लास वाला बयान भारत की गरीब जनता का अपमान था। देश में लोकसभा चुनाव जारी है, तीन चरण के मतदान हो चुके हैं, चार चरण शेष हैं, प्रचार अभियान शबाब पर है, इस बीच सैम पित्रोदा ने पहले विरासत कर और नस्लीय बयान देकर भाजपा को बैठे बिठाए मुद्दा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोरदार तरीके से कांग्रेस पर हमला बोला है। भले ही कांग्रेस को लगे कि सैम पित्रोदा के इन बयानों से उसके चुनावी प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन विश्वास से कुछ नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस के मोमेंटम का गहरा धक्का लग सकता है। अभी जब पूरी दुनिया में रंगभेद के खिलाफ सोच विकसित हुई है। यूरोप, अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरेशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया आदि सभी महादेशों में रंगभेद, नस्लभेद, जातिभेद और धर्मभेद के खिलाफ अलग-अलग स्तर पर विमर्श चल रहे हैं, जिसमें दुनिया को मानवता की दृष्टि से और सभी मानव एक हैं, के नजरिये से देखने की बात हो रही है। रंगभेद के खिलाफ कानून तक बना है। हो सकता है कि सैम पित्रोदा की मंशा न हो, पर उनकी बातों से नस्लभेद का संदेश ही निकला। अगर पित्रोदा देश की एकता, विविधता को मजबूत करने वाली सरल उपमाएं लोगों के सामने रखते तो, अच्छा होता।

जयंती

योगेश कुमार गोयल



# सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे महाराणा प्रताप

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को लोहे के चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। इतिहासकार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्रायः दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाइयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं। इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाई जा रही है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप के बारे में कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। मुगल सम्राट अकबर भारत के सभी राजा-महाराजाओं को अपने अधीन कर मुगल साम्राज्य की स्थापना कर पूरे हिन्दुस्तान में इस्लामिक परचम फहराना चाहता था, इसीलिए उसने महाराणा प्रताप के मेवाड़ को जीतने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमाल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया, बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़ा। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए। हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चयी, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे। महाराणा प्रताप सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मतदान और बढ़ाने की जरूरत



तीसरा चरण

प्रमोद भार्गव

18वीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

अठारहवीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। असम में सबसे ज्यादा 75.01 प्रतिशत और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.09 प्रतिशत मत पड़े। अभी इस मतदान के और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि दूर-दराज के इलाकों से मतदानकर्मी देर-रात तक वापस आकर आंकड़े दे पाते हैं। हालांकि इन सीटों पर 2014 में 65.38 और 2019 में 67.62 फीसदी मत पड़े थे। इस अनुपात में 2024 में पड़ा मत कम है। मध्यप्रदेश में जिन 9 सीटों पर चुनाव हुआ है, उन पर औसत मतदान 66.50 फीसद रहा, जबकि 2019 की तुलना में यह मतदान मात्र 0.38 प्रतिशत कम है। तब 66.88 प्रतिशत वोट पड़े थे। मध्यप्रदेश में सबसे कम भिंड लोकसभा सीट पर 55.44 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी होने से बहुचर्चित रही सीट राजगढ़ में 76.19 प्रतिशत वोट पड़े हैं। इस बड़े प्रतिशत को राजगढ़ में कांग्रेस अपने पक्ष में तो भाजपा राम लहर का परिणाम बता रही है। इस मतदान के बढ़ने के कारणों में तिथि में शादी-विवाह न होना और खेती-किसानी का समाप्त हो जाना माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी कुछ ऐसे प्रयोग किए हैं, जो मतदान बढ़ाने में सहायक रहे हैं। बावजूद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और बिहार समेत अन्य राज्यों की कई सीटों पर मतदान का प्रतिशत 55 से 59 रहना चिंताजनक है।

जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा होना है। ऐसा राष्ट्रीय मुद्दों का उन क्षेत्रों में प्रभावशील होना माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते 350 से ज्यादा सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने में आएगा। यही रुख नरेंद्र मोदी के संकल्प 400 पार को पूरा करता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 और 35-ए के खात्मे के साथ तीन तलाक जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। राम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी दूसरे कार्यकाल में खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में होती दिखाई देने लगी थी, जो पहले चरण में हुए मतदान के उत्साहजनक प्रतिशत से पुष्ट हुई है। अब लोग चाहते हैं कि समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण जैसे कानून जल्द अस्तित्व में आएं? साथ ही रोजगार की उपलब्धता, महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश भी मतदाता चाहता है। बहुआयामी चुनाव सुधार के कारगर नतीजे पूरे देश में दिख रहे हैं। इसका श्रेय निर्वाचन आयोग के साथ, लोकतंत्र के इस अभूतपूर्व पर्व में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने की उन अपीलों को भी जाता है, जो दृश्य, श्रव्य व मुद्रित प्रचार माध्यमों से निरंतर जारी हैं। पूर्वोत्तर भारत से लेकर




दशों दिशाओं में शांतिपूर्ण मतदान में जो सुधार हुआ है, उसे बेहतर, पारदर्शी व फोटो लगी मतदाता सूचियों का भी बड़ा योगदान है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आयोग ने छूटे रह गए मतदाताओं को अपने नाम का पंजीयन कराने का जो अवसर दिया, उसे भी रेखांकित करना जरूरी है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदाता ने जो उदासीनता दिखाई है, उसके चलते ऐसा लग रहा है कि जीत का इकतरफा माहौल बन जाने के कारण कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला। अतएव अभी मतदाता को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है।

आयोग की सख्ती से चुनाव गुंडा-शक्ति से मुक्त हुए हैं। इस कारण मतदान केंद्रों पर लूटपाट और खून-खराबे के जो हालात बन जाते थे, उनका कमोवेश खात्मा हो गया है। भय-विहीन स्थिति के चलते आम मतदाता निसंकोच मतदान करने लगा है। नोटा के विकल्प ने भी मतदाता को आकर्षित किया है। लिहाजा मौजूदा उम्मीदवारों से निराश मतदाता नकारात्मक मत प्रयोग के लिए घरों से निकलने लगे हैं। जाहिर है, अतिवादी ताकतें कमजोर पड़ रही हैं। सजायाफ्ताओं के चुनाव लड़ने के प्रतिबंध से भी चुनाव प्रक्रिया साफ-सुथरी व भयमुक्त हुई है, इसीलिए मतदान को लेकर सबसे प्रमुख रुझान जम्मू-कश्मीर में देखने को मिला है। जहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहे हैं। यही स्थिति जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में दिखी है। साफ है, जनमानस संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र के प्रति सजग व जागरूक है। मतदान के अगले चार चरणों में यदि मतदान 70 फीसदी से ऊपर पहुंचता है तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदाओं व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारी से मुक्ति दिलाएगी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा मतदान या औसत 70 प्रतिशत तक पहुंचा मतदान उन सब मिथकों को तोड़ रहे हैं, जो तुष्टिकरण के कारक आजादी के बाद से ही बने रहे हैं। कष्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है, लेकिन अब वहां हालात तेजी से बदल रहे हैं और भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होने के लिए बढ़-चढ़कर लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी करने लगे हैं। जाहिर है, मतदाताओं के ध्रुवीकरण की राजनीति को पलीता लग रहा है। नतीजतन समुदाय और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लगा है और उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडिया गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। गठबंधन की परिणति पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी में डालने वाला बयान देते हुए कहा कि 'कांग्रेस और वामदल इंडिया गठबंधन के घटक दल नहीं है। कांग्रेस और माकपा ने भाजपा से गुप्त समझौता कर लिया है।' इस बयान में कितनी सच्चाई है, यह कहना तो कठिन है, लेकिन बंगाल के परिप्रेक्ष्य में ममता ने यह संदेश जरूर दे दिया कि बंगाल के मतदाता को भाजपा समेत अन्य विरोधी दलों पर भरोसा करना ठीक नहीं है। साफ है, ममता बंगाल में अपने बल-बूते पर ही चुनाव लड़ रही हैं।

इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी गठबंधन के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। बावजूद राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें वोट कटवा दल कहकर नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे ही प्रभावी रहेंगे। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट




संकलित

दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए।

# जहां मतभेद होते हैं वहां सफलता नहीं होती




संकलित

प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इसके बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करता रहता है, जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके।

सटाका




आज की पाती

## घटते पेड़ बढ़ती गर्मी का कारण

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में लू परेशान करती है। कभी कभी लू स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर डालती है और यह हमें बीमार भी कर सकती है। इसलिए दोपहर को बाहर निकलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। स्कूल प्रशासन को भी स्कूल टाइम में चेंज करना चाहिए। देश के कुछ राज्यों में कहीं-कहीं लू भी चलने लगी है। जिस तरह गर्मी ने अभी से अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू किए हैं, इससे यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल नहीं है कि भविष्य में हमें गर्मी और ज्यादा परेशान करेगी। आज से कुछ समय पहले एसी और कूलर नाममात्र के होते थे, लेकिन बढ़ती गर्मी ने इसमें भी इजाफा कर दिया है। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही, तो क्या आने वाले समय में एसी भी गर्मी से बचाने में हमारी मदद कर पाएंगे? – *पवन सिंह खेडा, रायगढ़*

करंट अफेयर

# भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर से अधिक धन मिला

संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किये गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है।'



ऑफ बीट

# ईसा पूर्व चौथी शताब्दी से मिलता है कैंसर का विवरण

कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति का सबसे पहला विवरण चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से मिलता है। काला सागर पर हेराक्लीया शहर के तानाशाह सैटिरस जांघ और अंडकोश के बीच कैंसर हो गया। जैसे-जैसे कैंसर फैलता गया, सैटिरस को बेतहाशा दर्द होने लगा। वह सो नहीं पाता था और उसे ऐंठन होती थी। शरीर के उस हिस्से में फैलने वाले कैंसर को लाइलाज माना जाता था, और ऐसी कोई दवा नहीं थी जो पीड़ा को कम कर सके। इसलिए डॉक्टर कुछ नहीं कर सके। आख़िरकार, कैंसर ने 65 वर्ष की आयु में सैटिरस की जान ले ली। इस काल में कैंसर के बारे में लोग जानते थे। पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत या चौथी शताब्दी के प्रारंभ में लिखे गए एक पाठ, जिसे महिलाओं के रोग कहा जाता है, में बताया गया है कि स्तन कैंसर कैसे विकसित होता है। इसमें बताया गया है कि कैंसर होने पर कठोर गांठें बनने लगती हैं, जिनमें छिपे हुए कैंसर विकसित होते हैं, मरीजों के स्तनों से लेकर उनके गले और कंधे तक दर्द होता है, ऐसे रोगियों का पूरा शरीर पतला हो जाता है, सांस लेना कम हो जाता है, गंध महसूस नहीं होती है। इस अवधि के अन्य चिकित्सा कार्यों में विभिन्न प्रकार के कैंसर का वर्णन किया गया है।



ट्रेंड

## नामीबिया को बधाई



हम नामीबिया को मां-से-बच्चे में संचरण को खत्म करने की दिशा में प्रथम बनने पर बधाई देते हैं। हम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयासों के लिए डब्ल्यूएचओ के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदायों को सलाम करते हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

## स्पष्टता से घटित हो जीवन



आपका जीवन आपकी अपनी स्पष्टता और क्षमता से घटित हो, न कि संयोग से या दूसरों की करुणा और दयालुता से। एक बार जब आपके और आपकी विचार प्रक्रिया के बीच दूरी आ जाती है, तो एक नई स्वतंत्रता का जन्म होता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

## आरक्षण का आधार धर्म नहीं



आरक्षण का आधार धर्म नहीं, सामाजिक पिछड़ापन है। पीएम को इतनी भी समझ नहीं। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या मोदी ने कभी मंडल कमीशन की सिफ़ारिशें पढ़ी है? इसमें 3500 से अधिक पिछड़ी जातियों और अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

## तानाशाही से लड़ता रहूंगा



भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ और मुझे जेल में डाला गया। मेरा नाम कन्हैया है, भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलते हुए तानाशाही से लड़ता रहूंगा। सही के साथ और ग़लत के खिलाफ खड़ा होकर मैं मरते दम तक उस धर्म की रक्षा करूंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस सांसद



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर तिराहे पर मंगलवार रात को हुआ हादसा

# महिला आरक्षक की स्कूटर और बाइक को टक्कर मारने के बाद सांची पार्लर में घुसी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर तिराहा पर मंगलवार रात एक तेज रफ्तार ईको स्पोर्ट्स कार ने स्कूटर सवार महिला आरक्षक को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी और बाइक को टक्कर मारते हुए सांची पार्लर और पान की गुमटी में जा घुसी। हादसे में महिला आरक्षक समेत दो लोगों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

*महिला आरक्षक समेत दो लोगों को गंभीर चोट आई*


*पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।*

**खास बातें**

- सुदान सिंह ड्राइविंग सीट पर बैठकर घनश्याम के लौटने का इंतजार कर रहे थे
- साक्षी ढाबे की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ईको स्पोर्ट्स कार ने मारी टक्कर

**घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई थी**

पुलिस के अनुसार घनश्याम मारन (40) ग्राम बरखेड़ी कला थाना रातीबड़ में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। मंगलवार रात करीब 10 बजे वह अपने बड़े भाई सुदान सिंह मारन के साथ कार से जवाहर चौक से घर लौट रहे थे। कार बड़ा भाई सुदान सिंह चला रहे थे। सूरज नगर तिराहा पर उन्होंने सड़क किनारे अपनी कार रोकी और कार से उतरकर सामने स्थित



सांची दुग्ध पार्लर पर दूध लेने के लिए चले गए। उनके भाई सुदान सिंह ड्राइविंग सीट पर बैठकर घनश्याम के लौटने का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच साक्षी ढाबे की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ईको स्पोर्ट्स कार के चालक ने सड़क पर जा रही महिला आरक्षक की स्कूटर को टक्कर मारने के बाद घनश्याम की कार में पीछे से टक्कर मारी और फिर वहीं खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए सामने स्थित सांची पार्लर और पान की गुमठी में जाकर घुस गई। इस हादसे में स्कूटर सवार महिला आरक्षक नेहा लिटोरिया और कार में बैठे सुदान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 100 ने महिला आरक्षक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जबकि घनश्याम ने अपने बड़े भाई सुदान सिंह को गीतांजलि कॉम्पलेक्स स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के समय घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई थी। बुधवार की सुबह पुलिस ने घनश्याम की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। घायल महिला आरक्षक नेहा रातीबड़ थाने में पदस्थ हैं और घटना के समय ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रही थी।

स्वामी भगत प्रकाश महाराज के संतनगर में हुए प्रवचन

# जो भक्ति मार्ग पर चलेगा, उनको चिंता करने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


श्री प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष पूज्य गुरुवर स्वामी भगतप्रकाश महाराज (अमरापुर) अपनी संत मंडली मनोहरलाल (जयपुर), मनोहरलाल (ग्वालीयर), लालूराम (इन्दौर), डालूराम, लालचन्द, हरीओम, कमल साई, दीपक साई, लोकचन्द साई, कमल साईं, (गांधीधाम) के साथ बुधवार बैरागढ़ पधारें, जहाँ बड़ी संख्या में लोग महाराज के दर्शन एवं स्वागत के लिए उपस्थित हुए। इसके बाद स्वामी भगत प्रकाश महाराज के द्वारा शाम को प्रेम प्रकाश कॉलोनी स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में अमृतमयी प्रवचनों की वर्षा हुई। स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने कहा कि मनुष्य के दिल से जो प्रार्थना निकलती है उसे ईश्वर जरूर सुनते हैं।



**हाथी का प्रसंग सुनाया**

स्वामीजी ने हाथी के प्रसंग को बताते हुए कहा कि जब हाथी को मगरमच्छ ने पकड़ लिया तो उस समय उस हाथी ने केवल राम का एक शब्द बोला और दूसरा शब्द जब तक बोले तब तक परमात्मा उसकी मदद के लिए प्रगट हो गए। स्वामी ने सभी सेवाधारियों और सारी संगत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस शहर में नई दरबार का निर्माण कार्य चल रहा है।

**खबर संक्षेप**



### बाबा श्याम की हवेली का भूमिपूजन समारोह कल

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में आगामी 10 मई को खाटू श्याम की हवेली का भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसकी जानकारी श्री श्याम मित्र मंडल के संजय अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर में श्री मंडीदीप नरेश की हवेली का भूमि पूजन समारोह किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मंत्री विश्वास सारंग भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा विधायक रामेश्वर शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल आदि होंगे।

### विस विस्तारक राधेश्याम का किया अभिनंदन



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में लोकसभा चुनाव के लिए भोजपुर विधानसभा के रूप में कार्यरत विस विस्तारक राधेश्याम श्रीवास्तव का बुधवार को सामाजिक संगठनों ने नागरिक अभिनंदन किया। सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, नेमीरतन परमार्थिक ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुनील जैन काला ने उनको स्मृति चिन्ह प्रदान कर किए कार्यों के लिए अभिनंदन किया।

### बीमारी से परेशान होकर लगाई फांसी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम रुसल्ली में 50 साल के व्यक्ति ने फांसी लगा ली। वह बीमारी और थे शराब की लत से भी परेशान थे। बीमारी के कारण करीब छह महीने से उन्होंने काम भी छोड़ दिया था। घटना के समय वह शराब पीकर घर लौटे थे। पुलिस के अनुसार भागीरथ यादव करीब छह माह पहले तक प्राइवेट काम करते थे। शराब पीने की लत के चलते उनका काम छूट गया था। कुछ दिन पहले उन्हें अटैक भी आ गया था। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे वह शराब पीकर घर लौटे थे। कुछ देर बाद ही उन्होंने घर की बंद पड़ी दुकान में नायलोन की रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

### मातृभाषा समारोह का आयोजन 11 से

**भोपाल।** समाज में मातृभाषा के व्यावहारिक उपयोग को बढ़ाने तथा विकसित भारत अभियान अभियान को गति देने के लिए भोपाल के विभिन्न भाषाई समाजों की भागीदारी से मातृभाषा समारोह का आयोजन 11 और 12 मई को किया जाएगा। आयोजन सुभाष खेल मैदान, शक्ति नगर में शाम 6 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन एवं भाषायी समाजों के व्यंजन स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शुभांकः | 0549 | | |
| दिनः | 116 | 83 | 670 |
| रातः | 149 | 46 | 240 |

मालवीय नगर स्थित बापू की कुटिया के पास वारदात को दिया अंजाम

# दो नकाबपोशों ने देर रात यू-ट्यूबर पर किया हमला, 50 से अधिक आए टांके

- *घायल यू-ट्यूबर के अलावा कपड़ा व्यापारी भी हैं*
- *चेहरे पर नकाब होने के कारण बदमाशों का चेहरा नहीं देखा*
- *पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित मालवीय नगर में बापू की कुटिया के पास काले रंग की स्कूटी सवार दो नकाबपोशों ने यू ट्यूबर पर जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियार से हमला होने के कारण उनके एक हाथ व कंधे के पास पीठ में गंभीर चोट आई हैं। उन्होंने गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उन्हें करीब 50 से अधिक टांके आए हैं। घायल यू ट्यूबर के अलावा कपड़ा व्यापारी भी हैं।

**दुकान बंद कर एक्टिवा से घर लौट रहे थे**



पुलिस के अनुसार जोगीपुरा बरखेड़ी निवासी भूपेंद्र जोगी (38) की न्यू मार्केट में कपड़े की दुकान है। कपड़े की दुकान के अलावा उन्हें वीडियो बनाकर यू ट्यूब में अपलोड करने का शौक है। उनके वीडियो देखने वालों की संख्या लाखों में है और वह काफी मशहूर है। प्रतिदिन की तरह वह दुकान पहुंचे थे और मंगलवार रात करीब सवा 10 बजे दुकान बंद कर अपनी काले रंग की एक्टिवा से घर लौट रहे थे। बापू की कुटिया के पास मालवीय नगर में पीछे से स्कूटी सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उन पर हमला बोल दिया। हमला करने की वजह से वह एक्टिवा समेत नीचे गिर गए थे। बदमाशों ने पहला वार उनके हाथ पर किया था। नीचे गिरते ही बदमाशों ने धारदार हथियार से कंधे के पास उनकी पीठ पर वार किया और फरार हो गए। चेहरे पर नकाब होने के कारण वह न तो बदमाशों को पहचान सके और न ही उनका चेहरा देख सके। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

**दुकानों में लगे कैमरे के फुटेज देख रही पुलिस**

पुलिस का कहना है कि जानलेवा हमला के लिए भूपेन्द्र जोगी ने किसी पर आरोप नहीं लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं है। मुंह पर कपड़ा बांधे होने के कारण वह हमलवारों को पहचान नहीं सके। पुलिस की टीमें ने न्यू मार्केट से लेकर घटनास्थल की ओर जाने वाले मार्ग की एक-एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**बेहतर सड़कों का वीडियो किया था वायरल**

बताया जा रहा है कि भूपेन्द्र जोगी यू-ट्यूब के लिए वीडियो बनाकर अपलोड करते हैं। उनके यू-ट्यूब चेनल पर ढाई लाख से अधिक फॉलोअर हैं। पहली बार वह उस समय चर्चा में आए, जब उनका एक वीडियो अमेरिका से बेहतर भोपाल की सड़कें वाला वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में दावा किया गया था कि उन्होंने अमेरिका से बेहतर सड़कें भोपाल में तलाश ली हैं। लाखों की संख्या में लोगों ने उस वीडियो को देखा था।

### आटा चक्की में साड़ी फंसी गले में फंदा कसने से महिला की मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित गांव शोभापुर में मंगलवार शाम आटा चक्की में अनाज पीस रही महिला की साड़ी चक्की के पट्टे में फंस गई। साड़ी फंसने से महिला के गले में फंदा लग गया था। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामवती बाई पति हिम्मत सिंह (50) गांव शोभापुर झुग्गी बस्ती कोलार में रहती थी। वह गृहणी थी। उनकी गांव में थोड़ी बहुत जमीन है और पति मजदूरी करते हैं। परिजन ने बताया कि मंगलवार शाम रामवती बाई घर की छोटी आटा चक्की में अनाज पीस रही थी। इस दौरान साड़ी का पल्ला चक्की के बेल्ट में फंस गया। चलती चक्की में पल्ला फंसने के कारण साड़ी गले में लिपट गई थी और फंदा कस गया था। आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और चक्की बंद कर रामवती बाई को अस्पताल पहुंचाया। वहां कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने रामवती बाई को मृत घोषित कर दिया।

▸ कोलार के गांव शोभापुर में झुग्गी बस्ती में हुआ हादसा

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला जालसाज एक साल बाद गिरफ्तार

## कोर्ट में सरेंडर करने से पूर्व क्राइम ब्रांच ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने वाले आरोपी को एक साल बाद गिरफ्तार कर लिया। उक्त प्रकरण में पुलिस आरोपी के 2 बेटों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। तीनों मिलकर बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी करते थे।



क्राइम ब्रांच के अनुसार बिजली नगर कालोनी गोविंदपुरा निवासी गनपत सिंह (30) ने शिकायत की थी कि शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रमोद मिश्रा, प्रकाश मिश्रा और उनके पिता अरुण मिश्रा ने 30 लाख रुपए लिए थे। नौकरी नहीं मिलने पर जब उनसे रुपए वापस मांगे तो उन्होंने रुपए देने से इंकार कर दिया। आरोपियों ने दिसंबर 2022 में एक चेक दिया था। उक्त चेक लेकर गणपत बैंक पहुंचे और जमा किया तो चेक बाउंस हो गया। पुलिस ने गणपत सिंह की शिकायत पर तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी प्रकाश मिश्रा और उसके भाई प्रमोद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पिता अरुण मिश्रा फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। आरोपी भोपाल से फरार होने के बाद रीवा चला गया था। पुलिस टीम जब रीवा पहुंची तो वह छत्तीसगढ़ भाग निकला। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अरुण मिश्रा (55) जिला कोर्ट के आसपास नजर आया है। वह कोर्ट में सरेंडर कर सकता है। वह सरेंडर करता इससे पहले ही क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि बाप-बेटों ने मिलकर दर्जनों बेरोजगारों से लाखों रुपए ऐंठे थे।

### निर्माणाधीन मल्टी से गिरकर मजदूर की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सलैया में बुधवार दोपहर निर्माणाधीन मल्टी में एक मजदूर गिर गया। हादसा सीढ़ियों से चढ़ते समय हुआ। उसे साथी मजदूर एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान शाम करीब पांच बजे के आसपास मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। गुरुवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंपा जाएगा। थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि धर्मेंद्र साहू पिता आनंद साहू (38) इंद्रा नगर, मल्टी 12 नंबर में रहता था और मजदूरी करता था। उसका काम सलैया स्थित निर्माणाधीन मल्टी में चल रहा था। बुधवार दोपहर वह मल्टी में काम कर रहा था। साथी मजदूर ने बताया सीढ़ियों से चढ़ते समय उसका संतुलन बिगड़ा और वह पहली मंजिल की सीढ़ियों से नीचे गिर गया था। गिरने के कारण उसकी नाक और मुंह में गंभीर चोट थी और खून बह रहा था।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

## बाल मित्र महिलाओं ने रैली निकाल कर बाल विवाह नहीं करने का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को बाल मित्र महिलाओं ने शीतल टाउन में रैली निकाली। कृषक सहयोग संस्थान की बाल मित्र महिलाएं रैली में बाल विवाह से होने वाले नुकसान और कानून की जानकारी देने वाले पोस्टर लिए चल रही थीं।

रैली में लोगों को बताया कि बाल विवाह कराओगे तो मुश्किल में पड़ जाओगे। हम सब ने यह ठाना है, बाल विवाह मिटाना है। पढ़ने लिखने की उम्र है, बाल विवाह जुर्म है, जैसे नारे लगाए। इसके बाद सभी ने अक्षय तृतीया पर एक भी बाल विवाह न होने देने का संकल्प लिया। बाल मित्र गंगा खातरकर, डाली पाल, शीतल पाटिल ने बताया कि कृषक सहयोग संस्थान के साथ मिलकर वे बच्चों के लिए आदर्श वातावरण बनाने के लिए कार्यरत हैं।

### पटवा ने चुनाव संपन्न होने पर मतदाता, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारियों का माना आभार

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मतदान के तीसरे चरण में मंगलवार को विदिशा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान कार्य संपन्न कराने पर भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं, मतदान कार्य में लगे समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।



विधायक पटवा ने बताया विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा संगठन ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को यहां से प्रत्याशी बनाया उनके प्रत्याशी बनने के बाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कार्यकर्ता, मतदाता, लाड़ली बहनों में उत्साह का माहौल नजर आया। मंगलवार को मतदाता, कार्यकर्ताओं ने इस महायज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान कार्य को सफलतापूर्ण सफल करवाने पर में अपका धन्यवाद करता हूं।


पेट में दर्द होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, तो डॉक्टर ने 16 हफ्ते का गर्भ बताया

# तेरह साल की किशोरी से चचेरे भाई ने किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित एक बस्ती में 13 साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का खुलासा उस समय हुआ, जब पेट में दर्द होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में सोनोग्राफी कराने पर पता चला कि उसे 16 हफ्ते का गर्भ है। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि रायसेन में रहने वाला उसके बड़े पिता के बेटे ने उसके साथ गलत हरकत की थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार 13 साल की नाबालिग इलाके की एक झुग्गी बस्ती में रहती है और कक्षा आठवीं में पढ़ती है। उसके माता-पिता प्राइवेट काम करते हैं। पीड़िता के परिजन ने बताया कि बेटी के पेट में तकलीफ थी। वह उसे लेकर अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने सोनोग्राफी की। सोनाग्राफी में पता चला कि वह गर्भवती है और उसे 16 महीने का गर्भ है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची महिला अधिकारी ने बच्ची से पूछताछ की तो पता चला कि रायसेन में उसके बड़े पिता रहते हैं। बड़े पिता का बेटा 20 साल का है। भाई होने के कारण वह घर आता था। फरवरी के महीने में भी वह घर आया था और उसने किशोरी से शारीरिक संबंध बनाए थे।



### जमानत पर छूटकर आए आरोपी ने फिर युवती से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता से जेल से छूटकर आए आरोपी द्वारा दौबारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी महिला से दुष्कर्म के मामले में पिछले दिनों जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद आरोपी ने दोबारा घटना को अंजाम दिया। उक्त मामले में आरोपी के भाई को भी सहआरोपी बनाया है। आरोप है कि उसने प्रकरण वापस लेने के लिए दबाव बनाया और घटना के समय भाई घर बाहर खड़े रहकर पहरेदारी करता रहा। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 34 साल की महिला प्राइवेट काम करती है। वह शादीशुदा है, लेकिन पारिवारिक कारणों के कारण कुछ समय बाद ही महिला अपने पति से अलग हो गई। गत वर्ष महिला की पहचान सुधीर त्यागी से हुई। वह महिला के छोटे-मोटे कामों में उसकी मदद करने लगा। दोस्ती गहरी हुई तो सुधीर ने महिला को शादी करने का झांसा दिया और उसका शारीरिक शोषण करने लगा। लंबे समय तक दैहिक शोषण करने के बाद शादी का दबाव बनाया तो सुधीर फरार हो गया। परेशान होकर पीड़िता ने पिछले महीने थाने जाकर उसके खिलाफ दुष्मर्क का प्रकरण दर्ज करवा दिया। पीड़िता का आरोप है कि एक मई की रात करीब 12 बजे सुधीर अपने भाई रिषीकांत के साथ घर पहुंचा और केस वापस लेने के लिए दबाव डालने लगा। महिला ने जब इंकार किया तो सुधीर ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

भौंरी में बुधवार को 43वें उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

# असहाय और पीड़ितों की सहायता कर पुलिस अधिकारी के साथ-साथ एक अच्छे नागरिक भी बनेः डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी में बुधवार को 43वें उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बेच का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना के मुख्य अतिथि बतौर पहुंचे। डीजीपी सक्सेना ने 23 प्रशिक्षु डीएसपी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भाग्यशाली हैं कि आपको पुलिस सेवा, विशेषकर मध्यप्रदेश पुलिस सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। पुलिस सेवा में आने के बाद वंचितों, पीड़ितों, असहायों की सहायता कर अच्छे पुलिस अधिकारी के साथ अच्छे नागरिक भी बनें। अकादमिक तथा फील्ड प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से प्राप्त करें। गंभीरता, व्यावसायिक दक्षता, कठोर परिश्रम, ईमानदारी, संतुलित आचरण तथा सद्व्यवहार से ही आप आदर्श पुलिस अधिकारी हो सकेंगे।

**अधिकारियों को चयनित होने पर शुभकामनाएं दी**



उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहभागी रहे स्वजनों, मित्रों आदि को भी बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण संजय कुमार झा, पीएसओ टू डीजीपी डॉ. विनीत कपूर, मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के उप निदेशक, पुलिस अधीक्षक मलय जैन, सभी प्रशिक्षक, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मप्र पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक प्रशिक्षण नीरज पांडेय ने किया।

**अनुशासित रहें और कर्तव्यनिष्ठ बनेंः संजय झा**

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विशेष पुलिस महानिदेशक संजय कुमार झा ने कहा कि वर्दी पहनने के बाद जिंदगी के मायने बदल जाते हैं। त्यौहार पुलिस अधिकारी के लिए चुनौती की तरह होते हैं। नागरिक त्यौहार को शांतिपूर्ण मना सकें इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होती है। अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा अच्छे पुलिस अधिकारी की विशेषता होती है। उन्होंने कहा कि पुरानी पुलिसिंग और नई पुलिसिंग में काफी बदलाव हुए हैं। नए कानून भी पुलिस अधिकारी के लिए चुनौती के समान है। कानून का ज्ञान पुलिस अधिकारी के लिए आवश्यक है। अपराधियों के अपराध करने के तरीकों में भी पहले की अपेक्षा काफी बदलाव हुए हैं। अब नए-नए तरीकों से अपराधी अपराध कर रहे है, इनसे निपटने के लिए हमें भी दक्ष होना पड़ेगा। श्री झा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप एक अच्छे पुलिस अधिकारी बनेंगे। मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 23 उप पुलिस अधिक्षकों का बैच पहुंचा है। इनमें 9 महिला अधिकारी भी शामिल हैं।

# रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक से आत्म-निर्भरता की दिशा में अग्रसर है भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षा मंत्रालय के क्वालिटी एश्योरेंस निदेशालय (युद्धपोत परियोजनाएं), नई दिल्ली के उप महानिदेशक, कमोडोर संजय चोपड़ा ने निटर भोपाल के विभिन्न विभागों एवं सेंटर आफ एक्सीलेंस की हाई-टेक लैब्स को विजिट किया। क्वालिटी एश्योरेंस महानिदेशालय सशस्त्र सेनाओं को आपूर्ति किए जाने वाले शस्त्रों, गोला-बारूद, उपकरण और भंडार-सामग्री की संपूर्ण रेंज के लिए गुणता सुनिश्चित करता है। निटर निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि संस्थान में बने उपकरणों और प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता का परीक्षण आदि क्षेत्रों में भूमिका निभा सकता हैं। रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकों को अपनाते हुए भारत आत्म-निर्भरता की दिशा में अग्रसर है।

### निटर डिफेंस के कई संस्थानों के साथ कर सकता है कार्य

कमोडोर संजय चोपड़ा ने निटर की इंडस्ट्री 4.0 लैब्स का भ्रमण करते हुए कहा कि निटर भोपाल डिफेंस के कई संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर सकता हैं। उन्होंने रक्षा के क्षेत्र में एडवांस टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग की आवश्यकता एवं निटर की भूमिका पर प्रकाश डाला। निटर भोपाल ने इस दिशा में रक्षा मंत्रालय को एमओयू का प्रस्ताव दिया है। इस अवसर पर कैप्टन डॉ ओपी शर्मा तथा निटर भोपाल के प्रो पीके पुरोहित, प्रो केके जैन, प्रो आर.के दीक्षित, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो पल्लवी भटनागर, मेजर निशांत ओझा एवं डॉ. जय सिंह भी उपस्थित रहे।



# अंबानी-अडाणी की माला जपने वाले 'कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया', खरगे का पलटवार-अब दोस्त- दोस्त न रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टैंपो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा।

एजेंसी ⏭ करीमनगर

पीएम नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अदाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है। राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। 5 साल से एक ही माला जपते थे।

5 उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अदाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अदाणी को गाली देना बंद कर दिया। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली में मोदी ने यह दावा भी किया कि तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है।

### भाजपा का 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत में यकीन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत में यकीन करती है जबकि कांग्रेस और बीआरएस के लिए 'परिवार प्रथम' है। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे की खुलकर आलोचना की है लेकिन अब इन दोनों दलों के बीच भ्रष्टाचार एक सामान्य कारक है।

## पीएम मोदी ने तेलंगाना में कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

### काले धन के कितने बोरे भरे

उन्होंने कहा कि जरा ये शहजादे घोषित करें कि काले धन के कितने बोरे भर के रुपए मारे हैं? क्या टेंपो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है? मोदी सरकार पर हमला करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी पर व्यवसायी गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी सहित देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाती रही है।



पीएम ने पूछा- रातों-रात गाली देना क्यों बंद?

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ा

उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि तीसरे फेज में कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। अभी चार चरण का चुनाव बाकी है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा और एनडीए तेजी से विजय रथ को आगे ले जा रही है। बीआरएस का यहां कोई अता-पता ही नहीं है।

### लोगों ने पिछले 10 सालों में मेरे काम को देखा

उन्होंने कहा कि तलोगों ने पिछले 10 सालों में मेरे काम को देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया। कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

## खरगे का पीएम मोदी पर हमला | अब दोस्त दोस्त न रहा डगमगा रही है कुर्सी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता को अब असलियत का पता चल चुका है। खरगे ने दावा किया किया कि पीएम मंच से जिस जनता को मित्र कहते थे, वे अब उन्हीं पर हमलावर हो रहे हैं। साहब, बीबी और गैंगस्टर का दौर बिहार में फिर शुरू होगा? उन्होंने पर एक पोस्ट में कहा, वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा...तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं, इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी अब उद्योगपति मुकेश अंबानी और अडाणी का साथ छोड़ रहे हैं। खरगे ने दावा किया कि खुद की छवि को बचाने के लिए पीएम ऐसा कर रहे हैं। जयराम रमेश ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने अपनी पार्टी के लिए 8,200 करोड़ का चंदा इकट्ठा किया।

प्रियंका ने रायबरेली में की रैली

## पीएम मोदी ने मदद करने की जगह लोगों को राशन का बोरा पकड़ा दिया



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी के लिए बुधवार से प्रचार शुरू कर दिया। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के फुलवासा में नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम ने आपकी जरूरतें और मदद करने की बजाय 5 किलो राशन का बोरा थमा दिया। इससे क्या होने वाला है? 103 साल पहले किसान आंदोलन के दौरान नेहरू जी ने यहीं गिरफ्तारी दी थी। भाजपा बेरोजगारी और महंगाई जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करती। कांग्रेस आई तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और ग्रेजुएट को एक लाख रुपए दिए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान सपा के बयान पर भड़के गृहमंत्री शाह

## जरा भी गलती की तो ये राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे

**लखीमपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लखीमपुर में चुनावी जनसभा में सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं।



### कांग्रेस के पास नेता, नीयत और नीति ही नहीं

गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। कांग्रेस ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। इनके पास न नेता है, न नीयत है और न नीति है। राहुल के लिए इटली ही सबसे बेहतर जगह है। वे वहीं शिफ्ट हो जाएं।

### ये चुनाव करोड़ों गरीबों को घर देगा

शाह ने कहा कि ये चुनाव और 3 करोड़ गरीबों को उनका खुद का घर देने का चुनाव है। ये चुनाव 3 लाख गांवों में डेयरी बनाकर पशुपालन के साथ जुड़े हुए भाई-बहनों को समृद्ध बनाने का चुनाव है। जबकि कांग्रेस गरीबों का आरक्षण छीन रही है।

हिमाचल में अनुराग के समर्थन में किया प्रचार, विपक्ष पर बरसे भाजपाध्यक्ष नड्डा

## सोनिया के लिए श्रीराम काल्पनिक, कांग्रेस सनातन विरोधी

**बिलासपुर।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कर्मभूमि बिलासपुर दौरे पर थे। यहां से उन्होंने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नड्डा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को ज्यादा से ज्यादा बढ़त दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव में विजय का शंखनाद किया। नड्डा ने कहा कि सबसे पहले मां नयना देवी जी को प्रणाम करता हूं। चुनाव की बेला में पूरी मेहनत से हमारे कार्यकर्ता काम कर रहे हैं।



### कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

प्रदेश की सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने हिम केयर का 50 करोड़ भी नही दिया है। कांग्रेस ने यहां एक भी विकास का पत्थर नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राम और सनातन विरोधी तथा राष्ट्रद्रोही पार्टी है।

### ट्रिपल तलाक को खत्म किया

भाजपा वही पार्टी है जिसने अनुच्छेद 370 हटाया, राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई, ट्रिपल तलाक जो कांग्रेस ने भारत में चला रखा था, खत्म किया।

### नड्डा को समन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने विवादित पोस्ट के मामले में नड्डा को समन भेजा है। पुलिस ने आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को समन भेजा है।

## खबर संक्षेप

### एचडी रेवन्ना को 14 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु।** अपहरण के आरोप का सामना कर रहे कर्नाटक जद(एस) विधायक और पूर्व मंत्री एचडी



रेवन्ना को बुधवार को बेंगलुरु की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी जमानत याचिका गुरुवार के लिए पोस्ट की गई है। उनकी गिरफ्तारी तीन बच्चों की मां एक महिला के अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाने से संबंधित मामले में हुई है।

### गैंगरेप के बाद तलवार से अंगुलियां काटी

**बांसवाड़ा।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में गैंगरेप का एक सनसनीखेज मामला सामने आया



है। सेकंड ईयर में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दो दरिंदों ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पहले गैंगरेप किया, फिर तलवार से अंगुलियों को काट डाला। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी ने उसे जान से मारने की कोशिश की थी।

### शहरों के नाम बदले, कोर्ट -नाम में क्या रखा है?

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि नाम में क्या रखा है? कोर्ट ने यह टिप्पणी इसलिए की है क्योंकि



महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने का फैसला लिया है। इसके खिलाफ कई याचिकाएं दी गई हैं। सभी को खारिज करने के साथ कोर्ट ने कहा कि नाम में क्या रखा है?

दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल से जुड़ी याचिका की खारिज, साथ ही लगाया जुर्माना

# आपातकाल या मार्शल लॉ लगा देना चाहिए? मीडिया की खबरों पर रोक नहीं लगा सकते

एजेंसी ⏭ दिल्ली

हाईकोर्ट में केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने के लिए विशेष व्यवस्था की एक जनहित याचिका श्रीकांत प्रसाद नाम के एक वकील ने दायर की थी। याचिका में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित खबरों पर रोक लगाने की भी मांग की थी।



कोर्ट ने न सिर्फ पीआईएल को खारिज कर दिया बल्कि याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना भी ठोक दिया। याचिका में कहा गया था कि केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का इंतजाम किया जाए। मीडिया घरानों को सीएम के संभावित इस्तीफे और खबरें देने से रोकने की भी मांग की। एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने पैसों को एम्स के खाते में जमा करने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने इस बीच कड़ी टिप्पणी की।

### आप का कहना है कि उसके मुखिया सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे



### हम प्रेस पर पाबंदी लगाने का आदेश नहीं दे सकते

बेंच ने याचिका की आलोचना करते हुए कहा कि हम क्या कर सकते हैं? आपातकाल लागू करें? सेंसरशिप या मार्शल लॉ लागू करें? हम प्रेस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश कैसे पारित कर सकते हैं? केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाने पर अड़े हैं। आप का कहना है कि उसके मुखिया सीएम के पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाते रहेंगे। इससे पहले भी दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कहकर याचिका को खारिज कर दिया था कि इसका फैसला खुद केजरीवाल को करना है या उपराज्यपाल और राष्ट्रपति को करना है।

ईडी का सुप्रीम कोर्ट में दावा, सबूत है

### घोटाले के आरोपी ने दिया केजरीवाल के 7 स्टार होटल में रुकने का पैसा

इस दौरान ईडी के वकील ने एक बड़ा दावा किया। सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि गोवा चुनाव के दौरान केजरीवाल 7 स्टार होटल में रुके थे, जिसका पेमेंट शराब घोटाले के एक आरोपी ने किया था। उन्होंने इसे लेकर 'सबूत' का भी जिक्र किया। एसवी राजू ने यह भी कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर हो रही राजनीति से ईडी को कोई सरोकार नहीं है।

घोटाले वाले पैसे से 7 स्टार में रुके

ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल 'आप' ने गोवा चुनाव में किया था। ईडी के वकील ने कहा, हमारे पास इसका सबूत है कि केजरीवाल के गोवा में रहने के खर्च का पेमेंट चनप्रीत सिंह ने किया था। केजरीवाल गोवा के ग्रैंड हयात 7 स्टार होटल में रुके थे।

### अंतरिम जमानत पर कल आएगा फैसला

दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को आदेश पारित कर सकता है। सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे।

झारखंड में पहले मिला था 'नोटों का पहाड़'

## लाल को 'मंत्रालय' ले जाकर मारा छापा, भारी कैश बरामद




एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में इस वक्त प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई की खबर है। ईडी की टीम झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में छापेमारी कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी गिरफ्तार आरोपी संजीव लाल को प्रोजेक्ट भवन लेकर पहुंची है जहां ग्रामीण विकास मंत्रालय है और रेड कर रही है। इतना ही नहीं ईडी की टीम को संजीव लाल के दफ्तर से भी कैश मिला है। आरोपी संजीव लाल झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गीर का निजी सचिव है। 2 दिन पहले भी 6 ठिकानों पर कार्रवाई कर चुकी है। उस कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय को 35 करोड़ से अधिक रुपए मिले थे।

### इसके पहले भी ईडी ने की यहां छापेमारी

ईडी ने ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर विरेंद्र के. राम को फरवरी 2023 में एक मनी लॉनड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग और अनियमितताओं के कुछ आरोप थे। उसी मामले में ईडी की टीम ने विरेंद्र के. राम और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके अलावा झारखंड सरकार के मंत्री आलम गीर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। आरोपी संजीव लाल के नौकर के घर पर हुई छापेमारी में ईडी को बड़ी रकम बरामद हुई थी। उसके रेड के बाद अब ईडी की टीम ग्रामीण विकास मंत्रालय में रेड कर रही है।

चारधाम यात्रा के लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन

## उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब पुलिस को संभालना पड़ा मोर्चा

एजेंसी ⏭ हरिद्वार

चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन बुधवार से शुरू हो गए हैं।

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन खुलने के पहले दिन ही उत्तराखंड के प्रवेश द्वार हरिद्वार में तीर्थ यात्रियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। 10 तारीख से शुरू होने जा रही चार धाम यात्रा के लिए बुधवार से काउंटर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। हरिद्वार के पर्यटन कार्यालय परिसर में की गई व्यवस्थाएं पहले दिन नाकाफी नजर आईं। रजिस्ट्रेशन के पहले दिन यहां



यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रजिस्ट्रेशन की रफ्तार धीमी होने से यात्रियों में काफी नाराजगी देखी गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस की तैनाती भी की गई। यात्रियों का कहना है कि उन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में पहले कोई जानकारी नहीं थी। हरिद्वार पहुंचने पर उन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में पता चला। सुबह 5 से लोग कतारें लगाकर यहां पर खड़े हुए हैं।


अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे की गडकरी ने की जमकर तारीफ

## प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही औद्योगिक कुशलता की मौजूदगी की जुगलबंदी का यहां दिखाई देगा 'नजारा'

एक्स पोस्ट कर लिखा अब लोगों का आना जाना और आसान होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अहमदाबाद-वडोदरा



एक्सप्रेसवे की तारीफ की है।

उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर प्राकृतिक सुंदरता और औद्योगिक कुशलता की मौजूदगी की जुगलबंदी महसूस की जा सकती है। यह एक्सप्रेसवे देशभर के वाणिज्यिक केंद्रों को गुजरात से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



### गुजरात को सभी इंडस्ट्रियल हब से कनेक्ट कर रहा

केंद्रीय मंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर प्राकृतिक सुंदरता और औद्योगिक कुशलता की शानदार जुगलबंदी देखने को मिलती है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरात को सभी इंडस्ट्रियल हब से कनेक्ट करता है और न केवल आवाजाही आसान होती है बल्कि पूरे सफर के दौरान दर्शनीय भव्य प्राकृतिक सौंदर्य भी मिलता है।

### मुख्य लॉजिस्टिक केंद्रों के साथ कनेक्टिविटी से विकास को मिलेगी गति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वडोदरा में मुख्य लॉजिस्टिक केंद्रों के साथ कनेक्टिविटी अच्छी तरह से जुड़ी हुई है। परिणामस्वरूप, इससे अंकलेश्वर और भरूच क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के 87 किलोमीटर के हिस्से का पूरा होना एक मजबूत सड़क नेटवर्क के निर्माण की सरकार की बड़ी चिंता को दिखाता है।

### यह तीन ट्रांचेज में खोला गया था

हाल ही में पीएम ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के वडोदरा-भरूच सेक्शन का उद्घाटन किया था। इस एक्सप्रेस की कुल दूरी 87 किलोमीटर है और आम जनता के लिए इसे तीन ट्रांचेज में खोला गया था। इस एक्सप्रेसवे का मुख्य मकसद बड़े इकोनॉमिक हब के साथ कनेक्टिविटी और यात्रियों को आसाना और सुविधाजनक ट्रैव एक्सपीरियंस मुहैया कराना है। अब गुजरात में इन हाईवे के साथ ट्रांसपोर्टेशन में तेजी आई है।




अवेयरनेस

डॉ. नवनीत सूद
सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

# कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान






सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

## सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

## साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

## तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

## साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।

## लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

## इन बातों का रखें ध्यान

**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

हेल्थ न्यूज

# विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क

विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन



मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी।

* **प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

प्रस्तुतिःरिचा पांडे




## फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः दानी कारपोरेट पार्क, पांचवी मंजिल, 158, सी एस टी रोड, कालीना, सांताकूज (पूर्व), मुंबई -400098, फोनः 022-68492450, फैक्सः 022-67412313, CIN: U67190MH2007PTC168303,
Email.: info@phoenixarco.co.in.; Website: www.phoenixarc.co.in;

### संपत्तियों की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम के रूप में संदर्भित) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (संक्षेप में नियम के रूप में संदर्भित) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इसके अनुसरण में उक्त SARFAESIअधिनियम और सुरक्षित ऋणों की वसूली के नियमों के तहत उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा प्राधिकृत अधिकारी के पास निहित है, प्राधिकृत अधिकारी ने सुरक्षित संपत्ति को नीलामी बिक्री द्वारा बेचने का निर्णय लिया है। इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, गिरवीकर्ता और गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि नीचे उल्लिखित संपत्तियां फीनिक्स ट्रस्ट FY18-5 (फीनिक्स) के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई हैं (दिनांक 27.09.2017 के एक असाइनमेंट समझौते के तहत फीनिक्स के पक्ष में कर्नाटक बैंक लिमिटेड (केबीएल) द्वारा, ऋण के असाइनमेंट के अनुसार)। इन संपत्तियों को "जैसा है जहां है, जैसा है जो कुछ भी है" और बिना किसी शर्त के "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत की वसूली के लिए नीचे दिए गए विवरण सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के SARFAESI अधिनियम के नियम 8 और 9 के प्रावधान के के अनुसार बकाए और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "ऑनलाइन ई-नीलामी" नीचे दी गई हैः //www.bankeauctions.com नीचे दिए गए विवरण के अनुसार.

### आइटम नंबर 1

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता का नाम | एडवांस इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनीः प्रोप्राइपरिटक्स/स्वामिनी श्रीमति सरिता जादौन द्वारा प्रतिनिधित्व |
| गारंटर का नाम | 1. राकेश जादौन,2. मनीष सदाना, 3. प्रिया सदाना, 4. विकास जादौन |
| सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत जारी डिमांड नोटिस दिनांक 31.08.2015 के अनुसार देय राशि | रु. 2,82,44,370.44/- (रुपए दो करोड़ बयासी लाख चौवालीस हजार तीन सौ सत्तर और पैसे चौवालीस मात्र) अतिरिक्त ब्याज, लागत, शुल्क और आदि के साथ अनुबंध दरों के अनुसार |
| दिनांक 30.04.2024 के अनुसार देय राशि | रु. 4,73,67,719.44/- (रुपए चार करोड़ तिहत्तर लाख सड़सठ हजार सात सौ उन्नीस रुपए और पैसे चौवालीस मात्र) अतिरिक्त ब्याज, लागत, शुल्क और आदि के साथ अनुबंध दरों के अनुसार |
| कब्जे की स्थिति | भौतिक कब्जे में |
| निरीक्षण की दिनांक | अनुरोध पर |
| आरक्षित मूल्य | रु. 55,50,000/- (केवल पचपन लाख पचास हजार रुपये) |
| बयाना राशि जमा (ईएमडी राशि) | रु.5,55,000/- (रुपये पांच लाख पचपन हजार मात्र) |
| बोली वृद्धि | रु. 50,000/- (केवल पचास हजार रुपए) और ऐसे गुणकों में |
| बैंक के खाते का विवरण | बयाना राशि "फीनिक्स ट्रस्ट FY18- 5", चालू खाताः 3312074424; के पक्ष में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, शाखाः कलिना, आईएफएससी कोडः KKBK0000631 |
| बोली जमा करने की अंतिम तिथि (ई-नीलामी) | 03-06-2024 (सोमवार) बैंकिंग समय बंद होने पर या उससे पहले |
| ई-नीलामी की तिथि | 04-06-2024 (मंगलवार) प्रातः 11:00 से दोपहर 12:00 बजे तक |
| ई-नीलामी का तरीका | ऑनलाइन-ई नीलामी |
| बिक्री सूचना और निविदा दस्तावेजों के लिए लिंक | https://phoenixarc.in?p=5026 |
| रुकावटें | प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार नीचे उल्लिखित बकाया राशियाँ हैं (1.) बिजली बकाया 01-05-2024 को 1,14,510/- रुपये ( 2. ) रखरखाव बकाया 01-05-2024 को 1,39,762/- रुपये (विलंब शुल्क / जुमार्ना और ब्याज को छोड़कर) ( 3. ) संपत्ति कर बकाया - 29-12-2023 को 80,155/- रु. |

नीलाम की जा रही सुरक्षित संपत्ति का विवरणः कार्यालय क्रमांक 217, सेंचुरी 21 मॉल की दूसरी मंजिल, सेंचुरी 21, कॉरपोरेट जोन का सारा टुकड़ा और पार्सल, ग्राम मिसरोद, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, मध्य प्रदेश सीमाबद्धः पूर्वः सीढ़ी, पश्चिम : कार्यालय संख्या 216-बी, उत्तरः ओपन टू स्काई (एमओएस), दक्षिणः गलियारा

### आइटम नंबर 2

| | |
|---|---|
| उधारकर्ता का नाम | एसईएसी लॉजिस्टिक्स इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| गारंटर का नाम | स्वर्गीय श्री अजय कुमार दुबे का प्रतिनिधित्व उनके कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती सोनिका दुबे, श्री कैलाश प्रसाद शर्मा, श्री मुकेश सक्सेना और श्रीमती सोनिका दुबे द्वारा किया जा रहा |
| सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत जारी डिमांड नोटिस दिनांक 06.04.2017 के अनुसार देय राशि | रु.2,09,92,198.50 (05.04.2017 को रु. दो करोड़ नौ लाख नब्बे - दो हजार एक सौ निन्यानबे और पैसे पचास मात्र) (ब्याज की गणना 31.03.2017 तक की गई) साथ में अतिरिक्त ब्याज और अन्य लागत और 01.04.2017 से शुल्क और व्यय |
| दिनांक 30.04.2024 के अनुसार देय राशि | रु.3,93,74,432.39/- (तीन करोड़ तिरानवे लाख तिहत्तर लाख सत्तर-चार हजार चार सौ बत्तीस और उनतीस पैसे मात्र) साथ में अनुबंध दरों के अनुसार अतिरिक्त ब्याज, लागत, शुल्क आदि। |
| कब्जे की स्थिति | भौतिक कब्जे में |
| निरीक्षण की दिनांक | अनुरोध पर |
| आरक्षित मूल्य | रु. 90,00,000/- (केवल नब्बे लाख रुपये) |
| बयाना राशि जमा (ईएमडी राशि) | रु. 90,00,000/- (केवल नब्बे लाख रुपये) |
| बोली वृद्धि | रु. 50,000/- (केवल पचास हजार रुपए) और ऐसे गुणकों में |
| बैंक के खाते का विवरण | बयाना राशि "फीनिक्स ट्रस्ट FY18- 5", चालू खाताः 3312074424; के पक्ष में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, शाखाः कलिना, आईएफएससी कोडः KKBK0000631 |
| बोली जमा करने की अंतिम तिथि (ई-नीलामी) | 03-06-2024 (सोमवार) बैंकिंग समय बंद होने पर या उससे पहले |
| ई-नीलामी की तिथि | 04-06-2024 (मंगलवार) प्रातः 11:00 से दोपहर 12:00 बजे तक |
| ई-नीलामी का तरीका | ऑनलाइन-ई नीलामी |
| बिक्री सूचना और निविदा दस्तावेजों के लिए लिंक | https://phoenixarc.in?p=502 |

नीलाम की जा रही सुरक्षित संपत्ति का विवरणः राम लक्ष्मी परिसर मकान नंबर 46 के नाम से ज्ञात भवन के प्रथम तल पर फ्लैट नंबर एफ3 में 1210 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली समस्त संपत्ति का वह हिस्सा जो प्लॉट नंबर 142 पर मालवीय नगर तहसील हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश में स्थित है, जिसका स्वामित्व श्रीमती सोनिका दुबे के पास है और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैंः पूर्वः प्लॉट संख्या 143, पश्चिमः फ्लैट संख्या एस4, उत्तरः प्लॉट का अंत, दक्षिणः सड़क

**ई नीलामी की नियम व शर्तेः**

1. नीलामी बिक्री SARFAESI अधिनियम के अधिकारी द्वारा आयोजित की जा रही है, और he- नीलामी के माध्यम से ही की जा रही है। नीलामी/बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" के माध्यम से होगी, वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से। C1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के लिए प्लेटफार्म का आयोजन करने के लिए सेवा प्रदाता है।
2. नीलामी बिक्री बिना और उसमें उपस्थित प्रक्रिया के तौर पर परिणामित की जाती है। बिक्री की विस्तृत नियम और शर्तों के लिए बोलीदाता वेबसाइट www.phoeinixarc.co.in और यहां उल्लिखित लिंक के माध्यम से देख सकते हैं, साथ ही नीलामी/प्राप्त किया हुआ सुरक्षित संपत्ति के विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
3. बोलीदाता अपने आवास/पसंद के स्थान से ही ई-नीलामी में भाग लें। इंटरनेट कनेक्टिविटी को प्रत्येक बोलीदाता को स्वयं प्रदान करना होगा।
4. ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए पूवार्नुमति खरीददार अभ्यर्थियों महाराष्ट्र@c1india.com पर संपर्क कर सकते हैं।
5. नीलामी की तिथि और समय पर नीलामी की जाएगी, जिस पर उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति को "वही है जहां है" और "जैसा कि है वही है" और "किसी प्रतिसाद के बिना" की आधारित स्थिति में बेचा जाएगा।
6. सभी इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को वर्तमान पोर्टल में अपना नाम पंजीकृत करना होगा https://www.bankeauctions.com और नीलामी की तिथि और समय पर नीलामी में भाग लेने के लिए मुफ्त में उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए।
7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को सुरक्षित संपत्ति की आरक्षित मूल्य का 10% का आरक्षित भाव भुगतान करना होगा।
8. सफल खरीदार/बोलीदाता को प्रत्येक मद के लिए अपने प्रस्ताव का 25% (EMD सहित) आरटीजीएस/आईएनईएफटी के माध्यम से अगले कार्यक्रम के बैंकिंग समय के बंद होने से पहले या अगले कार्यक्रम के अगले कार्य दिन तक जमा करना होगा।
9. अन्य सभी बोलीदाता जिनकी ई- नीलामी में सफलता नहीं मिली, उनका ईएमडी फीसद दिनों के भीतर बैंकिंग घंटों के बंद होने के 5 कार्य दिनों के भीतर फिर से कर दिया जाएगा।
10. सफल खरीदार बोलीदाता को हर आइटम के लिए अपने प्रस्ताव का 25% (ईएमडी सहित) आरटीजीएस/आईएनईएफटी के माध्यम से उपरोक्त खाते में जमा करना होगा, जो उपरोक्त नीलामी की तिथि के बैंकिंग घंटों के बंद होने से पहले या अगले कार्यदिवस तक होना चाहिए, जिसे फीनिक्स द्वारा पुष्टि की जानी चाहिए, अन्यथा बिक्री को असफल माना जाएगा और उपरोक्त सफल खरीदार बोलीदाता का ईएमडी अभाज्य कर दिया जाएगा।
11. ई-नीलामी में सफलता नहीं मिलने वाले सभी अन्य बोलीदाताओं का ईएमडी फीनिक्स द्वारा नीलामी के बंद होने के 5 कार्य दिवसों के भीतर वापस किया जाएगा।
12. खरीद लिया गया संदेश का शेष राशि या लंबित अवधि में सफल खरीदार/बोलीदाता के द्वारा उसके 15वें (15) दिन के बाद भुगतान किया जाना चाहिए, यदि दिवालिया होता है, तो तब तक जमा की गई सभी राशियों को अभाज्य किया जाएगा। कोई जोड़ाण/हटाना/संशोधन 13. बोली की स्वीकृति के बाद किसी भी बोलीदाता के नामों की अनुमति नहीं होगी। इस उद्देश्य के लिए पंजीकरण के समय प्रस्तुत बोलीदाता (ओं) का नाम केवल ध्यान में लिया जाएगा।
13. संपत्ति की निरीक्षण या अधिक जानकारी के लिए, संभावित बोलीदाता Mr. Harsh Magla/Mr. Suresh harsh.magia@phoenixarc.co.in/suresh.variyam@phoenixars.co.in/ईमेल) +91-7506107562/ +91-7506490036 से संपर्क कर सकते हैं, या निम्नलिखित ईमेल पते पर Variyam, द्वारा।
14. नीलामी के किसी भी स्थिति में, अधिकृत अधिकारी के पास इस नीलामी के नोटिस की कोई भी शर्तों और शर्तों को पूर्वज्ञान के बिना अपनी इच्छानुसार बदलने का अधिकार है, और अधिकृत अधिकारी को कोई कारण न बताए बोली/बाद में स्वीकृति देने/अस्वीकृति देने/संशोधन/निरस्त करने या नीलामी को स्थगित करने का अधिकार होगा।
15. सफल खरीदार/बोलीदाता को संबंधित कानून के अनुसार उसके हित में संपत्ति को प्राप्त करने के लिए अधिकारिक शुल्क, कर, शुल्क, स्टैम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क आदि अदा करने के लिए कोई भी अधितित या गैर-वार्तात्मक शुल्क, टैक्स, शुल्क आदि देना होगा।
16. सफल खरीदार/बोलीदाता को किसी भी वैधानिक योग्यता, कर, शुल्क, स्टैंप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा, जो संपत्ति को उसके पक्ष में प्रेषित करने के लिए अनिवार्य है, संबंधित कानून के अनुसार।
17. संपत्ति पर किसी भी समय में होने वाली सभी वैधानिक/गैर- वैधानिक योग्यताएँ, कर, दरें, मूल्यांकन, शुल्क, सोसायटी के शुल्क, शुल्क आदि का भुगतान संविदान के अनुसार सफल बोलीदाता की एकमात्र जिम्मेदारी होगी।
18. बिक्री प्रमाणपत्र को पंजीकृत कराना सफल खरीदार/बोलीदाता की पूरी जिम्मेदारी होगी। सफल खरीदार/बोलीदाता को इसके/उसके पक्ष में अधिकारों के स्थानांतरण के किसी भी लेन-देन/खर्च/शुल्क/शुल्क आदि की पूरी जिम्मेदारी होगी। बिक्री प्रमाणपत्र को राज्य के नियम/विधियों के अनुसार संधित लाइनियों की सार्वजनिक करनी चाहिए, अन्यथा खरीदार को पहले फीनिक्स के अधिकारी को पंजीकरण को विलंबित करने की वजह उल्लेखित करनी चाहिए।
19. सफल बोलीदाता की जिम्मेदारी है कि वह बिक्री के पंजीकरण के लिए आवश्यक सर्वोत्तम निर्माण संबंधित प्राधिकरणों से आवश्यक निर्देशिकाओं को प्राप्त करें, जिसमें शुल्क, करों का भुगतान शामिल है।
20. बिक्री सूचना में उल्लिखित ई- नीलामी के तहत सुरक्षित संपत्ति सफल खरीदार के लिए उनकी एकमात्र जिम्मेदारी में रहेगी, जिसमें आग, चोरी या अन्य दुर्घटनाओं के द्वारा हानि या नुकसान शामिल हो सकता है, और अधिकारिक अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से। सफल बोलीदाता को किसी भी प्रकार के कारण पर बिक्री को निरस्त करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
21. उक्त बकाया राशियों के लिए जिम्मेदार ऋणदाता गिरवीधारक, जो सफल खरीदार के लिए उनकी एकमात्र जिम्मेदारी में रहेगी, जिसमें आग, चोरी या अन्य दुर्घटनाओं के द्वारा हानि या नुकसान शामिल हो सकता है, और अधिकारिक अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से। सफल बोलीदाता को किसी भी प्रकार के कारण पर बिक्री को निरस्त करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
21. उक्त बकाया राशियों के लिए जिम्मेदार ऋणदाता गिरवीधारक, जो उपरोक्त नीलामी बिक्री के आयोजन के बारे में नियम 8 क्लॉज (5) के तहत इस बिक्री सूचना को एक सूचना के रूप में देखेंगे। ऋणदाता/गिरवीधारक को भी सूचित किया जाता है कि वे फिनिक्स की निगरानी में उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति के भीतर अपनी व्यक्तिगत घरेलू सामग्री/वस्त्रादि को 7 दिनों के भीतर प्राप्त करें, जो सार्वजनिक प्रकाशन की तिथि से पहले फिनिक्स को संपर्क करके पूर्व सूचना के साथ, अन्यथा फिनिक्स का कोई जिम्मेदारी नहीं होगा और उसे ऋणदाता/गिरवीधारक के जोखिम पर विक्रय किया जाएगा।
22. उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति पर किसी भी भार नहीं है, अधिकारी की सबसे अच्छी जानकारी और सूचना के अनुसार, यदि कोई हो, तो उपरोक्त संदर्भ में उल्लिखित किसी भी अधिकारिक बोलीदाता अपना स्वतंत्र जांच कराएगा।
23. अखबार में प्रकाशित ई-नीलामी सूचना में उल्लिखित विवरण, अधिकारी की सबसे अच्छी जानकारी और सूचना के अनुसार दिए गए हैं, हालांकि, अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत बयान या छूट के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।
24. यदि ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी कोई भी कारण के लिए असफल होती है, तो फिनिक्स को संरक्षित संपत्ति को नियम 8(5) के प्रावधानों के तहत किसी अन्य तरीके से बेचने का अधिकार है, 2002 और SARFAES अधिनियम, 2002 की।

स्थानः भोपाल
तिथिः 09-05-2024

साक्षरित अधिकारी फीनिक्स. एआरसी प्राइवेट लिमिटेड, फीनिक्स ट्रस्ट. FY 18-5

## जहाज निर्माण में बनेगा भारत आत्मनिर्भर

# राष्ट्रहित में देश में तैयार की गई सामग्री को दिया जाएगा बढ़ावा
# आईसीजी और जेएसपी के बीच एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर



भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उप महानिदेशक (सामग्री एवं रखरखाव) आईजी भारतीय तटरक्षक बल एचके शर्मा और जिंदल स्टील एंड पावर मुख्य विपणन अधिकारी एसके प्रधान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) जहाज निर्माण में देश के भीतर तैयार की गई सामग्री को बढ़ावा दे रही है। इसी के तहत आईसीजी और जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने जहाज निर्माण में देश के भीतर तैयार की गई सामग्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की आपूर्ति के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ये दोनों संस्थाएं इस साझेदारी के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने व राष्ट्र के हित में इन वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

1. स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की होगी आपूर्ति
2. वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग को मिलेगा बढ़ावा
3. गुणवत्तायुक्त, श्रेणीकृत उत्पादों का निर्माण होगा

### सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा

*यह समझौता ज्ञापन जटिल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है और साथ ही सरकारी एजेंसियों एवं निजी क्षेत्र के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल देता है। इस समझौता ज्ञापन में भारतीय तटरक्षक हेतु स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की समय पर आपूर्ति के उद्देश्य से जहाज निर्माण यार्डों को आश्वासन देते हुए उत्पाद के निर्माण के लिए नामित इस्पात संयंत्रों के साथ-साथ गुणवत्ता, श्रेणी उत्पादों एवं सेवाओं सहित कई प्रमुख लाभ तय किए गए हैं।*

## भारत और सिंगापुर की नौसेना के बीच बढ़ेगा संचालन, शुरू होगा समुद्री अभ्यास

भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना संचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए संयुक्त समुद्री अभ्यास करेंगी ताकि परिचालन को बेहतर समझा जा सके। चांगी नौसेना बेस पर आयोजित आईएनएस शक्ति पर फ्लैग आफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट रीड एडमिरल राजेश धनखड़ ने यह बात कही। कार्यक्रम में सिंगापुर के लगभग 150 लोग, राजनयिक मिशन के प्रमुख और भारतीय प्रवासी आदि मौजूद रहे।



राजेश धनखड़ ने कहा कि भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं भारत-सिंगापुर के 31वें संस्करण को आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास इस वर्ष की चौथी तिमाही में इसी साल विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। धनखड़ ने कहा कि हम अपनी परिचालन क्षमता और परिचालन को समझने और बढ़ाने का प्रयास करेंगे। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त, डॉ. शिल्पक अंबुले ने क्षेत्र में सिंगापुर में भारतीय नौसेना की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इसने एक बाहरी प्रक्षेपवक्र देखा है। जो बिना किसी संदेह के अपने सुस्थापित निर्माण से प्राप्त हुआ है और गुजरते समय के साथ विकसित होता रहा है।

## *दक्षिण चीन सागर में होगी तैनाती, सिंगापुर पहुंचे भारतीय नौसेना के तीन जहाज*

*समुद्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना लगातार महासागरों में गश्त कर रही है। इस बीच भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े को दक्षिण चीन सागर में तैनात किया गया है। भारतीय जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन इसी तैनाती के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंच गए हैं, जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इन जहाजों से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूती मिलेगी।*

### दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंध

इन जहाजों के प्रवास के दौरान विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसमें भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत, सिंगापुर की नौसेना के साथ पेशेवर बातचीत के साथ अकादमिक और सामुदायिक आउटरीच सहित अन्य गतिविधियां होंगी। दोनों नौसेना के बीच तीन दशकों के सहयोग, समन्वय और नियमित यात्राओं, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं के साथ मजबूत संबंध रहे हैं। वर्तमान तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



**6 मई को सिंगापुर पहुंचे तीनों जहाज**

*कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में तीनों जहाज 6 मई को सिंगापुर पहुंच गए हैं। इन तीनों जहाजों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।*

---

*आंतकियों पर 20 लाख रुपए के इनाम का ऐलान किया*

*पांचवें दिन भी सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी*

*पूछताछ में करीब 20 लोग हिरासत में लिए गए*

## पुंछ आतंकी हमले के तीन संदिग्धों की तस्वीर सामने आई

# इनमें पाकिस्तान का पूर्व कमांडो, लश्कर कमांडर और एक आंतकी शामिल, सर्च जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार 4 मई को वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्धों के नाम और उनकी तस्वीर सामने आई है। इन आतंकियों में से एक पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इल्यास उर्फ फौजी है, दूसरा लश्कर का कमांडर अबु हमजा और तीसरा पाकिस्तानी आतंकी हदून है।

इस हमले में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था और चार घायल हो गए थे। सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्कैच जारी करने के साथ उन पर 20 लाख रुपए के इनाम का ऐलान भी किया है। हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सेना हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों की तलाश में जुटी है। बुधवार को लगातार पांचवें दिन सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।



### *तीनों जैश कमांड के लिए काम कर रहे*

*कहा जा रहा है कि ये तीनों जैश कमांड के तहत काम कर रहे थे और जैश-ए-मोहम्मद के करीबी पीएएफएफ के लिए हमलों को अंजाम दे रहे थे। फिलहाल उनकी पहचान की पुष्टि करने के लिए आगे की जांच चल रही है। उनका पता लगाने के लिए राजौरी-पुंछ वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पहले ही कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया जा चुका है और इन तीनों के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ की जा रही है। सुरक्षा बलों ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है।*

### फारूक नाली और लश्कर घाटी प्रमुख रियाज सेत्री पर 10 लाख का इनाम

### कुलगाम में फिर से मुठभेड़, एक आतंकवादी ढेर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को आतंकवादी और सुरक्षा बलों के बीच नए सिरे से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। इसी इलाके में मंगलवार को दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के रेडवाणी इलाके में मुठभेड़ के बाद घरों की तलाशी ली जा रही थी, तभी वहां छिपे एक आतंकवादी ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की।

### हिजबुल कमांडर को भी पकड़ेगी सेना

*दि रेसिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) चीफ बासित डार के खात्मे के बाद अब सेना के दो बड़े लक्ष्य हैं। चुनाव से पहले हिजबुल के ऑपरेशनल कमांडर फारूक नाली और लश्कर घाटी प्रमुख रियाज सेत्री को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उनके सिर पर 10 लाख का नकद इनाम है। सेना के सूत्रों के अनुसार दोनों बेहद खतरनाक हैं क्योंकि वे लोगों का ब्रेनवॉश कर उन्हें आतंकी संगठन में भर्ती कर सकते हैं।*

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच चर्चा

# सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ संबंध बनाने पर बनी सहमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी और यूरोपीय बाहरी कार्रवाई सेवा (ईईएस) में सुरक्षा और रक्षा नीति निदेशक सुश्री जोआनके बालफोर्ट की सह-अध्यक्षता में बैठक ने एक नए युग की शुरुआत की। दूसरी उच्च-स्तरीय परामर्श बैठक में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आपसी हित के सुरक्षा और रक्षा-संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर रचनात्मक बातचीत की और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया गया। बैठक में भारत-यूरोपीय संघ सुरक्षा और रक्षा परामर्श के बाद से प्राप्त प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य के सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति बनी।

### *रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी*

*जोआनके बालफोर्ट ने सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में नियमित बातचीत और सहयोग के महत्व पर जोर दिया।*

### रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा

दोनों ने इंडो-पैसिफिक में अधिक सहयोग, भारत-ईयू के बीच बेहतर तालमेल के रास्ते और रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा की। यूरोपीय संघ ने यूरोपीय रक्षा औद्योगिक रणनीति सहित यूरोपीय संघ के रणनीतिक और इंडो-पैसिफिक रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ यूरोपीय संघ के नए संचालन, जैसे कि ईयूएनएवीफोर एस्पिड्स के कार्यान्वयन की जानकारी दी।

---

## खबर संक्षेप

### वेस्ट नाइल बुखार को लेकर केरल में अलर्ट



**त्रिवेंद्रम।** मच्छर की वजह से केरल में वेस्ट नाइल बुखार तेजी से फैल रहा है। अब तक इस बुखार के 5 मरीज सामने आ चुके हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने मलप्पुरम, कोझिकोड और त्रिशूर जिले में अलर्ट जारी किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक वेस्ट नाइल वायरस संक्रमित होने वाले लगभग 20 प्रतिशत लोगों में वेस्ट नाइल बुखार विकसित होगा। लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, थकान और शरीर में दर्द, मतली, उल्टी, त्वचा पर चकत्ते और सूजी हुई लिम्फ ग्रंथियां शामिल हैं।

### सीआईएसएफ को चकमा देने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को चमका देने के इरादे से एक दंपती इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल थ्री में दाखिल हुआ। इस दंपति से पत्नी तो फ्लाइट पकड़ कर सिंगापुर चली गई, लेकिन पति इंटेलीजेंस के सतर्क प्रोफाइलर्स के हाथ लग गया। पकड़ में आए इस शख्स को तमाम सबूतों के साथ आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस आरोपी युवक की पहचान जसकरण बंथ के रूप में की है।

उत्तराखंड में वनाग्नि रोकने के लिए...

## सचिवों को दी गई जिम्मेदारी, 10 वनकर्मी लापरवाही पर निलंबित

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि को रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई और आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा की। सीएम ने वनाग्नि रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 10 कार्मिकों को निलंबित किया है। कुछ अन्य कार्मिकों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश दिए कि वनाग्नि को पूर्णतः रोकने के लिए सभी सचिवों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी जाए। इसके अलावा सीएम पुष्कर धामी ने जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल को एकत्रित करने के लिए 'पिरूल लाओ-पैसे पाओ' मिशन को शुरू करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।



### कृत्रिम बारिश समाधान नहीं

उत्तराखंड सरकार ने उच्चतम न्यायालय में हुई सुनवाई में पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। 15 मई को अगली सुनवाई होगी।

### इमरान के साथ अडियाला जेल में रहेंगी बुशरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को बड़ी कानूनी जीत मिली है। देश के एक उच्च न्यायालय ने आदेश जारी कर कहा कि बुशरा को अडियाला जेल स्थानांतरित किया जाए, जहां इमरान खान सजा काट रहे हैं। दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी को इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान की हवेली बनिगाला में ही कैद कर दिया गया था, जबकि 71 वर्षीय खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है।



भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कनाडा को दी सलाह

## कहा- हिंसा का जश्न मनाना सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड की झांकियों में भारतीय राजनेताओं के बारे में हिंसक चित्रण प्रदर्शित करने पर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। इस पर कनाडा को सलाह देते हुए भारत ने कहा है कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए।



### *राजनयिक प्रतिनिधियों को लेकर चिंतित*

*जायसवाल ने कहा कि हम कनाडा सरकार से आह्वान करते हैं कि वह कनाडा में आपराधिक और अलगाववादी तत्वों को सुरक्षित आश्रय और राजनीतिक स्थान प्रदान करना बंद करे। हम कनाडा में अपने राजनयिक प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वे बिना किसी डर के अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम हों।*

### कनाडा में उभरे तत्व भारत के लिए खतरा

कनाडा में मौजूद भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कहा कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे। वर्मा ने कहा कि कनाडा की धरती पर ऐसे तत्व उभर रहे हैं, जो भारत के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में जब हम एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझेंगे।

## भारत ने करीब दो साल पहले किए वादे को किया पूरा

# आतंकवाद से निपटने यूएन सीसीटीएफ में दिए पांच लाख डॉलर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद से निपटने के लिए 5 लाख डॉलर देने का ऐलान किया था। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में 5 लाख डॉलर का योगदान दिया है। इसके साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हो गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए सीसीटीएफ में 5 लाख डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।



### विदेश मंत्री ने किया था वादा

साल 2022 में अक्तूबर में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 5 लाख डॉलर का योगदान देंगे।

### आतंकवादियों की आवाजाही को रोकने का मकसद

कंबोज ने कहा कि भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम (सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

भारतीयों को रूस-यूक्रेन जंग में भेजने वाले

## 4 आरोपी गिरफ्तार, 180 भारतीयों को वापस लाने की कोशिश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीयों को धोखे से रूस-यूक्रेन जंग में भेजने के मामले में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन लोग भारत के हैं, जबकि एक रूस के रक्षा मंत्रालय में काम करने वाला ट्रांसलेटर है। इन्हें 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है।

### *दुबई से रूस तक फैला नेटवर्क*

*सीबीआई ने बताया कि रूसी ट्रांसलेटर इस नेटवर्क का अहम हिस्सा था। वह भारतीयों को रूसी आर्मी में भर्ती करने का काम करता था। वहीं एंथनी दुबई में फैजल बाबा और रूस में मौजूद अपने दूसरे साथियों के साथ मिलकर भारतीयों के लिए वीजा और प्लेन टिकट करवाने का काम करता था। अरुण और येसूदास लोकल एजेंट्स थे। वे लोगों को रूस में नौकरी और सैलरी का झांसा देते थे। उन्होंने कुछ प्राइवेट वीजा कंसल्टेंसी फर्म और एजेंट्स के खिलाफ मानव तस्करी के मामले में केस दर्ज किया है।*




# डोर्टमंड ने चैंपियंस लीग फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶ पेरिस

मैट्स हुमेल्स के गोल से बोरुसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का एकमात्र गोल हुमेल्स ने 50वें मिनट में दागा। डोर्टमंड ने पहले चरण का मुकाबला भी 1-0 से जीता था और इस तरह 2-0 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबापे का सपना टूट गया जो पीएसजी के साथ अपने अंतिम सत्र में चैंपियंस लीग खिताब जीतने में नाकाम रहे।

# सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल





**मार्सेली।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की गई। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्वलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम ने करतब दिखाई।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1773 चौके

1015 छक्के

## खबर संक्षेप



### मारडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी होगी नीलाम

**पेरिस।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की थी।

### 25 मई को हर साल मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था।




### सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है।



## आईपीएल : 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंची सनराइजर्स

# हैदराबाद ने लखनऊ को 10 विकेट से रौंदा, मुंबई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने 160 से अधिक के लक्ष्य का सबसे तेजी से पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को दस विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 166 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 9.4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। टेविस हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल थे। वहीं अभषेक शर्मा ने 28 गेंद में नाबाद 75 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। इस जीत से सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं लखनऊ 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है। इसके साथ ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ अंक लेकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

■ 100+ रन के चेज में 62 गेंद शेष रहते जीतना सबसे बड़ी जीत

आयुष बडोनी और निकोलस पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिए 99 रन की अटूट साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार विकेट पर 165 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरुआत खराब रही और 11.2 ओवर में चार विकेट 66 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद बडोनी ने 30 गेंद में 55 और पूरन ने 25 गेंद में 48 रन बनाए। पावरप्ले के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था।



### पावरप्ले में हाइएस्ट स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 125/0 | हैदराबाद | दिल्ली | 2024 |
| 107/0 | हैदराबाद | लखनऊ | 2024 |
| 105/0 | कोलकाता | बेंगलोर | 2017 |
| 100/2 | चेन्नई | पंजाब | 2014 |
| 93/1 | पंजाब | कोलकाता | 2024 |

### हेड का अनोखा रिकॉर्ड

ट्रेविस हेड का यह आईपीएल करियर का पांचवां अर्धशतक रहा। उन्होंने इस सीजन तीन ऐसे अर्धशतक लगाए हैं, जो 20 से कम गेंदों पर आए हैं। इसी के साथ उन्होंने जेक फ्रेजर मैकगर्क के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने मैकगर्क के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा तीन-तीन बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बना दिया है।

### पांच बार की चैंपियन बाहर

हैदराबाद की इस जीत का मतलब है कि हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के रेस से बाहर हो गई है। इस सीजन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। उसके 12 मैचों में आठ अंक हैं। टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है। अंक तालिका में फिलहाल कोलकाता और राजस्थान के 16-16 अंक हैं। वहीं, हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक, जबकि चेन्नई-दिल्ली और लखनऊ के 12-12 अंक हैं। चेन्नई ने 11, जबकि दिल्ली-लखनऊ ने 12-12 मैच खेले हैं। मुंबई का नेट रन रेट भी काफी कम है। 12 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं होंगे।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1 | 1 |
| डिकॉक का रेड्डी बो भुवनेश्वर | 02 | 05 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का सनवीर बो भुवनेश्वर | 03 | 05 | 0 | 0 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 24 | 21 | 0 | 2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6 | 1 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 | 30 | 9 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 165/4

गेंदबाजी : भुवनेश्वर4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, अहमद 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8 | 6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8 | 8 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 9.4 ओवर में 167 रन

गेंदबाजी : गौतम 2-0-29-0, ठाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34-0, नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0.

शर्मनाक रिकार्ड

# 12 रन पर मंगोलियन टीम आउट, दूसरा न्यूनतम स्कोर



एजेंसी ▶▶ सानो


एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।

जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी।

जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। जापान ने इस तरह से यह मैच 205 रन से जीता, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था।



# तीन साल में पहली बार घर में खेलेंगे नीरज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।' चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी एजेंसी से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा।

हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

## आयरलैंड की अगुवाई करेंगे पॉल स्टर्लिंग

**डबलिन।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है।



# आज 'जीत का चौका' मारने उतरेगी बेंगलोर, पंजाब के किंग्स देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला



आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

टूर्नामेंट सिर्फ तीन महीने दूर

# ओलंपिक में डेब्यू करने 'एनर्जी सेविंग मोड' में चल रही निकहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन अपने ओलंपिक पदार्पण से महज तीन महीने दूर हैं और इसकी तैयारी के लिए वह अब 'एनर्जी सेविंग मोड' में आ चुकी हैं।

'एनर्जी सेविंग मोड' (ऊर्जा बचाते हुए खुद को तरोताजा रखने के लिए) के अंतर्गत वह सोशल मीडिया से दूर हो चुकी हैं, ज्यादातर अकेला रहना पसंद कर रही हैं, कभी कभी मिठाई खाने से भी परहेज नहीं कर रहीं और नेटफ्लिक्स पर खूब फिल्में और सीरीज देख रही हैं। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की प्रबल दावेदारों में शुमार जरीन का मानना है कि ऐसी गतिविधियां जो भले ही कईयों को आरामदायक लगे, लेकिन उनके लिए यह वास्तव में 26 जुलाई को पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक से पहले खुद को शांतचित्त बनाए रखने का तरीका है। जरीन ने कहा, 'सच कहूं तो मैं अब भी ओलंपियन बनने के अहसास से गुजर रही हूं। जैसे जैसे दिन आगे बढ़ रहे हैं, मेरी घबराहट बढ़ती जा रही है। लेकिन मैं अपना दिमाग अच्छे प्रदर्शन पर ध्यान लगाए रखने पर लगा रही हूं।'

## प्रतिभाशाली सहरावत और अनुभवी दीपक देंगे चुनौती

# ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में कोटा की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

प्रतिभाशाली अमन सहरावत और अनुभवी दीपक पूनिया गुरुवार से यहां शुरू होने वाले अंतिम विश्व कुश्ती क्वालीफायर्स में पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुषों के फ्री स्टाइल वर्ग में कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। पहलवानों के पास पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का यह अंतिम मौका होगा। विश्व अंडर 23 चैंपियन अमन ने विश्व चैंपियनशिप या बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद की थी लेकिन वह इन दोनों अवसरों पर नाकाम रहे।

अमन (57 किग्रा) को बिश्केक में जहां गुलोमजोन अब्दुल्लाव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा वहीं विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक (86 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) दोनों दुबई में फंसने के कारण समय पर बिश्केक नहीं पहुंच पाए थे। इस्तांबुल में अब भारतीय पहलवानों के लिए करो या मरो जैसी स्थिति बन गई है।



### किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक नहीं जीता कोटा

भारत के किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक पेरिस ओलंपिक में जगह नहीं बनाई है और अगर वह यहां भी कोटा हासिल करने में असफल रहते हैं तो यह भारतीय कुश्ती के लिए करारा झटका होगा जो पिछले कुछ समय से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण चर्चा में रही है। विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय पहलवान राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाए जिससे उनकी तैयारियां प्रभावित हुई।





## टीवी मसाला

# अमरजीत ने 5 बार ठुकराया है 'बिग बॉस' का ऑफर



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा में तपिश (टीटू) का किरदार निभाने वाले एक्टर कुंवर अमरजीत सिंह अपने किरदार के चलते घर-घर में मशहूर हो चुके हैं। अनुपमा के बेटे समर की मौत के बाद सीरियल में तपिश की एंट्री हुई थी, जिसमें अनुपमा अपने बेटे की झलक देखती है। अमरजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे वो सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो का इनविटेशन एक-दो बार नहीं, बल्कि कुल 5 बार ठुकरा चुके हैं। इसी इंटरव्यू में उन्होंने इस रियलिटी शो के बारे में अपना नजरिया और शो में बार-बार बुलाने के बावजूद नहीं जाने की वजह भी बताई। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी पब्लिक प्लेटफॉर्म पर अपनी निजी जिंदगी की नुमाइश करना बिल्कुल पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, 'लोग नहीं जानते हैं कि मैं अपने घर में कैसे रहता हूं।' उनका मानना है जिंदगी में थोड़ी प्राइवेसी होनी चाहिए। वो समझते हैं कि यह रियलिटी शो किसी इंसान की कमजोरियों और उनके डरों को सामने ला सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के माहौल में आपके सबसे गहरे सच भी सामने आ सकते हैं। यही वजह थी कि पैसा और शोहरत पाने की इच्छा और जरूरत के बावजूद उन्होंने इस रियलिटी शो में नहीं आने का विकल्प चुना।



## अमिताभ को कहा था 8वां अजूबा...

**नई दिल्ली।** परवीन बाबी और अमिताभ बच्चन ने एक साथ काफी फिल्मों में काम किया है। दोनों की जोड़ी फिल्मी पर्दे पर सुपरहिट थी। हालांकि असल जिंदगी में उनकी दोस्ती कुछ खास नहीं थी। एक इंटरव्यू में तो दिग्गज अभिनेत्री ने बॉलीवुड के महानायक को 'इंडिया के 10 मोस्ट हैंडसम मैन' में नॉमिनेशन मिलने पर दुनिया का 8वां अजूबा तक कह दिया था। परवीन बाबी 70-80 के दशक की वो अभिनेत्री थीं, जिन्होंने अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी खूबसूरती से भी दर्शकों का मन मोह लिया। एक्टिंग के अलावा उनका ग्लैमरस अंदाज भी काफी चर्चा में रहता था।



## 'स्वयंभू' पर पानी की तरह बहा रहे पैसा

**मुंबई।** फिल्म 'स्वयंभू' की टीम मौजूदा समय में एक प्रमुख एक्शन सीक्वेंस का फिल्मांकन कर रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार शामिल हैं। इन दृश्यों में निखिल कुछ हैरतअंगेज स्टंट करते भी नजर आएंगे। जिसे वियतनामी लड़ाकों समेत 700 कलाकारों के साथ 12 दिनों तक शूट किया जाएगा। इस सीक्वेंस की शूटिंग में निर्माता पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। इसे शूट करने में मेकर्स के आठ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन एक्शन दृश्यों में आने वाली लागत की वजह से यह फिल्म चर्चा के केंद्र में आ गई है। इस पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा में संयुक्ता और नाभा नटेश महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## 'खतरों के खिलाड़ी' में दृष्टि धामी बेस्ट फ्रेंड को देंगी टक्कर

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के 'खतरों के खिलाड़ी' के सीजन 14 की शूटिंग इस बार साउथ अफ्रीका में नहीं, बल्कि रोमानिया में होने वाली है। ज्यादातर इस शो की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केपटाउन में की जाती है। लेकिन कंटेस्टेंट के साथ कुछ नए स्टंट परफॉर्म किए जाएं, इसलिए रोहित शेट्टी और उनकी एक्शन टीम ने



इस बार शो की शूटिंग रोमानिया में करने का फैसला लिया है। शो में शामिल होने वाले सभी कंटेस्टेंट्स का चयन लगभग पूरा हो चुका है। इन कंटेस्टेंट की लिस्ट में मेकर्स एक नाम शामिल करना चाहते हैं, और वो है टीवी की 'मधुबाला' दृष्टि धामी का। अगर दृष्टि इस शो में शामिल होती हैं, तो इस शो में हमें दो बेस्ट फ्रेंड आपस में टकराते हुए नजर आएंगे। दरअसल दृष्टि धामी और सनाया ईरानी एक- दूसरे की बहुत अच्छी दोस्त हैं। दृष्टि से पहले ही मेकर्स ने सनाया को रोहित शेट्टी के शो में शामिल होने के लिए मना लिया है। दोनों मुंबई के विलेपार्ले स्थित मीठीबाई कॉलेज में एक साथ पढ़ी हैं। दोनों 25 साल से एक- दूसरे को जानती हैं। सनाया ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी. तो दृष्टि धामी ने मशहूर सीरियल 'दिल मिल गए' के साथ अपना टेलीविज़न डेब्यू किया था।

# 2000 करोड़ कमाने का दम रखती हैं संजय दत्त की आगामी छह फिल्में

**नई दिल्ली।** इस साल संजय दत्त की 6 दमदार फिल्में आने वाली हैं। जिनमें बाप, डबल आईस्मार्ट, वेलकम 3, हाउसफुल 5 और बाप शामिल हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर साउथ इंडस्ट्री तक में संजय दत्त के नाम का परचम लहराया हुआ है। एक के बाद एक सुपरहिट फिल्में देने के बाद संजय दत्त मेकर्स की पहली पसंद बने हुए हैं। फिल्म केजीएफ और जवान में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से संजय ने सभी के दिल को फिर से जीत लिया। हीरो बनकर न सही, लेकिन विलेन बनकर संजय दत्त की फिल्मों ने जमकर कमाई की है। अब दर्शकों की नजरें संजू बाबा की आने वाली फिल्मों पर टिकी हैं। फिलहाल संजय दत्त के पास 6 फिल्में मौजूद हैं। इन फिल्मों की शूटिंग में



व्यस्त हैं संजय दत्त। संजू बाबा की कुछ फिल्में ऐसी भी हैं जो छप्परफाड़ कमाई कर सकती हैं। ये फिल्में 1000 नहीं, बल्कि 2000 हजार तक की कमाई करने का दम रखती हैं।

**बाप :** संजय दत्त, सनी देओल, मिथुल चक्रवर्ती और जैकी श्रॉफ की धांसू फिल्म 'बाप' का ऐलान काफी पहले कर दिया गया था। इस फिल्म को बड़े बजट के साथ बनाया जा रहा है। 90 के दशक के चार सुपरस्टार का एक फिल्म में एक साथ आना बड़ी बात है। सभी को साथ देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। जिसके चलते उम्मीद लगाई जा रही है कि यह फिल्म एक बड़ी हिट साबित हो सकती है।

***डबल आईस्मार्ट :*** *एक्शन थ्रिलर फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' संजय दत्त की आगामी फिल्मों में से एक है। माना जा रहा है कि इस साल जून के महीने में संजू बाबा की यह फिल्म रिलीज हो सकती है। यह एक तेलुगु फिल्म है। इस फिल्म को पुरी जगन्नाध ने डायरेक्ट किया हैं। इस फिल्म में संजय दत्त के अलावा राम पोथिनेनी लीड रोल में नजर आएंगे।*

***वेलकम 3 :*** *'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग लगातार जारी है। फिल्म में संजय दत्त के अलावा अक्षय कुमार, दिशा पटानी, रवीना टंडन के अलावा एक लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट देखने को मिलेगी। फिल्म का टीजर भी सामने आ चुका है, जिसमें एक फ्रेम में कई सारे स्टार्स को देखा गया है। यह पूरी तरह से एक कॉमेडी फिल्म होगी। इस फिल्म के पिछले पार्ट्स सभी हिट रहे हैं।*

***हाउसफुल 5 :*** *हाउसफुल फ्रंचाइजी के पांचवे पार्ट में संजय दत्त की एंट्री हो चुकी है। संजय 'हाउसफुल 5' में भी लोगों को हंसाते नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है, जिसके चलते माना जा रहा है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा-खासा कारोबार कर सकती है। फिल्म में संजय दत्त के अलावा अक्षय कुमार भी लीड रोल में नजर आएंगे।*




हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930